


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, शुक्रवार 21 जून 2024 ■ ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष-15 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-084 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 22 जून 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### जन्मदिन पर राष्ट्रपति को साय ने दी बधाई

**रायपुर,21 जून।** भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज 66वां



जन्मदिन मना रही हैं। जन्मदिन पर राष्ट्रपति को देश-विदेश से बधाई संदेश भेजे जा रहे हैं. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने द्रौपदी मुर्मू के अच्छे स्वास्थ्य और लंबे जीवन की कामना की. उन्होंने राष्ट्रपति को गरिमा और प्रतिबद्धता का प्रकाशस्तंभ बताया. अमित शाह ने भी ट्वीट कर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को जन्मदिन की बधाई दी। विष्णुदेव साय ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को जन्मदिन की बधाई दी।

### बीएसएफ जवान की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

**कांकेर,21 जून।** कांकेर में उस वक्त सनसनी फैल गई जब बीएसएफ जवान मदन कुमार की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई।



यह घटना मारबेड़ा कैंप से केवल 300 मीटर की दूरी पर हुई। जानकारी के अनुसार, मदन कुमार बीएसएफ की 94वीं बटालियन में तैनात थे और उनके शव को पखांजूर लाया गया है। एएसपी प्रशांत शुक्ला ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि नक्सली घटना से इनकार किया गया है और जांच जारी है।



## योग सभी को स्वस्थ जीवन पद्धति से जोड़ता है : सीएम

**रायपुर,21 जून।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में शामिल हुए। यहां उन्होंने हजारों लोगों के साथ सामूहिक योग किया और स्वस्थ जीवन-शैली के लिए नियमित योगाभ्यास करने का संदेश लोगों को दिया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा कि यह देखकर प्रसन्नता होती है कि जिन उद्देश्यों की पूर्ति के लिए पूरी दुनिया में योग दिवस मनाया जाता है, वह उद्देश्य आज सफल हो रहा है। उन्होंने कहा कि योग का प्रचार और प्रसार आज पूरी दुनिया में हो रहा है। भारत में भी इसे लेकर अद्भुत जागरूकता आई है। इस अवसर पर विधायक श्री राजेश मूणत, श्री अनुज शर्मा, गुरू खुशवंत साहेब, मुख्यमंत्री के सचिव श्री पी. दयानंद, महिला एवं बाल विकास विभाग की सचिव श्रीमती शम्मी आबिदी, कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह, एसएसपी श्री संतोष सिंह, योग आयोग के सचिव श्री पंकज वर्मा सहित बड़ी



# योग केवल विद्या नहीं विज्ञान है : नरेंद्र मोदी

**श्रीनगर,21 जून।** यहां 7000 लोगों के साथ प्रधानमंत्री ने योग किया। प्रधानमंत्री को पहले डल झील के किनारे योग करना था, लेकिन बारिश के कारण वेन्यू में बदलाव किया गया है। पीएम मोदी ने शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस सेंटर में योग किया। इससे पहले उन्होंने लोगों को भी संबोधित किया। प्रधानमंत्री मोदी ने 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर कहा कि जम्मू कश्मीर योग-साधना की भूमि है। इससे उत्पादकता और सहनशक्ति बढ़ती है। योग से नए अवसर पैदा हुए हैं। योग केवल विद्या नहीं बल्कि विज्ञान है। योग से एकाग्रता बढ़ती है। योग पर अब रिसर्च हो रही है। योग टूरिज्म का नया ट्रेंड बन गया है। पीएम मोदी ने कहा कि योग केवल एक विद्या नहीं एक विज्ञान है। एकाग्रता मानव मन की सबसे बड़ी ताकत है। इससे सहनशक्ति बढ़ती है और एकाग्रता भी। योग के प्रति लोगों में जो आर्कषण बढ़ा है वो जम्मू-कश्मीर को एक ताकत देगा।



### योग अब वैश्विक संस्कृति का हिस्सा : राज्यपाल

राज्यपाल ने कहा कि योग एक प्राचीन भारतीय परंपरा है जो अब वैश्विक संस्कृति का हिस्सा बन गई है। योग के माध्यम से देश-विदेश के योगी एक-दूसरे से जुड़ रहे हैं और सांस्कृतिक एकता को बढ़ावा दे

## नीट काउंसिलिंग पर सुप्रीम कोर्ट का रोक से इंकार

**नई दिल्ली,21जून।** सुप्रीम कोर्ट ने फिर से नीट -यूजी-2024 काउंसलिंग की प्रक्रिया पर रोक लगाने से इनकार कर दिया और नेशनल टेस्टिंग एजेंसी को नोटिस जारी किया। सुप्रीम कोर्ट ने नई याचिकाओं को लंबित याचिकाओं के साथ टैग किया और उन्हें 8 जुलाई को सुनवाई के लिए पोस्ट किया। गुरुवार को, शीर्ष अदालत ने राष्ट्रीय पात्रता प्रवेश परीक्षा-अंडरग्रेजुएट (एनईईटी-यूजी) 2024 के आयोजन को चुनौती देने वाली और पेपर लीक और ग्रेस मार्क्स देने से जुड़ी कथित कदाचार की स्वतंत्र जांच की मांग करने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करने वाली तीन उच्च न्यायालयों की कार्यवाही पर रोक लगा दी।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और एसवीएन भट्टी की अवकाश पीठ ने एनईईटी-यूजी आयोजित करने वाली संस्था राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा दायर चार स्थानांतरण याचिकाओं और इसी तरह की शिकायतें उठाने वाली 11 अन्य याचिकाओं पर नोटिस जारी किया। इस मामले को 8 जुलाई को सुनवाई के लिए आने वाले इसी मुद्दे पर लंबित मामलों के एक बैच के साथ पोस्ट किया गया था। पिछले हफ्ते कोर्ट ने यह कहते हुए काउंसलिंग पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था कि छोटी सी लापरवाही से भी पूरी तरह से निपटने की जरूरत है। अदालत ने कहा था, अगर किसी की ओर से 0.001% लापरवाही है तो इससे पूरी तरह निपटा जाना चाहिए। मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट के दौरान अनियमितताओं के आरोपों के बीच केंद्र ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के कामकाज की समीक्षा के लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने एक ब्रीफिंग में कहा था, हम शून्य-त्रुटि परीक्षा आयोजित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, और एनटीए कामकाज में सुधार के लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया जा रहा है।÷ उन्होंने कहा कि मैं सभी को आश्वस्त करना चाहता हूं कि सरकार छात्रों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। हम पारदर्शिता से कोई समझौता नहीं करेंगे।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि नीट परीक्षा के संदर्भ में हम बिहार सरकार के संपर्क में हैं।

## सिकंदर के लिए कमरा बुक करने के मामले में 2 इंजीनियर समेत 3 सस्पेंड

**पटना,21 जून।** नीट मामले में बिहार सरकार का एक्शन शुरू हो गया है। मामले में पथ निर्माण विभाग ने तीन कर्मियों पर कार्रवाई की है। मामले में आरोपी सिकंदर प्रसाद यादवेंदु के लिए कमरा बुक करने वाले दो अभियंता और एक क्लर्क को सस्पेंड किया है। सुपरिंटेंडेंट इंजीनियर उमेश राय, असिस्टेंट इंजीनियर धर्मेन्द्र कुमार धर्मकांत और कार्यालय कर्मी प्रदीप को सस्पेंड किया गया है। बता दें कि सिकंदर प्रसाद यादवेंदु पटना के दानापुर नगर परिषद में जूनियर इंजीनियर है। उसने अपने भतीजे और नीट अभ्यर्थी अनुराग यादव के नाम से गेस्ट हाउस का रूम बुक करवाया था। पुलिस अनुराग और सिकंदर दोनों को गिरफ्तार कर चुकी है। सिकंदर ने ही गेस्ट हाउस में परीक्षार्थियों को रखवाने और गैंग की मदद से पेपर रटवाने का प्लान बनाया था। अनुराग ने भी पुलिस को दिए बयान में कहा कि सिकंदर उसके फूफा हैं। वो ही गेस्ट हाउस लेकर पहुंचे थे और वहां रात भर पेपर रटवाया था। तीनों कर्मियों पर आरोप है कि इनलोगों ने तथ्य को छिपाया। साथ हीं गैर जिम्मेदाराना रवैया अपनाकर विभाग को अंधेरे में रखा। यह कार्रवाई उपमुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री विजय कुमार सिन्हा के आदेश पर की गई है।

## बृजमोहन का इस्तीफा मंजूर, विभाग सीएम के पास

**रायपुर, 21 जून।** उपमुख्यमंत्री अरुण साव के बयान के बाद आज मंत्री बृजमोहन अग्रवाल का इस्तीफा मंजूर कर लिया है। साव ने आज कहा था कि बृजमोहन का इस्तीफा अभी मंजूर नहीं हुआ है। इस पर मुख्यमंत्री विचार करेंगे। बृजमोहन का विभाग फिलहाल किसी और को आबंटित नहीं किया गया। उनका विभाग फिलहाल मुख्यमंत्री के पास रहेगा। नियम अनुसार जो विभाग किसी मंत्री को आबंटित नहीं किए जाते उनका प्रभार मुख्यमंत्री के पास रहता है। सीएम सचिवालय के अधिकृत सूत्रों ने स्पष्ट कर दिया है कि सीएम ने अग्रवाल की मंजूरी की अनुशंसा कर राजभवन को भेज दिया था। राज्यपाल ने गुरूवार को मंजूर भी कर लिया। इसकी अधिसूचना भी जारी हो चुकी है। उल्लेखनीय है कि बृजमोहन अग्रवाल ने मंत्री पद से इस्तीफे के बाद सरकारी सुविधाएं लौटा दी है। वो शनिवार को दिल्ली जा रहे हैं। जहां 24 जून को लोकसभा की सदस्यता ग्रहण करेंगे। बृजमोहन रायपुर लोकसभा सीट से करीब पौने 6 लाख वोटों से जीते हैं।



## स्मृति ईरानी समेत पूर्व मंत्रियों को सरकारी बंगला खाली करने का निर्देश

**नई दिल्ली,21 जून।** लोकसभा चुनाव हारने वाले पूर्व सांसदों को लुटियंस बंगला जोन से अपना सरकारी घर खाली करना होगा. 17वीं लोकसभा के जो सांसद 18वीं लोकसभा का चुनाव नहीं जीत सके हैं, ऐसे पूर्व सांसदों को लोकसभा की हाउस समिति ने नोटिस जारी किया है. सरकारी घर एक महीने में खाली करना होगा. जानकारी के मुताबिक पूर्व सांसदों को 5 जुलाई और पूर्व मंत्रियों को 11 जुलाई तक सरकारी बंगला खाली करने का नोटिस जारी किया गया है. हारे हुए मंत्रियों में स्मृति ईरानी, अर्जुन मुण्डा, महेंद्रनाथ पांडेय, आरके सिंह, संजीव बालियान, राजीव चंद्रशेखर, साध्वी निरंजन ज्योति , अजय मिश्रा टेनी, वी मुरलीधरन, कैलाश चौधरी, निशित



प्रामाणिक, सुभाष सरकार, , रावसाहेब दानवे, कौशल किशोर,भानुप्रताप वर्मा, कपिल पाटिल, भगवंत खुबा, भारती पवार आदि का नाम शामिल है. मीनाक्षी लेखी जैसे नेता भी हैं जिनको टिकट नहीं मिला है. केंद्रीय मंत्रियों और सांसदों को लुटियंस दिल्ली में बंगले आवंटित किए जाते हैं. मंत्रियों और सांसदों को आवास उनकी सदन की सदस्यता के आधार पर मिलते हैं. हारे हुए सांसदों की सदस्यता खत्म होने के बाद एक महीने के अंदर उन्हें सरकारी बंगला खाली करना होता है. बाकायदा इसके लिए नोटिस जारी किया जाता है. नोटिस मिलने के बाद 30 दिन के अंदर आवास खाली करना होता है. पब्लिक प्रिमाइसेस एविक्शन ऑफ अनऑथोराइज्ड ऑक्यूपेंट्स एक्ट के तहत सरकारी बंगलों को खाली कराया जाता है. किसी तरह का विवाद होने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया जाता है. बंगला खाली करने के लिए विशेष परिस्थितियों में बल का प्रयोग भी किया जा सकता है.

## भारत ने चीन के सीधी हवाई यात्रा के प्रस्ताव को ठुकराया

**नई दिल्ली/दुबई,21 जून।** भारत ने 4 साल बाद यात्री उड़ानें फिर से शुरू करने के चीन के प्रस्ताव को ठुकरा दिया है. भारत का मानना है कि जब तक चीन से सीमा विवाद न सुलझ जाए तब तक इस तरह के प्रयास करने का कोई फायदा नहीं है.

जून 2020 में विवादित हिमालयी सीमा पर दशकों में सबसे बड़े सैन्य टकराव के बाद से भारत-चीन संबंध तनावपूर्ण हैं, जिसमें 20 भारतीय और कम से कम चार चीनी सैनिक मारे गए थे. दोनों पक्षों की ओर से हज़ारों सैनिक अभी भी तैनात हैं. टकराव के बाद से भारत ने चीनी कंपनियों के लिए निवेश करना मुश्किल बना दिया है. सैकड़ों लोकप्रिय ऐप पर प्रतिबंध लगा दिया है, और यात्री हवाई सेवाओं को बंद कर दिया है, हालाँकि एशियाई दिग्गजों के बीच सीधी कार्गो उड़ानें अभी भी संचालित होती हैं.पिछले एक साल में कई बार चीन की सरकार और एयरलाइंस ने भारत के नागरिक उड्डयन अधिकारियों से सीधे हवाई संपर्क फिर से स्थापित करने के लिए कहा है, इस मामले की प्रत्यक्ष जानकारी रखने वाले दो लोगों ने रॉयटर्स को बताया, जिनमें से एक ने कहा कि चीन इसे बड़ा मुद्दा मानता है.

## केजरीवाल की जमानत पर रोक


**नई दिल्ली,21 जून।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत वाली खुशी पर फिलहाल ब्रेक लग गई है। दिल्ली हाई कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की याचिका स्वीकार करते केजरीवाल की रिहाई पर तब तक रोक लगा दी है जब तक सुनवाई पूरी नहीं हो जाती। गुरुवार शाम राउज एवेन्यू स्थित विशेष अदालत की अवकाशकालीन बेंच ने केजरीवाल को जमानत दी थी। जस्टिस सुधीर कुमार जैन और रविंदर डुडेजा की हाई कोर्ट की अवकाशकालीन पीठ मामले की सुनवाई कर रही है। कोर्ट ने ईडी की प्राथमिक दलीलें सुनने के बाद मामले पर तुरंत सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने को कहा। कोर्ट ने निचली अदालत से आदेश की कॉपी और फाइल भी मंगवाई। साथ ही सुनवाई पूरी होने तक बेल ऑर्डर पर अमल रोक दी। कोर्ट में दोपहर एक बजे सुनवाई शुरू होने के बाद अरविंद केजरीवाल के वकील विक्रम चौधरी ने जज न्याय बिंदु के फैसले को लेकर ईडी की टिप्पणी पर आपत्ति जाहिर की। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल को कुछ समय के लिए बेल दी थी। आदेश का ट्रायल कोर्ट जज ने जिक्र किया है।... इस मामले को आवकाशकालीन बेंच के सामने उठाने की बेचैनी क्यों थी। चौधरी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह दोषी करार नहीं दिए गए हैं। उनकी कोई आपराधिक पृष्ठभूमि नहीं है और मामला लंबे समय से लंबित है... स्टे का कोई सवाल नहीं है।

## मानसून का संदेश लेकर साइबेरिया से छग पहुंचे प्रवासी पक्षी

**राजिम,21 जून।** छत्तीसगढ़ के प्रयाग के रूप में प्रसिद्ध राजिम के लचकेरा गांव में प्रवासी पक्षी एशियन ओपन बिल स्टार्क खुशहाली का संदेश लेकर पहुंचने लगे हैं। ग्रामीण उन्हें मानसून व खुशियों का संदेश लेकर आने वाले देवदूत मानते हैं। गांव के पेड़ों में हजारों पक्षी अपना घर बनाने भी शुरू कर दिए है। प्रवासी पक्षी एशियन ओपन बिल स्टार्क के करलव से पूरा गांव का माहौल खुशनुमा हो गया है। ग्रामीण इन पक्षियों को अपने बीच पाकर बेहद खुश नजर आ रहे है। इसे कृषि कार्यों को लेकर शुभ भी मानते है। यही वजह है कि ग्रामीण इसके शिकार या नुकसान पर पहुंचाने पर दंड का प्रावधान किया है। इतना ही नहीं इन्हें रेडिएशन का असर न हो, इसलिए गांव में अब तक मोबाइल टॉवर लगाने की भी अनुमति नहीं दी गई है। ग्रामीणों के अनुसार इनका आना अच्छे मानसून के करीब होने का संकेत है,



इसीलिए वे इसे शुभ मानते है। एक लंबे अरसे से ये प्रवासी पक्षी हजारों की तादात में हर साल जून-जुलाई में परिवार बढ़ाने यहां पहुंचते हैं। एशियन बिल्डस्टॉर्क पक्षी का वैज्ञानिक नाम एनास्टम्स ओसीटेन्स है। प्रायः अन्य पक्षियों की तरह इस पक्षी का प्रजनन काल भी जुलाई में शुरू होता है। प्रजनन के लिए यह पक्षी प्रायः उन स्थानों की तलाश करते है, जहां पानी व पर्याप्त चारा मिलता है। पक्षियों के मल में फास्फोरस, नाइट्रोजन, यूरिक एसिड आदि कार्बनिक तत्व होते हैं। जिन पेड़ों पर यह आवास बनाते हैं, उसके नीचे जमा मलमूत्र पानी के साथ बहकर खेतों की उर्वरकता को कई गुना बढ़ा देता है। यही कारण है, कि लचकेरा गाँव मे भी किसानों के खेतों में भी अच्छा फसल और पैदावार होता है। क्योंकि सैकड़ों सालों से ये पक्षी यहां पहुँच रहे है। इसलिए ग्रामीण भी इसे मित्र पक्षी कहते है। लचकेरा के ग्रामीण इसके संरक्षण पर भी विशेष जोर दे रहे हैं। पक्षियों को मारने पर 1051 का जुर्माने का भी प्रावधान किया हुआ है। चूंकि लचकेरा के ग्रामीण इसे अच्छी बारिश का सूचक मानते हैं अतः इसकी पूरी सुरक्षा भी करते हैं। गांव के लोग बाकायदा सुरक्षा समिति गठित कर इन पक्षियों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करते हैं।

# उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा को सर्वे पर आधारित फोटो फ्रेम और पक्षियों की बुकलेट भेंट की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,21 जून।** उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के दिशा-निर्देश पर भोरमदेव अभ्यारण्य कवर्धा में 2024 का बर्ड सर्वे इस वर्ष 8 जून 2024 से 10 जून 2024 तक किया गया गया। आज जिला स्तरीय विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान कलेक्टर जन्मेंजय महोबे एवं वन मण्डलाधिकारी शशि कुमार द्वारा उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा को सर्वे पर आधारित फोटो फ्रेम एवं पक्षियों के बुकलेट सौजन्य भेंट किया गया। समीक्षा बैठक में बताया गया वन मण्डलाधिकारी शशि कुमार ने बताया कि 8 जून को भोरमदेव अभ्यारण के उद्घाटन समारोह में लगभग 90 प्रतिभागी जो की छत्तीसगढ़ मध्य प्रदेश महाराष्ट्र आंध्र प्रदेश आदि राज्यों से सम्मलित हुए। उद्घाटन समारोह में मुख्य वन संरक्षक वन्य प्राणी विश्वेश कुमार, वन मंडल अधिकारी शशि कुमार प्रशिक्षु भारतीय वन सेवा के अधिकारी अभिषेक अग्रवाल, अधीक्षक, भोरमदेव अभ्यारण्य, उपवन मंडल अधिकारी कवर्धा, परिक्षेत्र अधिकारी भोरमदेव, परिक्षेत्र अधिकारी चिल्फी एवं समस्त वन कर्मचारी भोरमदेव अभ्यारण्य कवर्धा उपस्थित रहे। द्वितीय दिवस प्रतिभागियों को रजिस्ट्रेशन एवं किट वितरण एवं आवश्यक ब्रीफिंग उपरांत बर्ड सर्वे के लिए बनाए गए लगभग 30 भिन्न-भिन्न स्थलों में भेजा गया। बर्ड गाइड के लिए गिधवा परसदा एवं जंगल सफारी में कार्यरत पक्षी विशेषज्ञों को बुलाया गया था जिन्हें प्रत्येक ग्रुप में एक या दो की संख्या में शामिल किया गया था। बर्ड सर्वे का आयोजन इसलिए किया गया था कि हमें ज्ञात हो सके की संपूर्ण अभ्यारण क्षेत्र में वर्तमान में कितनी प्रजातियां की पक्षियों निवासरत हैं। इसके लिए उपस्थित हुए प्रतिभागियों को कल 15 ग्रुपों में विभाजित किया गया था साथ ही पूरे अभयारण्य में 30 गस्ती मार्गों का चयन किया गया था। 15 मार्गो में सुबह एवं 15 मार्गो में शाम को बर्ड सर्वे का कार्य किया गया। सर्वे की रिकॉर्डिंग इलेक्ट्रॉनिक और तैयार किए गए चेकलिस्ट में भी की गई। चेकलिस्ट में अभयारण्य में पूर्व से ज्ञात 195 पक्षी प्रजातियों की सूची दी गई थी जैसे-जैसे पक्षी प्रेमियों द्वारा नई स्पीशीज देखी जाती गई वैसे-वैसे उनके द्वारा चेक लिस्ट में टीक किया गया साथ ही यदि कोई प्रजाति चेक लिस्ट में नहीं थी तो उसका नाम लिस्ट के अंत में जोड़ा गया। जैव विविधता और पक्षी प्राणी प्रेमियों को प्रकृति की गोद में अभयारण्य क्षेत्र में बने वनरक्षक आवास या पेट्रोलिंग कैंपों में ही रोका गया जिससे कि उन्हें वन कर्मियों के जीवन से जुड़े विषय में भी अनुभव प्राप्त हो सके। अंतिम दिवस समापन समारोह में पक्षी प्रेमियों से अनुभव साझा करने के लिए भी कहा गया जिसमें सभी पशु प्रेमी संतुष्ट नजर आए और उनके द्वारा अभयारण्य द्वारा आयोजित की गई। बर्ड सर्वे कार्यक्रम की सराहना की गई और भविष्य में भी ऐसे आयोजन करते रहने के लिए निवेदन किया गया। बर्ड सर्वे के दौरान संकलित किए गए डाटा का विस्तृत अध्ययन अभी नहीं किया गया है लेकिन फौरी तौर पर देखा गया है कि लगभग 143 विभिन्न पक्षी की प्रजातियां की रिपोर्टिंग प्रतिभागियों द्वारा की गई है।वर्तमान में यह संख्या कम प्रतीत हो रही है क्योंकि जूलॉजिकल सर्वे आफ इंडिया के द्वारा अभ्यारण में 195 प्रजातियों की रिपोर्टिंग की गई थी। ऐसा इसलिए प्रतीत हो रहा है क्योंकि यह सर्वे ग्रीष्म ऋतु में आयोजित किया गया है और ग्रीष्म ऋतु में माइग्रेटरी बर्ड्स नहीं देखे जा सकते यह 143 प्रजातियां अभयारण्य की स्थाई प्रजातियां हैं। माइग्रेटरी बर्ड्स जो अभ्यारण में आते हैं उनके अध्ययन के लिए भी भविष्य में शीत ऋतु में पुनः बर्ड सर्वे का आयोजन किया जाए तो बेहतर होगा जिससे यह आंकड़ा 250 के आसपास पहुंचने की संभावना है।

## एक नजर

### थाने में साइबर प्रहरी ग्रुप का निर्माण

**भिलाई, 21 जून।** भिलाई आम लोगों को साइबर क्राइम से बचाने व सावधान करने के लिए थाना स्तर पर साइबर प्रहरी ग्रुप का निर्माण किया गया इन ग्रुपों में पुलिस के साथ ही वार्ड और थाना क्षेत्र के लोगों को जोड़ा गया हैग्रुप में साइबर ठगी के तरीके और उससे बचाव की जानकारी साझा की जाती है साथ ही यदि कहीं कोई घटना हो या अज्ञात व्यक्ति का शव मिले तो उसे भी इस ग्रुप में साझा किया जाता है इससे पुलिस को संदिग्ध लोगों की पतासाजी और बेशिनाख्त शवों की पहचान करने में मदद मिल रही है। कुल मिलाकर ये माना जा रहा है कि साइबर प्रहरी ग्रुप से पुलिस का सूचना तंत्र मजबूत हो रहा है थानों का साइबर प्रहरी ग्रुप बीट के आधार पर बनाया गया है थाने के मोहल्लों और कालोनियों को बीट के रूप में निर्धारित कर उसका प्रभारी बनाया गया और उसके प्रभारी को साइबर प्रहरी ग्रुप बनाकर लोगों को उसमें जोड़ने की जिम्मेदारी दी गई है। इससे पुलिस की आम लोगों के बीच पैठ पहले से ज्यादा गहरी हुई है। पुलिस द्वारा इस ग्रुप में लगभग रोज साइबर ठगी के तरीके और उससे सावधान रहने से संबंधित जानकारी साझा की जाती है साथ ही यदि कहीं लाश मिले, जिसकी पहचान न हुई हो, उसकी जानकारी भी इन ग्रुप के माध्यम से साझा की जा रही है। इससे पुलिस को बेशिनाख्त लोगों की पहचान में काफी मदद मिल रही है रविवार को शिवनाथ नदी में एक व्यक्ति की लाश मिली पुलिस ने उसकी पतासाजी के लिए साइबर प्रहरी ग्रुप में फोटो व जानकारी प्रसारित की कुछ ही देर में उसकी पहचान निगम के सफाई कमी बीरबल के रूप में हो गई। इसी तरह से पुलिस को और भी मामलों में सफलताएं मिली हैं साइबर प्रहरी ग्रुप से पुलिस का सूचना तंत्र काफी मजबूत हुआ है सभी ग्रुप में काफी लोगों को जोड़ा गया है, जो अभी सीधे तौर पर पुलिस के संपर्क में हैं। ग्रुप में शामिल लोगों को यदि कहीं संदिग्ध गतिविधि नजर आती है या कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखता है तो वे पुलिस से इसकी जानकारी साझा करते हैं मोहन नगर थाना क्षेत्र में चोरी करने वाला एक बदमाश भी इसी तरह से पकड़ा गया था वह महाराष्ट्र का रहने वाला था और लोगों ने उसकी संदिग्ध गतिविधि को देखकर पुलिस को जानकारी दी थी, जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया था।

### बदमाश व स्वजनों ने किया हमला

**भिलाई ,21 जून।** भिलाई -3 थाना क्षेत्र के एक पुराने गुंडा बदमाश ने अपने पिता और भतीजे के साथ मिलकर एक युवक को डंडे से मार मारकर अधमरा कर दिया आरोपितों ने पुराने विवाद के चलते युवक पर जानलेवा हमला किया घटना की शिकायत पर भिलाई - 3 पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ हत्या का प्रयास की धारा के तहत प्राथमिकी कर उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा है भिलाई - 3 पुलिस ने बताया कि उत्कल चौक डाक बंगला पुरैना निवासी शिकायतकर्ता अरुण दुर्गा ने क्षेत्र के गुंडा बदमाश मनोज तांडी उसके पिता धनीराम तांडी और भतीजे दीपक तांडी के खिलाफ प्राथमिकी कराई है बुधवार की रात को शिकायतकर्ता अपने परिवार वालों के साथ अपने घर के बाहर बैठा हुआ था इसी दौरान उसके घर के सामने रहने वाला गुंडा बदमाश मनोज तांडी वहां पर पहुंचा और पुराने विवाद को लेकर शिकायतकर्ता के भाई भोला दुर्गा से गाली गलौज शुरू कर दिया भोला दुर्गा ने गाली देने से मना किया तो आरोपित व उसके पिता और भतीजे ने भी गाली देना शुरू कर दिया इसके बाद तीनों आरोपित अपने घर से डंडा लेकर आए और भोला दुर्गा को बेदम पीटा परिवार वालों ने बीच बचाव किया तब आरोपितों ने उसे छोड़ा इसके बाद शिकायतकर्ता व उसके परिवार वालों ने पीड़ित को अस्पताल में भर्ती कराया और भिलाई - 3 थाना में घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई।

### शेयर के नाम पर लाखों की ठगी

**भिलाई , 21 जून।** भिलाई आनलाइन ठगी करने वाले शातिरों ने शेयर मार्केट में रुपये निवेश करने पर 30 प्रतिशत तक लाभ दिलवाने का झांसा देकर 20 लाख 85 हजार रुपये की ठगी की है घटना की शिकायत पर दुर्ग सिटी कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपितों के खिलाफ एफआइआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है दुर्ग सिटी कोतवाली पुलिस ने बताया कि गंजपारा दुर्ग निवासी शिकायतकर्ता कमलेश यादव की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है चार मई 2024 को शिकायतकर्ता के मोबाइल पर एक मैसेज आया था जिसमें एक ग्रुप का लिंक भेजकर उस ग्रुप से जुड़ने के लिए कहा गया था उस ग्रुप में जुड़ने पर उसे बताया गया कि शेयर मार्केट में निवेश कर 30 प्रतिशत तक का लाभ कमाया जा सकता है इस पर शिकायतकर्ता ने 10 हजार रुपये से ट्रेडिंग शुरू करने की बात कही इसके बाद खुद को आदित्य सक्सेना बताने वाले व्यक्ति ने पीड़ित से संपर्क किया और उसे एक खाता नंबर दिया जिस पर पीड़ित ने 10 हजार रुपये जमा किए। इसके बाद आरोपितों ने अलग-अलग कंपनियों के शेयर खरीदने के नाम पर पीड़ित से कुल 20 लाख 85 हजार रुपये ठग लिए, लेकिन, एक बार भी उसे लाभांश नहीं दिया, जिसके बाद पीड़ित ने दुर्ग कोतवाली थाना में घटना की रिपोर्ट की। अज्ञात आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी कर मामले की जांच शुरू की गई है घटना की शिकायत पर दुर्ग कोतवाली पुलिस ने जांच शुरू कर दी है अलग-अलग कंपनियों के शेयर खरीदने के नाम पर मांगे रुपये।

### युवक पर चाकू से हमला

**भिलाई, 21 जून।** भिलाई सुपेला थाना क्षेत्र राजा कांप्लेक्स के पास लक्ष्मी मार्केट सुपेला निवासी एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला करने वाले आरोपित को सुपेला पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है आरोपित के खिलाफ हत्या का प्रयास की धारा के तहत कार्रवाई कर न्यायालय पेश किया गया जहां से आरोपित को रिमांड पर जेल भेज दिया गया है सुपेला टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि लक्ष्मी नगर सुपेला निवासी शिकायतकर्ता जितेंद्र गिरी पर बुधवार की रात को आरोपित सुनील चौधरी ने चाकू से जानलेवा हमला किया था पीड़ित रात में चाय ठेला पर बैठा हुआ था। इसी दौरान आरोपित वहां पर चाकू लेकर पहुंचा पहुंचा और अपने छोटे भाई के साथ हुए विवाद की बात को लेकर उससे गाली गलौज शुरू कर दिया इसके बाद आरोपित ने अपने पास से चाकू निकालकर उस पर जानलेवा हमला कर दिया था। पीड़ित ने सुपेला थाना में घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।



# मिलन चौक में फायरिंग, नाबालिग बाल-बाल बचा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई,21 जून।** भिलाई छावनी थाना क्षेत्र में केम्प 2 के मिलन चौक पर आज रिवाल्वर से हुई फायरिंग में जेल से छूटा नाबालिग आरोपी बाल-बाल बच गया। हालांकि पुलिस के आला अधिकारी फायरिंग होने से इंकार कर रहे हैं लेकिन नकाबपोश आरोपी ने जिस नाबालिग को रिवाल्वर तानकर निशाने पर लिया था, उसके मामा ने फायरिंग की आवाज सुनने का दावा किया है। घटना के बाद इस ताजा मामले का तार इसी साल जनवरी में हुई शिवम साव हत्याकांड से जुड़े होने की चर्चा चल पड़ी है। मामले में पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में लेकर रिवाल्वर व तलवार जप्त कर लिया है नकाबपोश शख्स द्वारा जिस नाबालिग को टार्गेट बनाकर रिवाल्वर से फायरिंग किए जाने का दावा किया जा रहा है वह बीते 21 जनवरी 2024 को हुई शिवम साव हत्याकांड का एक आरोपी है। इस नाबालिग आरोपी को आज पेशी में न्यायालय जाना था। इसके लिए अपने दोस्त करण के साथ कुछ पैसे लेने अपने मामा साबिर खान के घर जा रहा था। तभी पीछे से चार नकाबपोश उन पर हमला करने दौड़ पड़े। भनक लगते ही नाबालिग और उसका दोस्त दौड़ते हुए भागने लगे। इसी दौरान एक नकाबपोश ने रिवाल्वर से फायरिंग कर दिया। गोली किसी को भी नहीं लगी और निशाने में लिए दोनों युवक बचकर भाग निकलने में कामयाब हो गए सूचना पर छावनी सीएसपी हरीश पाटिल व थाना प्रभारी चेतन चन्द्राकर दल बल के साथ मौके पर पहुंचे। सीसीटीवी कैमरे के फुटेज देखकर छावनी सीएसपी हरीश पाटिल ने बताया कि एक नकाबपोश रिवाल्वर ताने नाबालिग को दौड़ा रहा है। फुटेज में गोली चलने का सबूत नजर नहीं आ रहा है। जांच के बाद वास्तविकता सामने आ जाएगी। इधर शिवम साव हत्याकांड के जेल से छूटे नाबालिग आरोपी के मामा साबिर खान ने बताया कि चार नकाबपोश युवकों ने उनके भांजे और उसके दोस्त करण को दौड़ाया। इस दौरान एक नकाबपोश ने रिवाल्वर से फायरिंग किया और बाकी तीन तलवार व चाकू लेकर दौड़ रहे थे गौरतलब रहे कि बीते 21 जनवरी की रात को शारदा पारा इलाके में टेंट हाउस की गाड़ी बैक करते समय ठोकर लगने से उपजे विवाद पर 12 वीं के छात्र शिवम साव की चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में मिलन चौक निवासी चंद्रेश प्रधान, सुमित चौहान, अनिकेत चौहान व राहुल प्रजापति सहित एक नाबालिग की गिरफ्तारी हुई थी। हाल ही में नाबालिग आरोपी जेल से छूटकर आया है आज उस पर हमला हुआ। इस हमले को शिवम साव हत्याकांड से जोड़कर देखा जा रहा है। फिलहाल छावनी थाना पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है

# सहसपुर लोहारा में सुबह मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



**कवर्धा, 21 जून।** सामुदायिक भवन साहपुर लोहारा में सीईओ आर एस नायक , सहायक अभियंता प्रेम ठाकरे सहित अधिकारी कर्मचारी और ग्रामीण , नगर वासी सहित बच्चो ने अंतराष्ट्रीय योग दिवस के दिन सुबह सुबह योग करके अंतराष्ट्रीय योग दिवस मनाया । सीईओ आर एस नायक और सहायक अभियंता प्रेम ठाकरे ने अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर विचार व्यक्त करते हुए बताया की प्रतिदिन दिन परिवार के सभी सदस्यों को योग करना चाहिए क्योंकि योग करने से शरीर स्वस्थ रहता है ।

# शिव मंदिर प्रगति नगर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



**कवर्धा, 21 जून।** आज अंतराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में प्रगति नगर सार्वजनिक शिव मंदिर परिसर में मातृ योगाभ्यास केंद्र के तत्वधान में सभी योगार्थियों द्वारा योग प्रशिक्षक प्राची भट्टाचार्य, पार्षद धर्मेन्द्र भगत, श्रीमती सरिता परगनिहा एवं सभी मंदिर समिति के मार्ग दर्शन से योग दिवस समारोह को सम्पन्न किया गया।

# चाकूबाजी, पांच गिरफ्तार

**भिलाई, 21 जून।** भिलाई स्मृतिनगर चौकी क्षेत्र प्रथम बटालियन कातुलबोर्ड पेट्रोल पंप में चाकूबाजी करने वाले पांच आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों तक पुलिस पहुंची पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से से 2 नग बटनदार चाकू बरामद किया है. स्मृतिनगर चौकी प्रभारी पुषोत्तम कुर्रे ने बताया कि 16 जून को तोष करायत (25 वर्ष ) प्रथम बटालियन एसएएफ लाइन कातुलबोर्ड ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि शाम 6¬45 बजे प्रथम बटालियन पेट्रोल पंप परिसर कातुलबोर्ड में ऑटो चालक एवं आरोपियों के बीच वाद विवाद होने लगा। प्रार्थी एवं पंप में काम करने वाले राम चरण यादव, परमेश्वर, प्रमोद दुबे, रविशंकर सेन एवं अन्य लोग बीच-बचाव करने गये। इस पर आरोपियों ने गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी देकर प्रार्थी एवं पेट्रोलपंप के कर्मचारियों से मारपीट करते हुए पेट्रोल पंप के कर्मचारी रविशंकर सेन के सीने एवं शरीर में बटनदार स्टील के चाकू से हत्या करने के नीयत से वार कर दिए, इससे रविशंकर सेन को गंभीर चोट आने से हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया रिपोर्ट पर अपराध दर्ज कर धारा सदर पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया सीसीटीवी फुटेज के आधार पर राहुल उर्फ रहुलिया सिंह (23 वर्ष ) निवासी संजय नगर आर्दश पारा व करण चंद्राकर (19 वर्ष ) निवासी लोहार पारा शास्त्री मार्केट के पास कृष्णा नगर व तीन नाबालिग को गिरफ्तार किया गया ।



# शिव महापुराण कराने में सहयोग देने वाले अधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का सम्मान



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पाटन,21 जून।** अमलेश्वर में कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा सीहोर वाले की आयोजित शिव महापुराण में प्रमुख रूप से योगदान देने वाले प्रशासनिक अधिकारियों और कार्यकर्ताओं को सम्मान का दौर जारी है। आयोजक व यजमान दुर्ग जिला पंचायत सभापति मोनू साहू ने ऐसे अधिकारियों, समाजसेवी संगठन, महिला संगठन, धार्मिक संगठन और स्वयंसेवी कार्यकर्ताओं का सम्मान किया। समापन के बाद कथा स्थल में कचरे का अंबार मिला। लाखों शिव भक्तों के जाने के बाद कथा स्थल को फिर से पहले जैसा करना बेहद चुनौतीपूर्ण कार्य था। इस कार्य को खुद आयोजक मोनू साहू ने अंजाम देने मैदान में उतरे। उनके सहयोगी के रूप में सोनू साहू, धर्मेंद साहू, राजा चंद्राकर, दीपक धीवर, थानेश्वर धीवर, जय साहू मनोहर साहू शिव साहू, भवानी साहू मुकेश सोनकर, डीकू सोनकर, दीपक वर्मा व ग्रामीणों ने आदि ने सराहनीय भूमिका निभाई। शिव महापुराण की सफलता उन मैदानी और कर्मठ कार्यकर्ताओं को भी है जिन्होंने पूर्ण समर्पण के साथ इस आयोजन में उल्लेखनीय भूमिका निभाई। आयोजक मोनू साहू ने सहपाठी मित्र प्रशांत ठाकुर, जय साहू, दीपक वर्मा, दीपक धीवर, सहित महिला और पुरुष कार्यकर्ताओं का सम्मान किया। पूरे दो महीने की तैयारी में सेवाएं देना शुरू किया था। अफसरों को प्रतीकात्मक रूप से एसडीएम पाटन दीपक कुमार निकुंज, एसडीओपी आशीष बंछोर, सीएमओ सतीश यादव आदि को आयोजक दुर्ग जिला पंचायत सभापति मोनू साहू ने खुद जाकर उन्हे सम्मानित किया और उनका आभार माना।

# सेल ने नेशन बिल्डर्स के बीच भारत के सर्वश्रेष्ठ नियोक्ताओं में जगह बनाई



**भिलाई, 21 जून।** देश की महारत्न सार्वजनिक इस्पात उत्पादक कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने नेशन बिल्डर्स ङ्क 2024 के बीच भारत के सर्वश्रेष्ठ नियोक्ताओं में अपनी जगह बनाई है। आज़ादी के बाद, एक देश के तौर पर उभरने के शुरुआती सालों में सार्वजनिक क्षेत्र के तहत सेल के इस्पात संयंत्र राष्ट्र निर्माता रहे। देश को आत्मनिर्भर बनाने और तीव्रगति से औद्योगिकीकरण के लिए बुनियादी ढांचा बनाने के लिए 50 और 60 के दशक में भारी पूंजीगत व्यय के साथ इस्पात संयंत्र स्थापित किए गए थे। इसके बाद, सेल और भारत में इस्पात क्षेत्र, लगातार आगे बढ़ते हुए दुनिया में दूसरा सबसे बड़ा इस्पात उत्पादक देश बन गया है। भारत की राष्ट्र निर्माण विकास गाथा में, सेल का स्थान गौरवपूर्ण है। सेल की ओर से यह पुरस्कार सेल के निदेशक के के सिंह ने 19 जून को मुंबई में आयोजित एक पुरस्कार समारोह में ग्रहण किया। इस उपलब्धि की सराहना करते हुए सेल के अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश ने कहा, ग्रेट प्लेस टू वर्क -इंडिया द्वारा प्रदान किया गया यह सम्मान हमारे लिए बेहद खुशी और गौरव की बात है। यह पुरस्कार सेल के कार्मिकों की वर्षों की कड़ी मेहनत और समर्पण का प्रमाण है।

# विधायक ने अवंतीबाई चौराहे के यातायात को व्यवस्थित करने अफसरों को दिए निर्देश



**भिलाई, 21 जून।** कोहका स्थित रानी अवंती बाई चौक पर हो रही दुर्घटनाओं और बेतरतीब आवागमन को ध्यान में रखते हुए वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने निगम, पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को मौके पर बुलाया और जल्द चौराहे के आवागमन को व्यवस्थित और सुचारू बनाने निर्देशित किया। विधायक रिकेश सेन ने कहा कि लंबे समय से रानी अवंती बाई चौराहा का निर्माण तकनीकी दृष्टि से अपरिपूर्ण लगता है। यहां आवाजाही करने वालों की लगातार शिकायतें रहीं हैं तथा तकनीकी अपरिपूर्णता का ही परिणाम है कि इस चौक पर आए दिन दुर्घटनाएं भी होती रही हैं। चूंकि बरसात का मौसम सामने है इसलिए चौक को बेहतर और सुचारू आवागमन लायक बनाने की बड़ी योजना को फिलहाल मूर्त रूप नहीं दिया जा सकता है मगर आज निगम, पीडब्ल्यूडी और यातायात डीएसपी की मौजूदगी में चौक की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने विचार विमर्श किया गया है। काफी चर्चा के बाद निर्णय लिया गया है कि पेट्रोल पंप के समीप स्थित चौक पर मेडिकल स्टोर के पास 20 से 21 फीट डिवाइडर कट होगा। श्री सेन ने बताया कि अमूमन गदा चौक से कुरूद की ओर जाने वाले लोग जब अंडाकार चौक पार कर रहे होते थे इसी दौरान सूर्या टीआई मॉल की ओर से आने वाले वाहन चालक शॉर्टकट के चक्कर में बिना चौक का फेरा लगाए रांग साईड सीधे गदा चौक की तरफ घुस जाते थे। इससे अक्सर दुर्घटना की आशंका बनी रही और सड़क हादसे भी हुए हैं। डिवाइडर लगभग 6 मीटर काट कर व्यवस्थित कर देने से रूंगटा और कुरूद की ओर जाने वालों को मेडिकल के पास से यूं टर्न लेकर आगे बढ़ना होगा। इससे सूर्या टीआई मॉल की ओर से आने वालों का शॉर्टकट या रांग साईड प्रवेश भी बंद हो जाएगा। विधायक रिकेश सेन ने मौके पर मौजूद विभागीय अधिकारियों को कल से तत्काल काम शुरू करने निर्देश दिए हैं। काम शुरू करने से पहले ऊपर से जा रहे विद्युत केबल, स्ट्रीट लाइट को व्यवस्थित कर डिवाइडर कट कार्य शुरू होगा तथा जल्द लोगों को इस नई व्यवस्था से आवाजाही करने की सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर पीडब्ल्यूडी भवन सड़क ईई अरुण श्रीवास, ई एंड एम पीडब्ल्यूडी ईई आर एल गायकवाड, सब इंजीनियर दीपक कुमार शर्मा, ट्राफिक डीएसपी सतीश ठाकुर, नगर निगम नेहरू नगर जोन अध्यक्ष ईशा लहरे

# पिपरछेड़ी में ड्राई फ्लावर प्रशिक्षण का समापन

**भिलाई, 21 जून।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा ग्राम पिपरछेड़ी में छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड के सहयोग से चल रहे त्रैमासिक ड्राई फ्लावर प्रशिक्षण का समापन 19 जून को महाप्रबंधक श्रीमती अनुपमा कुमारी के मुख्य अतिथ्य में सम्पन्न हुआ। विशिष्ट अतिथि के रूप में महाप्रबंधक शिवराजन, प्रबंधक (छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड) केहरी, वरिष्ठ प्रबंधक सुशील कामड़े उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि श्रीमती अनुपमा कुमारी ने कहा कि इन कलाकृतियों को आकर्षक फ्रेमिंग कराकर आप इनको व्यवसायिक रूप से अच्छी तरह से मार्केट में बेच सकती हैं एवं अपनी आमदनी को बढ़ा सकती हैं। कार्यक्रम का संचालन उप प्रबंधक के के वर्मा तथा संयोजन सहायक बुधेलाल, शरद कुमार साहू एवं छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड के नितेश कुमार द्वारा किया गया।श्रीमती लता चक्रदेव द्वारा गांव की महिलाओं को तीन महीने तक ड्राई फ्लावर शिल्प प्रशिक्षण दिया गया।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा



**भिलाई, 21 जून।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज रविशंकर स्टेडियम दुर्ग में आयोजित दशम योगाभ्यास कार्यक्रम में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा शामिल हुए। मुख्य अतिथि विजय शर्मा के साथ विधायक गजेन्द्र यादव भी योगाभ्यास में शामिल हुए। पतंजलि योगपीठ के जयंत भारती और पंकज शर्मा के मार्गदर्शन में मुख्य अतिथि विजय शर्मा, विधायक यादव, संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर, आईजी आर.जी. गर्ग, कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी, एसपी जितेन्द्र शुक्ला, नगर के गणमान्य नागरिक, समस्त विभाग के अधिकारीगण, नगर के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी ने योग के विभिन्न मुद्राओं का अभ्यास किये। इस अवसर पर मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने नगरवासियों को योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि 21 जून वह दिवस है, इस दिन भारतीय संस्कृति की पहल को पूरे दुनिया ने अंगीकार किया। उन्होंने कहा कि यह परंपरा प्रतिवर्ष आगे बढ़ते रहे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक श्री यादव ने कहा कि जीवन में योग का बहुत महत्व है। योग ऐसा सशक्त माध्यम है जिससे शारीरिक, बौद्धिक विकास संभव है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री शर्मा ने वृक्षारोपण कर ग्रीन दुर्ग अभियान अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

उन्होंने स्टेडियम परिसर में मौलश्री और बादाम का पौधरोपण किया। इसी कड़ी में उन्होंने डोर-टू-डोर निःशुल्क पौधरोपण वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# नहीं हटा अतिक्रमण, ग्रामीण फिर पहुंचे तहसीलदार कार्यालय का घेराव करने

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**पाटन,21 जून।** उत्तर पाटन के ग्राम घुघवा (ज) के ग्रामीण बुधवार को फिर से तहसील कार्यालय का घेराव करने पहुंचे। बता दें कि गांव के शासकीय भूमि पर अतिक्रमण का आरोप लगाते हुए उसे हटाने की मांग कर रहे थे। इससे पूर्व कुछ माह पहले भी उसी भूमि से अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर ग्रामीण सैकड़ों की संख्या में तहसीलदार पहुंचकर तहसीलदार मीना साहू को ज्ञापन सौंपा था। लेकिन ज्ञापन देने के बाद भी किसी भी तरह का कार्रवाई नही होने से एक बार फिर ग्रामीण आज तहसील कार्यालय पहुंचे। ग्रामीणों द्वारा सौंपे ज्ञापन में मुताबिक ग्राम-घुघवा (ज) में शासकीय भूमि खसरा नम्बर 517 रकबा 4.040 हेक्टेयर पर रायपुर निवासी गौकरण साहू द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है। साथ ही वहां पर सैकड़ो की संख्या में पेड़ कटाई कर मिट्टी खुदाई कर लिया गया हैं। उसकी शिकायत पूर्व में भी किया जा चुका हैं। आर आई , पटवारी द्वारा नापकर अतिक्रमण भी सिध्द किया जा चुका हैं, इसके बावजूद अब तक इस पर किसी भी प्रकार की न तो कोई कार्यवाही हुआ हैं न अतिक्रमण हटाया गया है। ग्रामीण ने बताया की राजस्व निरीक्षक द्वारा जो नाप किया वह भी संतोषजनक नहीं था। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश हैं। आने वाले समय में जल्द कार्यवाही नहीं हुआ तो ग्रामीण द्वारा उग्र प्रदर्शन किया जायेगा। जिसके लिए प्रशासन स्वयं जिम्मेदार होगें। इस अवसर पर रोहित, सुरेंद्र, खेदू राम, कुलेश्वर, आशा, रेवती, बिमला, रेनी, पूर्णिमा, कविता, रेखा, नीरा, अमरीका, सीता, चंदा, मालती, गीता, तरुण, दुर्गेश, गौतम, सहित अन्य मौजूद रहे।

# लोको कपलिंग जोड़ते समय ठेका श्रमिक की दुर्घटना में मौत

**भिलाई, 21 जून।** भिलाई इस्पात संयंत्र के यूआरएम विभाग में लोको कपलिंग जोड़ते बृहस्पतिवार शाम साढ़े 4 बजे 41 वर्षीय ठेका श्रमिक उदय राम साहू की मौत हो गई है। ठेका श्रमिक मेसर्स हितेश भाई पटेल का स्किल्ड लेबर था। हादसे के तुरंतबाद उसे मेन मेडिकल पोस्ट लाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया बीएसपी कर्मियों ने बताया कि संयंत्र यूआरएम विभाग की सप्लाई लाइन में लोको की कपलिंग को जोड़ते समय उदय दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया।

# प्रतिदिन 15-20 मिनट समय निकालकर योग अवश्य करें: आराधना शुक्ला

■ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर गांधी बाल उद्यान नगरी में सामूहिक योग किया गया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**नगरी 21 जून।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय नगरी के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के परिपेक्ष्य में 19 जून 2024 को गांधी बाल उद्यान नगरी में योग दिवस की शुरुआत की जो 21 जून तक जारी रहेगा। उक्त अवसर पर नगर पंचायत नगरी के अध्यक्ष श्रीमती आराधना शुक्ला, जनपद अध्यक्ष श्रीमती दिनेश्वरी नेताम, अनिल वाधवानी अध्यक्ष सिक्ख एवं सिंधी समाज नगरी मनोज प्रजापति अधिवक्ता नगरी,पत्रकार उत्तम साहू,राजू पटेल, राजेश तिवारी योग प्रशिक्षक नगरी तथा राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी भावना बहन, ब्रह्माकुमारी मुलेश्वरी बहन सहित संस्था के भाई-बहन व नगर के गणमान्य नागरिक शामिल हुए योग का सत्र प्रातः 6:00 बजे से शुरू हुआ। पारंपरिक तरीके से कार्यक्रम की शुरुआत परमात्मा की स्मृति में दीप प्रज्वलित करके किया गया।तत्पश्चात् ब्रह्माकुमारी बहनों ने अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ से करके ईश्वरीय चिन्ह भेंट किया। पिताम्बर भाई ने राजयोग थीम पर आधारित गीत गाया। श्री राजेश तिवारी द्वारा योगासन व प्राणायाम कराया गया। तत्पश्चात राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी भावना बहन ने योग का महत्व बताते हुए कहा कि किसी भी कार्य की सफलता हमारे अच्छे स्वास्थ्य पर निर्भर करता है शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ हमें अपने आत्मा की स्वस्थता पर भी ध्यान देना जरूरी होगा क्योंकि एक स्वस्थ मन अस्वस्थ शरीर को चला सकता है परंतु अस्वस्थ मन को स्वस्थ शरीर चलाने में सक्षम नहीं होता। परमात्मा का वास्तविक परिचय प्राप्त करके ईश्वरीय स्मृति में स्थित रहना ही राजयोग है मन को प्रसन्न करने वाला ही यथार्थ योग है इस व्यस्ततम जीवन शैली में कुछ समय अपने लिए निकाल कर योग अवश्य करना चाहिए। योग हमारे प्राचीन परंपरा की अमूल्य देन है इस गौरवशाली विद्या को आज सारा विश्व अपना रहा है अतः शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के लिए राजयोग बेहद आवश्यक है राजयोग से हमें ज्ञान, सुख, शांति, प्रेम, आनंद, पवित्रता व शक्ति की प्राप्ति होती है। राजयोग हमें ऊर्जावान बनाता है जो हमारे जीवन शैली को बदलकर नव चेतना का संचार करता है। इसी तारतम्य में श्रीमती आराधना शुक्ला जी ने कहा हम अपने दैनिक दिनचर्या में से 15-20 मिनट समय निकालकर योग अवश्य करें जिससे जीवन की जटिलताओं व बीमारियों से मुक्त रह सकेंगे प्राचीन समय में ऋषि मुनि लंबी आयु का जीवन जीते थे जबकि उस समय में एडवांस टेक्नोलॉजी नहीं थी यह सब केवल योग से संभव था। श्रीमती दिनेश्वरी नेताम ने सभी से योगाभ्यास करने की अपील करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की। श्री मनोज प्रजापति ने ब्रह्मकुमारी बहनों का आभार जताते हुए कहा ब्रह्माकुमारी बहने द्वारा योग के साथ-साथ जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने हेतु सराहनीय कार्य किया जाता है इस योग को हमें अपने जीवन में अवश्य अपनाना चाहिए। श्री उत्तम साहू जी ने कहा कि योग आज के परिवेश की नितांत आवश्यकता है योग शरीर और मन के संतुलन को बनाए रखता है इसलिए योग को अपने जीवन में शामिल करना बेहद जरूरी है। श्री राजेश तिवारी जी ने कहा कि योग, प्राणायाम करने से हमारा शरीर स्वस्थ, बलवान व ऊर्जावान बनता है हमें नित्य योग्य अभ्यास अवश्य करना चाहिए। निशा बहन ने कार्यक्रम का संचालन किया। सभी भाई बहनों ने योग, आसन, प्राणायाम व मेडिटेशन का भरपूर आनंद उठाया।

## एक नजर

### कुलपति डॉ. चंदेल "कर्नल कमांडेंट" की उपाधि से सम्मानित

**रायपुर, 21 जून।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल को राष्ट्रीय कैडेट कोर (एन.सी.सी.) द्वारा ''कर्नल कमांडेन्ट'' मानद रैंक प्रदान की गई है। कल 21 जून को डॉ. चंदेल को छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश एन.सी.सी. निदेशालय के अतिरिक्त महानिदेशक मेजर जनरल श्री अजय कुमार महाजन कर्नल कमांडेन्ट की मानद उपाधि से अलंकृत करेंगे। कृषि महाविद्यालय रायपुर के सभागार में प्रातः 11 बजे आयोजित अलंकरण समारोह में श्री महाजन द्वारा डॉ. चंदेल को कर्नल कमांडेन्ट की उपाधि तथा नियुक्ति पत्र सौंपा जाएगा। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय कैडेट कोर द्वारा एन.सी.सी. सेवा संचालित करने वाले विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को कर्नल कमांडेन्ट की उपाधि से सम्मानित किया जाता है। डॉ. चंदेल इस वर्ष छत्तीसगढ़ में एन.सी.सी. कर्नल कमांडेन्ट की उपाधि से सम्मनित किये जाने वाले एकमात्र कुलपति हैं।

### योजनाओं का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंचाएं: विजय शर्मा

**रायपुर 21 जून।** उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कहा राज्य और केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएँ का पूरी पारदर्शिता और दक्षता के साथ क्रियान्वयन हों और योजनाओं का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुँचना चाहिए। वें आज कबीरधाम जिला कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में राज्य तथा केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, कार्यक्रम एवं कबीरधाम जिले के समग्र विकास के लिए विभिन्न विभागों के कामकाज की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कहा कि खरीफ मौसम में किसानों को खाद, बीज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हो किसानों को परेशानी न हो। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के संबंध में जानकारी लेते हुए कहा कि जिले के एक भी पात्र किसान योजना से वंचित नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिले में संचालित सभी स्कूलों में पेयजल, शौचालय सहित स्कूल भवन के बेहतर रख रखाव होना चाहिए। इसी प्रकार उन्होंने बीईओं एवं स्कूल समन्वयकों को स्कूलों का निरीक्षण करने और सभी स्कूलों में शाला प्रवेश उत्सव मनाने के भी निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने पीएम जनमन योजना की समीक्षा में कहा कि तकनीकी समस्या के कारण छूटे हुए 14 ग्रामों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। गौरतलब है कि बोडला विकासखण्ड के 179 ग्राम और पंडरिया विकासखण्ड के 77 ग्राम शामिल है। इस दौरान उन्होंने वनांचल क्षेत्रों के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिये।

### अवैध खनिज उत्खनन और परिवहन के विरूद्ध की गई कार्रवाई

**धमतरी 21 जून।** कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के निर्देश पर जिले में जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण की रोकथाम के लिए खनिज अमला द्वारा लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। इसी कड़ी में धमतरी विकासखण्ड के ग्राम ढीमरटिकुर में बीते दिन बिना वैध दस्तावेज के 3 हाईवा और 1 जेसीबी अवैध खनिज रेत औरं गिट्टी का भण्डारण एवं परिवहन करते पाया गया, जिस पर जब्ती की कार्यवाही करते हुए वाहनां को कलेक्टोरेट स्थित कम्पोजिट भवन भवन में रखा गया है। खनिज अधिकारी ने बताया कि उक्त सभी प्रकरणों में छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 के नियम 71 एवं खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 के तहत नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित् की जाएगी। पूर्व में भी जिले के खनिज ठेकेदारों, खनिज परिवहनकर्ताओं को भी निर्देशित किया गया है कि बिना वैध अभिवहन पास के खनिज उत्खनन, परिहवन, भण्डारण करना दण्डनीय अपराध है। खनिज अधिकारी ने यह भी बताया कि अवैध उत्खनन, परिवहनकर्ताओं के विरूद्ध इस प्रकार का कृत्य करने पर दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।

### प्रधानमंत्री कौशल विकास के तहत प्रशिक्षण के लिए आवेदन 25 जून तक

**धमतरी 21 जून।** लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजनान्तर्गत विभिन्न कोर्सों में प्रशिक्षण के लिए आगामी 25 जून तक आवेदन मंगाए गए हैं। सहायक परियोजना अधिकारी, लाईवलीहुड कॉलेज ने बताया कि सिक्यूरिटी सुपरवाईजर प्रशिक्षण के लिए बारहवीं पास ऐसे पुरूष जिनकी न्यूनतम ऊंचाई 5 फीट 6 इंच है वे आवेदन कर सकते हैं। इसी तरह फील्ड टेक्निशियन एण्ड कम्प्यूटिंग पेरीफेरल, रिटेल सेल्स एसोसिएट के लिए 12 वीं पास, असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन के लिए 10 वीं पास तथा प्लंबर जनरल प्रशिक्षण के लिए पांचवीं पास आवेदक आवेदन कर सकते हैं। शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, पासपोर्ट साईज फोटो इत्यादि दस्तावेज के साथ सिविल कोर्ट के पास स्थित लाईवलीहुड कॉलेज में आवेदन जमा किया जा सकता है।

### सट्टा खिलाते कार सवार दो युवक गिरफ्तार

**रायपुर, 21 जून ।** लालपुर ओव्हरब्रीज के नीचे ऑनलाइन सट्टा खिलाते कार सवार दो युवकों को राजेन्द्र नगर पुलिस के टीम ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 2 नग मोबाइल और 9900 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार राजेन्द्र नगर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति लालपुर ओव्हरब्रीज के नीचे कार में बैठकर ऑनलाइन सट्टा खिला रहे है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने कार सवार आरोपी बसंत गुप्ता 39 वर्ष और मंजीत सिंह को गिरफ्तार किया है।

### आश्रम के पास खड़ी ई-रिक्शा पार

**रायपुर, 21 जून ।** विवेकानंद आश्रम तिराहा के पास खड़ी ई-रिक्शा को अज्ञात चोर ने पार कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर आजाद चौक पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी बसंत आहुजा 48 वर्ष हनुमान नगर पुरानी बस्ती का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी ई-रिक्शा क्रमांक सीजी 04 पीक्यू 3958 को विवेकानंद आश्रम तिराहा के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए ई-रिक्शा की कीमत 1 लाख 25 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है।

# जिले में पर्याप्त मात्रा में खाद एवं बीज उपलब्ध

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 21 जून।** जिले में पर्याप्त मात्रा में खाद एवं बीज उपलब्ध है। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए है कि खेती किसानी कार्य को देखते हुए जिले में खाद एवं बीज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होना चाहिए। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित ने बताया कि जिले में खरीफ 2024 अंतर्गत 36948.1 मीट्रिक टन रासायनिक खाद भण्डारण किया गया है, जो कुल भंडारण का लगभग 85.69 प्रतिशत है। जिसमें से 30783.5 मीट्रिक टन रासायनिक खाद का वितरण किसानों को किया जा चुका है तथा 6164.6 मीट्रिक टन रासायनिक खाद शेष है। जिसमें यूरिया 15293.4 मीट्रिक टन, सुपर फास्फेट 4837.4 मीट्रिक टन, डीएपी 8749.3 मीट्रिक टन, एनपीके 5339.3 मीट्रिक टन, पोटाश 2728.9 मीट्रिक टन रासायनिक खाद का भण्डारण किया गया है। किसानों को यूरिया 13594.9 मीट्रिक टन, सुपर फास्फेट 3681 मीट्रिक टन, डीएपी 7549.3 मीट्रिक टन, एनपीके 3995 मीट्रिक टन, पोटाश 1963.4 मीट्रिक टन रासायनिक खाद का वितरण किया गया है। इसी तरह जिले में 11459.80 क्विंटल बीज का भंडारण हो चुका है और किसानों को 8851.80 क्विंटल बीज वितरण किया जा चुका है तथा 2608 क्विंटल बीज किसानों के वितरण के लिए शेष है। धान, सोयाबीन, अरहर, उड़द, तिल, मुंग, कुल्थी, कोदो, कुटकी, सन, रागी, मुंगफली, मक्का बीज उपलब्ध है। खरीफ 2024 अंतर्गत अल्पकालीन फसल ऋण वितरण अंतर्गत नगद एवं वस्तु के रूप में 58524 किसानों को 275 करोड़ 6 लाख रूपए ऋण का वितरण किया गया है। ग्राम मोहड़ के कृषक श्री हेमलाल श्रीवास एवं श्री खेम साहू यूरिया, पोटास, डीएपी लेने आए थे। वही ग्राम डिलापहरी के कृषक श्री नानहू साहू भी खाद लेने आए थे। उन्होंने बताया कि सोसायटी में पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है।

# यात्री ट्रेनों का अचानक रद्द होना भारतीय रेल की पहचान बन गई है: कांग्रेस

**रायपुर, 21 जून।** मोदी सरकार यात्री ट्रेनों को नहीं चला पा रही है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि देश में आज कोई भी ट्रेन नहीं है जो समय पर गंतव्य के लिये चलती है। घंटो लेट लतीफी भारतीय रेल की पहचान बन गयी है। यह मोदी सरकार की तानाशाही और छत्तीसगढ़ विरोधी रवैया है पिछले 3 साल से अधिक समय से छत्तीसगढ़ की ट्रेनों को बिना किसी ठोस कारण के रद्द किया जाता है वर्तमान में एक बार फिर एक दर्जन से अधिक ट्रेनों को रद्द कर दिया गया। 40 ट्रेने पहले से रद्द है। कुल 50 से अधिक ट्रेनें रद्द है। यह छत्तीसगढ़ की जनता के साथ नाईसांफी है। दिल्ली मार्ग की अधिकांश ट्रेने रद्द है, गोंदिया-बरौनी ट्रेन को रद्द कर दिया गया। सारनाथ और नौतनवा तथा दुर्ग निजामुद्दीन जैसी हावड़ा मेल ट्रेन घंटों लेट चल रही है। 'बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था' के और बिना किसी पूर्व 'सूचना' के केंद्र की मोदी सरकार और रेलवे मंत्रालय लगातार छत्तीसगढ़ में ट्रेनों को रद्द कर रहा है, जिसके कारण छत्तीसगढ़ की जनता बुरी तरह परेशान और हलाकान है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि नरेन्द्र मोदी की सरकार देश की सबसे विश्वसनीय यात्री सेवा रेलवे सुविधा को समाप्त करने का साजिश रच रही है। वर्षों से भारतीय रेलवे आम जनता का भरोसेमंद, सस्ता और सुलभ परिवहन का पर्याय हुआ करता था जिसे मोदी राज में रेलवे की विश्वसनीयता को खत्म करके निजी हाथों में बेचने का षड़यंत्र रचा जा रहा है। बिना कोई कारण बताये, बिना किसी ठोस वजह के यात्री ट्रेनों को अचानक रद्द कर दिया जाता है। रेलवे द्वारा यात्री ट्रेनों को महीनों, हफ्तों तक बंद करने का फरमान जारी कर दिया जाता है। महीनों पहले यात्रा की योजना बना कर रिजर्वेशन कराये नागरिकों की परेशानी से रेलवे को और केंद्र सरकार कोई मतलब नहीं रहता है। रेलवे यात्रियों के लिये कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं करती है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि देश की आजादी के बाद ऐसी स्थिति केवल मोदी सरकार में आई है। जहां रेलवे की यात्री सुविधाएं इतनी ज्यादा खस्ताहाल हो गयी है। यात्री ट्रेनों को जानबूझकर रद्द किया जाता है, कभी कोयले के आपूर्ति के नाम पर, कभी कोई और कारण बता कर यह विश्वसनीय यात्री सेवा भारतीय रेल को बदनाम करने की साजिश है ताकि लोग रेलवे से ऊब जाये और रेल को भी मोदी अपने उद्योगपति मित्र अडानी के हवाले कर सके।

# भाजपा सरकार शराबबंदी योजना को बंद कर शराब की खरीदी और बिक्री कर रही

**रायपुर 21 जून।** प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि विपक्ष में रहते भाजपा सरकार से शराबबंदी की मांग करती थी सत्ता मिलते ही शराब का धंधा शुरू कर दिया। भाजपा की सरकार शराबबंदी योजना को बंद करके शराब की खरीदी और बिक्री का धंधा कर रही है। कांग्रेस सरकार के दौरान भाजपा नेता शराबबंदी की मांग करते थे और शराब को महिलाओं के घर तोड़ने का प्रमुख कारण बताते थे और महिलाओं का हितैषी होने का घड़ियाल आंसू बहते थे और राजनीति करते थे। सत्ता मिलने के बाद वहीं भाजपा महिलाओं के घर उजाड़ने वाले सामान का धंधा शुरू कर दिया। इनका लक्ष्य पूरे प्रदेश में गांव-गांव और घर-घर शराब पहुंचाना है।भाजपा का यह दोगला चरित्र प्रदेश के महिलाओं को समझना होगा। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार के दौरान शराब बंदी की दिशा में काम किया गया 100 से अधिक शराब दुकान को बंद किया गया प्रति व्यक्ति शराब की खपत में कमी आई और शराब छोड़ने वालों की संख्या बढ़ी है। शराबबंदी के लिए सामाजिक संगठनों के द्वारा मिले सुझाव पर कांग्रेस की सरकार ने काम किया था। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि 15 साल के भाजपा सरकार के दौरान शराब का सरकारी कारण किया गया 138 साल पुरानी आबकारी नीति को बदल गया था उसे दौरान शराब के कमीशन को लेकर भाजपा सरकार के मंत्रियों के बीच में विवाद हुआ था आज एक बार और भाजपा की सरकार शराब के जरिए मुनाफाखोरी करना चाहती है कमीशन खोरी करना चाहती है कोचिया गिरी को बढ़ाना चाहती है महिलाओं के घर को उजाड़ना चाहती है।

# जिला भाजपा की बैठक में आगामी कार्यक्रमों पर हुई चर्चा



**रायपुर 21 जून।** गुरुवार शाम जिला भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में आगामी कार्यक्रमों के संदर्भ में आवश्यक बैठक आहूत की गई जिला भाजपा अध्यक्ष जयंती पटेल के नेतृत्व में आहूत बैठक में 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से लेकर 30 जून रविवार प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम तक राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन तय किया गया है जिस संदर्भ में जिला पदाधिकारियों को विभिन्न कार्यक्रमों का प्रभारी नियुक्त किया गया है बैठक में उपस्थित सभी जिला पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए जयंती पटेल ने कहा की आज आहूत बैठक का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा प्रदत्त आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी देते हुए दायित्वों का आबंटन करना है राष्ट्रीय नेतृत्व अनुसार सर्वप्रथम 21 जून को अंतराष्ट्रीय योग दिवस का कार्यक्रम तय किया गया है जिसके तहत प्रत्येक मंडल में योग कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है जिसके लिए प्रभारी सत्यम दुवा और सहप्रभारी सोनू सलूजा को बनाया गया है उसके पश्चात 23 जून से 6 जुलाई तक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्मृति पखवाड़ा जिसके तहत ( एक पेड़ मां के नाम ) कार्यक्रम का आयोजन प्रत्येक मंडल में किया जाना है जिसके लिए प्रभारी गोपी साहू और खेमकुमार सेन को बनाया गया है । तत्पश्चात 25 जून 1975 को लगाई गई आपातकाल को भाजपा काले दिवस के रूप में मनाती है जिसके लिए प्रभारी श्यामा प्रसाद चक्रवर्ती , संजय तिवारी और पुष्पेंद्र उपाध्याय को बनाया गया है ।उसके पश्चात नगरीय निकाय परिसीमन कार्यक्रम आयोजित किया जाना है जिसके प्रभारी रमेश सिंह ठाकुर और श्रीमती शैलेंद्री परगनिहा को नियुक्त किया गया है । फिर लोकसभा चुनाव विश्लेषण किया जायेगा जिसके प्रभारी के रूप में आशु चंद्रवंशी , अमित मैशरी और तुषार चोपड़ा को बनाया गया है । 30 जून को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का आयोजन रायपुर के सभी 16 मंडलों में तय किया गया है जिसके लिए प्रभारी सत्यम दुवा और हरीश ठाकुर को बनाया गया है । एवं अंत में संगठन पर्व मनाया जाएगा जिसमे सदस्यता अभियान , सक्रिय सदस्यता अभियान एवं बूथ , मंडल , जिला एवं प्रदेश का गठन होना है जिसमे प्रभारी के रूप में रमेश सिंह ठाकुर और सत्यम दुवा को बनाया गया है ।

## ग्राम पंचायत सांकरा में दो दिवसीय निदान शिविर का समापन

# जरूरतमंद लोगों की मदद करना सबसे बड़ा पुण्य: टंकराम वर्मा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**नगरी 21 जून।** सांकरा- दो दिवसीय जिला स्तरीय निदान 2 शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत सांकरा के मानस भवन के प्रांगण में किया गया था जिसका समापन धमतरी जिला के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा ने किया, इस दौरान प्रभारी मंत्री ने दिव्यांग जनों से मुलाकात कर उनका हाल-चाल जाना साथ ही इस आयोजन के बारे में विस्तृत जानकारी लिए, इस दो दिवसीय निदान शिविर में निःशुल्क सेवा देने वाले भगवान महावीर दिव्यांग सहायता समिति जयपुर से आए व्यास जी का मंत्री जी ने साल ओढ़ाकर विशेष रूप से स्वागत सम्मान किया गया,इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि भगवान जब हमसे कुछ छीन लेता है, तो उस कमी को किसी अन्य माध्यम से पूरा कर देता है। श्री वर्मा ने कहा कि इन दिव्यांगजनों को शासन की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने अधिकारी संवेदनशीलता के साथ पहल करें। जिला प्रशासन दिव्यांगजनों की हरसंभव मदद करने के लिए तैयार है। उन्होंने आगे कहा कि दिन दुखियों की सेवा करना बहुत बड़ा पुण्य कार्य है, हम बहुत भाग्यशाली हैं जो इस धरा पर मनुष्य जीवन लेकर आए हैं, निश्चित ही हम लोग पूर्व में अच्छा कर्म किए थे जिसका प्रतिफल हमें इस जन्म में मनुष्य तन के रूप में मिला है, उन्होंने इस कार्यक्रम की खूब तारीफ किया, इस दौरान प्रभारी मंत्री ने मानस परिवार की मांग पर सेड निर्माण के लिए 15 लाख रुपए देने एवं महतारी सदन बनाने का घोषणा किया,तत्पश्चात एसडीएम के द्वारा कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की गई।

उल्लेखनीय है कि दो दिवसीय इस निदान शिविर में दूर दराज से पहुंचे जरुरत मंद दिव्यांगजनों को कृत्रिम पैर एवं हाथ कैलीपर्स 46, ट्रायसिकल 71, व्हीलचेयर 41श्रवणयंत्र 126, एवं अन्य 107 उपकरण निःशुल्क प्रदाय किया गया, इसी तरह स्वास्थ्य विभाग के द्वारा 195 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर इलाज किया गया, इस पूरे कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, सांकरा सरपंच शशि ध्रुव,पूर्व विधायक पिंकी ध्रुव, कलेक्टर नम्रता गांधी, पुलिस अधीक्षक आंजनेय वाषर्णेय, अनुविभागीय अधिकारी पवन कुमार प्रेमी तहसीलदार केतन भोयर,जनपद सीईओ विमल कुमार साहू, करारोपण अधिकारी आनंद राम साहू,महिला एवं बाल विकास अधिकारी सोमेंद्र साहू, नगर अध्यक्ष आराधना शुक्ला, जनपद अध्यक्ष दिनेश्वरी नेताम राजेंद्र गोलछा, नागेंद्र शुक्ला, रवि दुबे,बलजीत छाबड़ा, अजय नहाटा, विकास बोहरा, महेंद्र नेताम, कमल डागा, चेलेश्वरी साहू, तुलसीराम साहू, हृदय साहू,सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## समाचार संक्षेप

### वक्ता मंच ने निजात अभियान के तहत नशे के खिलाफ लोगों को जागरूक किया



**रायपुर 21 जून।** प्रदेश की प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था वक्ता मंच द्वारा आज शाम राजधानी में नगर निगम मुख्यालय चौक पर नशे के खिलाफ जागरुकता अभियान चलाया द्य यातायात प्रशिक्षक श्री टी के भोई के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था द्य छ ग पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ जारी निजात अभियान में सहभागिता दर्ज करते हुए वक्ता मंच के इस आयोजन में बडी संख्या में साहित्यकार एवं सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए द्य गीत, कविता एवं वक्तव्य के माध्यम से प्रबुद्धजनों द्वारा प्रदेश में बढती नशा की प्रवृत्ति एवं इसके कारण समाज व परिवार पर पड़ रहे दुष्प्रभावों के प्रति गंभीर चिंता व्यक्त की गई द्य निजात के पोस्टर उठाकर आम जनता से नशे से दूर रहकर एक स्वस्थ समाज के निर्माण की अपील की गई द्य आज इस अवसर पर यातायात प्रशिक्षक टी के भोई, कर्मचारी नेता विजय झा, वक्ता मंच के अध्यक्ष राजेश पराते, संयोजक शुभम साहू, एन एस एस प्रभारी सुनीता चन्सोरिया, अतल शुक्ला, गंगा शरण पासी,दुष्यंत साहू, हरिशंकर सोनी, यशवंत यदु ÷यश÷, मन्नू लाल यदु, उमा स्वामी, मोहित शर्मा,सूर्यकांत प्रचंड, किरणलता वैद्य, ज्योति शुक्ला,सुनीता चंसोरिया, हेमलाल पटेल,पुर्णेश डडसेना, संतोष धीवर, रुनाली चक्रवर्ती,अजय कुमार कुंभकार, डिकेश्वर साहू, सी एल दुबे, परम कुमार,रामनिवास पटेल, डिकेश्वर साहू , प्रमदा ठाकुर एवं संजय डहरिया उपस्थित थे द्य वक्ता मंच द्वारा आगामी दिनों में नशे के कारण जारी दुष्प्रभावों व उनके रोकथाम के उपायों पर केंद्रित पोस्टर प्रदर्शनी, पर्चे व सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ राजधानी के विभिन्न क्षेत्रों में यह प्रचार अभियान जारी रखा जायेगा।

### विश्व रक्तदान दिवस पर मेडिकल कॉलेज में रक्तदान शिविर का आयोजन



**राजनांदगांव 21 जून।** विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर शासकीय मेडिकल कॉलेज संबद्ध चिकित्सालय के ब्लड सेंटर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ अधिष्ठाता डॉ. रेणुका गहिने एवं पैथोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. प्रतिमा कुजूर द्वारा किया गया। अधिष्ठाता डॉ. रेणुका गहिने ने कहा कि सभी स्वस्थ व्यक्तियों को वर्ष में कम से कम एक बार रक्तदान अवश्य करना चाहिये। जिससे सिकलिंग, थैलेसिमिया, डिलीवरी एवं आपातकालीन स्थितियों में ब्लड की जरूरत वाले मरीजों को मदद मिले सके। उन्होंने ब्लड की पूर्ति के लिए सभी स्वस्थ व्यक्तियों से स्वैच्छिक रक्तदान की अपील की। पैथोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. प्रतिमा कुजूर ने बताया कि ब्लड सेंटर में पिछले वर्ष 5100 यूनिट ब्लड कलेक्शन हुआ है। जिसमें 2500 यूनिट स्वैच्छिक रक्तदाताओं से प्राप्त किया गया। ब्लड सेंटर द्वारा लगभग 65 प्रतिशत ब्लड यूनिट बिना डोनर के मरीजों को दिया गया, जो राज्य के अन्य शासकीय ब्लड सेंटर की तुलना में सर्वाधिक है। डॉ. ज्योति चौधरी ने रक्तदान से होने वाले लाभ के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रक्तदान से हार्ट अटैक की संभावना कम होती है, वजन नियंत्रित रहता है। शिविर में ब्लड सेंटर इंचार्ज डॉ. चंद्रशेखर इंदौरिया, डॉ. पवन जेठानी, डॉ. निकिता पारख, डॉ. रिंकू सिंग, टेक्नीशियन इंचार्ज श्री चुमेश साहू, श्री जुगेश कुमार टेकाम, स्टॉफ नर्स ममता साहू एवं अन्य स्टॉफ उपस्थित थे। इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज ब्लड सेंटर इंचार्ज डॉ. चंद्रशेखर इंदौरिया ने अपना 31वां रक्तदान किया।

### एग्रीस्टेक योजना: किसानों को मिलेगी ऋण से लेकर सभी जरूरी सहायता

**रायपुर, 21 जून।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की सरकार एग्रीस्टेक योजना पर कार्य कर रही है, इसके अंतर्गत जियो रिफरेंसिंग आधारित डिजिटल फसल सर्वेक्षण किया जाएगा। सर्वे में किसानों की फसलों की सभी जानकारियां भारत सरकार के एग्रीस्टेक पोर्टल में दर्ज होंगी। किसानों को फसल उत्पादकता के लिए जरूरी इनपुट जैसे फसल ऋण, विशेषज्ञों की सलाह से लेकर बाजार उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। इसके साथ ही किसानों को आवश्यकतानुसार बैंक ऋण लेने की भी सुविधा मिलेगी। एग्रीस्टेक पोर्टल का उद्देश्य कृषि उत्पादकों (किसानों) और नीति निर्माताओं-केंद्र सरकार और राज्य सरकार को एक डिजिटल छतरी के नीचे लाना है। इस पोर्टल के जरिए किसानों को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। किसानों को भूमि फसल, मृदा स्वास्थ्य, मौसम की स्थिति के आधार पर नियमित रूप से सामयिक सलाह फसल की बोआई और उत्पादन के लिए विश्वसनीय डाटा के अलावा सूखा, बाढ़, खराब उत्पादन जैसे जोखिम से निपटने की तैयारी के बारे में जानकारी मिलेगी। एग्रीस्टेक पोर्टल में किसानों का पंजीयन होने के बाद उन्हें एक फार्म तथा फार्मर आईडी दी जाएगी तथा जियो रेफरेन्सड मैप को किसान आईडी से लिंक किया जाएगा।

संपादकीय

## नीति में सरकार की नीयत दिखती है...

कोई भी सरकार कोई नीति बनाती है तो उसकी नीति से ही उसकी नीयत का पता चल जाता है।जिस सरकार की नीयत ठीक नहीं रहती है उसकी नीति ठीक नहीं रहती है। वह नीति ही ऐसी बनाती है कि उसमें भ्रष्टाचार व घोटाला होने की पूरी संभावना हो। नीति में भ्रष्टाचार की संभावना होती है तो ही भ्रश्टाचार होता है, भ्रष्टाचार करने वाले भ्रष्टाचार कर पाते हैं।एक सरकार होती है जो नीति ही ऐसी बनाती है कि भ्रष्टाचार करने वालों के लिए भ्र्ष्टाचार करने का पूरी मौका रहता है। भ्रष्टाचार नहीं रोकने वाली सराकर जितनी बुरी होती है, उससे ज्यादा बुरी भ्रष्टाचार होने देने वाली सरकार होती है।सरकार की नीति से ही साफ हो जाता है कि यह सरकार भ्रष्टाचार रोकने वाली है या होने देने वाली है। किसी भी राज्य की आय का एर बड़ा हिस्सा शराब की बिक्री से आता है। शराब बिक्री से दो तरह की आय होती है। एक होती है वैध आय और एक होती है अवैध आ? ।कई सरकारें होती है जो चाहती है कि सरकार को वैध आय के साथ ही अवैध आय भी हो तो वह शराब की नीति ही ऐसी बनाती है जिससे शराब के धंधे से जुड़े कारोबारी खूब मुनाफा कमा सकें और सरकार व सत्तारुढ़ पार्टी को भी कमाई का एक हिस्सा दें। दिल्ली की अरविंद केजरीवाल सरकार को ऐसी ही सरकार माना जाता है। उन्होंने नीति ही ऐसी बनाई कि शराब कारोबारी खूब कमा सकें और कमाकर सरकार व पार्टी को भी दे। दिल्ली शराब घोटाले हुआ है इसलिए है कि दि्लली सरकार की शराब नीति ही ऐसी थी। एक सरकार होती है भ्रष्टाचार होने देने वाली सरकार। ऐसी सरकार भी अपनी नीति ही ऐसी बनाती हैं कि उसमें राज्य में भ्रष्टाचार हो सके। शराब घोटाला तो भूपूश सरकार के भी समय हुआ है, माान जाता है कि भूपेश सरकार खुद भले भ्रष्टाचार में लिप्त न हो लेकिन उसने भ्रष्टाचार होने दिया.। सरकारी शराब दुकानों में अवैध शराब नकली होलोग्राम बनाकर बेची गई। यह क्या है यह तो भ्रष्टाचार होने देना है। सरकार सीधे शराब बनाने वालों से शराब खरीद सकती थी लेकिन भूपेश सरकार ने बियौलियों से शराब खरीदी क्योंकि उसने नीति ही ऐसी बनाई थी। जहां भी बिचौलिए होते हैं वह अपना हित तो देखत ही हैं।जहां भी बिचौलिए होते हैं, वहां भ्रष्टाचार तो होता ही है। साय सरकार ने राज्य की आबकारी नीति में बड़ा बदलाव किया है, ऐसा बड़ा बदलाव किया है कि शराब की आड़ में कोई घोटाला न हो सके। पहले की सरकार में बिचौलियों के कारण ही भ्रष्टाचार हो रहा था।नई शराब नीति में साय सरकार ने शराब की खरीदी सीधे शराब बनाने वाली कंपनी से करने का फैसला किया है। इससे साफ हो जाता है कि साय सरकार को दूसरी सरकारों की तरह शराब की अवैध कमाई को कोई मोह नहीं है। वह चाहती है कि शराब से जितनी वैध कमाई होती है, वह सराकर को चाहिए। साय सरकार की नीति से उनकी नीयत का पता चल जाताह कि वह राज्य में शराब की आड़ में कोई भ्रष्टाचार होने देना नहीं चाहते हैं। सीएम साय एक ईमानदार नेता है, इनकी शराब नीति में भी उनकी ईमानदारी की झलक है। ज्यादातर राज्य सरकारे जब शराब की वैध कमाई के साथ अवैध कमाई का लोभ छोड़ नहीं पाते है। साय सरकार की शराब नीति से साफ हो जाता है कि वह राज्य में शराब से कोई अवैध कमाई नहीं चाहते हैं। न ही किसी को करने देना चाहते हैं।



योग दिवस

किशन सनमुखदास भावनानी

# भारत एक बार फिर योग गुरु व विश्व गुरु की भूमिका में दिखाई दिया,प्रतिष्ठा में चार चांद लगे



वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियां को अब विश्वास हो गया है कि भारत जो रणनीति बनाकर पूरी दुनियां में क्रियान्वयन करता है तो उसकी सफलता केदूरगामी परिणामों से सफलता के झंडे गढ़ जाते हैं,जिसकी उम्मीद कोई विकसितदेश भी नहीं कर सकता जिसका सटीक उदाहरण अंतरिक्ष के दक्षिणी ध्रुव में यान,भारत का मोटा अनाज यानें अन्नश्री व योग के अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सकारात्मक परिणाम दिखे हैं।हम अगरपिछले 4 महीनों से देखें तो, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2024 की युद्ध स्तरपर तैयारीयां चल रही थी बैक टू हंड्रेड डेस, बैकटू 50 डेस की रणनीति से पूरे देश में गतिविधियां हो रही थी। अभी पिघले 10 दिनों से माननीय पीएम भी रोज उष्ट्रासन, भद्रासन, अर्ध चक्रासन, पादहस्त आसान, त्रिकोणासन, ताड़ासन, वृक्षासन सहित अनेक योगासन के वीडियो मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर रोज साझा कर रहे हैं, जो यह साबित करता है कि आम से खास व्यक्तियों में योग दिवस का कितना उत्साह देखा जा सकता है।वैसे योग दिवस पर सोने पर सुहागा यह भी है कि उस दिन अंतरराष्ट्रीय संगीत दिवस भी मनाया जाता है, यानें योग और संगीत का अनोखा योगदान मानवीय स्वास्थ्य को सकारात्मक लाभ पहुंचता है,क्योंकि आज हम देख रहे हैं कि संगीत पर योग का प्रचलन काफी बढ़ गया है, अलग-अलग म्यूजिक बजाकर योग किया जाता है, यानेंआधुनिक डिजिटल युग का प्राचीन योग प्रणाली को आधुनिक संगीत एक और एक मिलकर ग्यारह बन गए हैं और पूरे विश्व को स्वास्थ्य लाभ पहुंचा रहे हैं, जो न केवल भारत के हर गांव से लेकर शहर और मेट्रोसिटी तक गूंज रहा है, बल्कि करीब करीब 190 से अधिक देशों में इसकी झंकार सुनाई दे रही है। चूंकि भारत एक बार फिर योगगुरु व विश्वगुरु की भूमिका में दिखाई दे रहा है, इसीलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, योग दिवस 21 जून 2024 का धरती से लेकर आसमान तक व देश से विदेश तक डंका बज रहा है,योग व संगीत दिवस का अभूतपूर्व संगम, तथा स्वयं व समाज के लिए योग, हर घर योग। साथियों बात अगर हम 21 जून 2024 को भारत में योग दिवस मनाने की करें तो,पीएम 21 जून को श्रीनगर में 10 वें अंतरराष्?ट्रीय योग दिवस समारोह में रहेंगे। इस वर्ष अंतरराष्?ट्रीय योग दिवस का विषय है- स्वयं और समाज के लिए योग। केंद्रीय आयुषमंत्री कहा कि इस वर्ष का विषय- व्यक्तिगत और सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देने में योग की दोहरी भूमिका के महत्?व को दर्शाता है। हाल के वर्षों में लाखों लोगों की उत्साहपूर्ण भागीदारी से समुदायों पर योग के गहरे प्रभाव का पता चलता है।इस अवसर पर, दृष्टिबाधित लोगों की सुविधा के लिए ब्रेल लिपि में एक सामान्य योग प्रोटोकॉल पुस्तक का विमोचन किया। उन्होंने योग पर प्रोफेसर आयुष्मान कॉमिक का लोकार्पण भी किया। यह पुस्तक बच्चों को रुचि और मनोरंजन के साथ योग सीखने और अभ्यास करने में मदद करेगी।एक विशेष पहल के रूप में, इस वर्ष भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन-इसरो अंतरराष्?ट्रीय योग दिवस पर एक अनूठी पहल अंतरिक्ष के लिए योग का आयोजन कर रहा है। इसरो के सभी वैज्ञानिक और अधिकारी सामान्य योग प्रोटोकॉल दिशानिर्देशों के अनुसार एक साथ योग करेंगे। गगनयान मिशन के सदस्?य भी योगाभ्यास करके अंतरराष्?ट्रीय योग दिवस के वैश्विक अभियान में शामिल होंगे।योग के क्षेत्र में प्रौद्योगिकी और स्टार्ट-अप को बढ़ावा देने के लिए आयुष मंत्रालय ने माई गॉव पोर्टल और माई भारत पोर्टल पर योगा टेक चैलेंज शुरू किया है।केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री ने इस बात पर बल दिया है कि इस वर्ष का विषय स्वयं और समाज के लिए योग व्यक्तिगत और सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देने में योग की दोहरी भूमिका को परिलक्षित करता है।उन्होंने कहा,योग शारीरिक मानसिक और आध्यात्मिक विकास के साथसाथ सामाजिक सद्भाव को भी बढ़ावा देता है। साथियों बात अगर हम योग दिवस के उद्देश्यों और महत्व की करें तो, इसका उद्देश्य योग अभ्यास के असंख्य लाभों के बारे में वैश्विक जागरूकता पैदा करना है।प्रस्ताव में व्यक्तियों और समुदायों द्वारा स्वस्थ विकल्प चुनने तथा अच्छे स्वास्थ्य को बढ़ावा देने वाली जीवनशैली अपनाने के महत्व को स्वीकार किया गया है।इसके अनुरूप, विश्व स्वास्थ्य संगठन ने सदस्य देशों से अपने नागरिकों को शारीरिक निष्क्रियता कम करने के लिए प्रोत्साहित करनेका आग्रह कियाहै, जो दुनिया भर में मृत्यु का एक प्रमुख कारण है और ह्रदय संबंधी बीमारियों, कैंसर और मधुमेह जैसी गैर-संचारी बीमारियों के लिए एक प्रमुख जोखिम कारक है हालांकि योग में सिर्फ.शारीरिक गतिविधि ही शामिल नहीं है। जैसा कि प्रसिद्ध योगा भ्यासकर्ता स्वर्गीय बी.के.एस. अयंगर ने कहा था, योग रोजमर्रा की ज़िंदगी में संतुलित मानसिकता विकसित करता है और काम करने में कुशलता बढ़ाता है। इसके अनेक लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाने का एक तरीका है।योग मन और शरीर का एक अभ्यास है जिसका शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।यह तनाव को कम करने, लचीलेपन में सुधार करने और ताकत बढ़ाने में मदद कर सकता है। यह दुनिया भर में योग के अभ्यास को बढ़ावा देने का एक तरीका है।योग एक सावभौमिक अभ्यास है जिसका आनंद सभी आयु और क्षमताओं के लोग उठा सकते हैं।यह आपके शरीर और मन से जुड़ने तथा आपके समग्र स्वास्थ्य को बेहतर बनाने का एक शानदार तरीका है। यह भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का जश्न मनाने का एक तरीका है।योग की उत्पत्ति हजारों वर्ष पहले भारत में हुई थी और यह आज भी भारतीय संस्कृति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस इस परंपरा का सम्मान करने और इसे दुनिया के साथ साझा करने का एक तरीका है। यह शांति और सद्भाव को बढ़ावा देने का एक तरीका है।योग एक अभ्यास है जो हमें वतर्मान क्षण पर ध्यान केंद्रित करना और तनाव एवं नकारात्मकता को दूर करना सिखाता है।यह हमें अपने भीतर से जुड़ने तथा अपने जीवन में शांति और सद्भाव पाने में मदद कर सकता है।केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री ने इस बात पर बल दिया है कि इस वर्ष का विषय स्वयं और समाज के लिए योग व्यक्तिगत और सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देने में योग की दोहरी भूमिका को परिलक्षित करता है।उन्होंने कहा,योग शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक विकास के साथ-साथ सामाजिक सद्भाव को भी बढ़ावा देता है।हाल के वर्षों में लाखों लोगों की उत्साही भागीदारी जन-समुदायों पर योग के गहन प्रभाव को दर्शाती है।उन्होंने यह भी घोषणा की कि पीएम ने प्रत्येक ग्राम प्रधान को पत्र लिखकर जमीनी स्तर पर भागीदारी और ग्रामीण क्षेत्रों में योग के प्रसार को प्रोत्साहित किया है। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य समारोह श्रीनगर में आयोजित किया जा रहा है। समारोह की अध्यक्षता एक बार फिर पीएम करेंगे।

साथियों बात अगर हम माननीय पीएम द्वारा 10 दिन पूर्व से ही योग दिवस की सक्रियता की करें तो उन्होंने सभी देशवासियों से योग को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाने का आग्रह किया है। उन्होंने यह भी कहा कि योग से हमें असीम शांति प्राप्?त होती है, जिससे हम जीवन की चुनौतियों का सामना शांति और धैर्य के साथ कर सकते हैं।आने वाले योग दिवस को ध्?यान में रखते हुए वीडियो का एक सेट भी साझा किया, जो विभिन्न आसनों और उनके लाभों के बारे में हमारा मार्गदर्शन करता है। पीएम ने एक्स पोस्ट की एक श्रृंखला में कहा;अब से दस दिन बाद, दुनिया 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस एकता और सद्भाव का समारोह मनाने वाली एक शाश्वत पद्धति है। योग ने सांस्कृतिक और भौगोलिक सीमाओं को पार कर लिया है और इसने समग्र कल्याण की तलाश में विश्?व के लाखों लोगों को एकजुट किया है।इस वर्ष के योग दिवस के नजदीक आते ही, योग को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाने और दूसरों को भी इसे अपने जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रोत्साहित करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराना जरूरी है। योग से हमें असीम शांति प्राप्?त होती है, जिससे हम जीवन की चुनौतियों का सामना शांति और धैर्य के साथ कर सकते हैं।योग दिवस नजदीक आ रहा है, इसलिए मैं कुछ वीडियो शेयर कर रहा हूँ, जो विभिन्न आसनों और उनके लाभों के बारे में मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। मैं आशा करता हूं कि यह आप सभी को नियमित रूप से योग का अभ्यास करने के लिए प्रेरित करेगा।

## आज का राशिफल

मेष राशिः आज का दिन खुशियों से भरा रहेगा। आप परिवारवालों के साथ समय बिताएंगे। घर का वातावरण खुशनुमा बना रहेगा। बच्चों को कोई बड़ा सरप्राइज मिल सकता है। कुछ लोग आपके किसी काम में मदद भी कर सकते हैं। आपको किस्मत का पूरा-पूरा साथ मिलेगा। दूसरे लोग आपके कामकाज से प्रभावित होंगे। आपकी तरक्की के नये रास्ते खुलेंगे। आप किसी काम को नये सिरे से शुरू करने के बारे में विचार कर सकते हैं। इसके लिए आपको कुछ सहयोगियों की जरूरत पड़ सकती है। सेहत को लेकर थोड़ा ध्यान रखने की जरूरत है।

वृष राशिः आज का दिन आपके लिए बेहद खास रहने वाला है। ऑफिस के किसी काम से आपकी लम्बी यात्रा हो सकती है, यात्रा लाभदायक रहेगी। बुजुर्ग अपने किसी बचपन के दोस्त से मिलकर अपनी पुरानी यादों को फिर से ताजा करेंगे। आज आपके आर्थिक स्थिति में काफी सुधार आयेगा। व्यावसायिक कार्यों के लिहाज से आज का दिन बेहतर है। आप हर काम को धैर्य और समझदारी से पूरा करने की कोशिश करेंगे। जो लोग फिल्म जगत से जुड़े हैं उनको आज काम का अच्छा ऑफर मिल सकता है।

मिथुन राशिः आज आपका दिन उत्साह से भरा रहने वाला है। आपका रुझान अध्यात्म की तरफ रहेगा, आप किसी धार्मिक कार्यक्रम की योजना बना सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपको बढ़ोत्तरी के नये अवसर मिलेंगे। इस राशि के जो लोग मिट्टी के बर्तन बनाने का काम करते हैं उनके लिए लाभ के योग बन रहे हैं। अगर आप कोई नई कार खरीदने का मन बना रहे हैं तो आज आपके लिए शुभ दिन है। घर में खुशियां बनी रहेंगी। आज शत्रु पक्ष आपके सामने नतमस्तक होगा। छात्र किसी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने का मन बनाएंगे।

कर्क राशिः आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहेगा। किसी जरूरी चीज को खरीदने में आपके पैसे खर्च हो सकते हैं। इस राशि के जो लेखक हैं, उनकी कोई कविता लोगों को काफी पसंद आएगी। आपको किसी संस्था के द्वारा सम्मानित भी किया जा सकता है। जीवनसाथी के साथ आपका ताल मेल अच्छा बना रहेगा, घर का फैंसी डेकोरेशन करवाने का मन बना सकते हैं। आपको किसी जरूरी काम में पड़ोसियों का सहयोग मिलेगा, आपका बिगड़ता काम बन जायेगा। माता-पिता का आशीर्वाद आपके साथ बना रहेगा। स्टूडेंट आज कम्प्यूटर कोर्स ज्वॉइन कर सकते हैं।

सिंह राशिः आज का दिन शानदार रहेगा। ऑफिस में आपको मनपसंद काम दिया जा सकता है। काम करने में मन लगा रहेगा। आपसे एक्सपर्ट के तौर पर सलाह ली जा सकती है। इस राशि के लोगों की नौकरी में प्रमोशन के साथ ही इनकम बढ़ने के भी चांस नजर आ रहे हैं। छात्र अपने कुछ विषयों को लेकर अधिक रुचि दिखायेंगे। एजुकेशन सेक्टर में काम कर रहे लोगों का दिन राहत से भरा रहेगा। बिजनेसमैन को काम में कुछ नए अनुभव मिल सकते हैं।

कन्या राशिः आपके लिए दिन अनुकूल रहने वाला है। लोग आपके काम की तारीफ करेंगे। आप खुद भी अपने काम से संतुष्ट रहेंगे। जीवनसाथी के साथ बाहर डिनर पर जाने का अच्छा मौका है, किसी रेस्टोरेंट जयेंगे। स्पोर्ट्स से जुड़े लोग किसी नई एक्टिविटी में भाग लेंगे। आज आपकी सेहत अच्छी बनी रहेगी। छात्र अपने करियर के लिए किसी सीनियर से सलाह ले सकते हैं, सही सलाह आपके करियर को किसी अच्छे मुकाम पर पहुंचा सकती है। आज आपको काम में मुनाफा मिलेगा।

तुला राशिः आज का दिन आपके लिए अच्छा है। आपके सभी काम समय से पूरे होंगे। ऑफिस में आपको सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा। आपके सकारात्मक विचार किसी व्यक्ति को प्रभावित कर सकते हैं। आपकी मदद दूसरों के लिए फायदेमंद होगी। स्टूडेंट्स अपनी पढ़ाई को लेकर कुछ बदलाव कर सकते हैं। कठिन विषयों को समझने के लिए अपने सिनीयर की मदद लेंगे। आज आप घर के किसी काम में जीवनसाथी की मदद भी ले सकते हैं रिश्ते बेहतर रहेंगे।

वृश्चिक राशिः आज का दिन जीवन में। किसी नयी खुशी का संकेत लाएगा। जीवनसाथी कोई बड़ी खुशखबरी दे सकते हैं जिससे परिवार के बाकी लोग भी काफी खुश नजर आएंगे। रिश्तों और काम के बीच तालमेल बना रहेगा। आर्थिक रूप से आप स्ट्राँग रहेंगे। इंजीनियर्स को कोई बड़ा फायदा होगा। इस राशि के जो मैनेजर पोस्ट के लोग है अपने काम को अच्छे से संभालेंगे। बच्चों के साथ शॉपिंग करने मॉल जा सकते हैं, उन्हें काफी अच्छा लगेगा। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है।

धनु राशिः आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। काम की गति बनी रहेगी। आप खुद को रिलेक्स फील करेंगे। इस राशि के जो लोग अविवाहित हैं, उनके रिश्ते की बात घर पर चल सकती है। घर का माहौल अच्छा रहेगा। काम के मामले में कुछ लोग आपसे सलाह मांग सकते हैं। वर्क फ्रॉम होम कर रहे लोगों का काम अच्छा चलेगा। दूसरे लोग भी आपकी योजना से प्रभावित होंगे। माता-पिता से भविष्य की योजना के बारे में विचार विमर्श कर सकते हैं।

मकर राशिः आज का दिन जीवन में अहम मोड़ लायेगा। आपको अपने करियर का कोई बड़ा फैसला लेना पड़ सकता है। ध्यान रहे जो भी करें, सोच-समझ कर करें। काम की वजह से आप परिवार को पूरा समय नहीं दे पायेंगे। लेकिन परिवार का साथ बना रहेगा। कुछ मामलों में थोड़ा भावुक हो सकते हैं। राइटर की कोई बुक पब्लिश होगी, जिसे लोगों का काफी प्यार मिलेगा। आपकी वाणी में मधुरता बनी रहेगी। नए कामों को करने में भाग्य आपका पूरा साथ देगा। छात्रों के लिए आज का दिन उनके अनुकूल रहेगा।

कुंभ राशिः आज का दिन नई उमंगों के साथ शुरू होने वाला है। आपका कोई नजदीकी मित्र आपसे मिलने आ सकता है। आप उनसे अपनी कोई निजी समस्या शेयर कर सकते हैं। परिवार की उलझनों को सुलझाने में आपको मदद मिलेगी। इस राशि के छात्रों के लिए दिन ठीक-ठाक है। पढ़ाई में आ रही समस्याएं दूर हो जाएगी। आपको नतीजों की ज्यादा फिक्र ना करके अपने काम पर ध्यान देने की जरूरत है। बड़े-बुजुर्ग आपको कोई खास सलाह भी दे सकते हैं। नवविवाहित दंपत्ति के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है, एक दूसरे को समझने की कोशिश करेंगे।

मीन राशिः आज आपका दिन शानदार रहेगा। लोग आपकी बातों पर पूरा ध्यान देंगे। यात्रा की योजना बन सकती है। पैसों से जुड़ी समस्याओं का समाधान आज निकल जायेगा। रोजमर्रा के काम पूरे हो सकते हैं। दिनभर मस्ती के मूड में रहेंगे। आपको किस्मत का साथ मिलेगा। अधिकारी आपके काम की तारीफ करेंगे। दूसरों के सामने अपनी बात को खुलकर रख सकते हैं। लोग आपकी बातों को इम्पोर्टेंस देंगे। शाम को जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बीतेगा। प्रसाशनिक कार्यों में आज आपको सफलता मिलेगी।

व्यंग्य

## डिग्रीधारी

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'

साहब बहुत पढ़े-लिखे थे। दीवार पर टंगी डिग्रियाँ इसी बात का साक्ष्य दे रही थीं। कागज पर एमए अंग्रेजी में गोल्ड मेडलिस्ट और हकीकत में ईटिंग-स्लिपिंग को पार नहीं कर पाए। जागते हैं तो ईटिंग और सोते हैं तो स्लिपिंग। अपने जरूरत के कामों के लिए कम, गो, गिव जैसे जरूरी शब्द सीख लिए हैं। पसंदीदा शब्दावली में इडियट, रास्कल, नॉनसेंस और बास्त्रटर्ड की जपमाला बना रखी है। सबसे ज्यादा इसी को फेरते रहते हैं। इस जपमाला के चलते साहब की तगड़ी अंग्रेजी के सामने किसी के आने की हिम्मत नहीं होती थी। साहब का



एक ड्राइवर था। ड्राइवर इसलिए कि वह मेहनती था। आलसी होता तो बड़ा साहब न बन जाता। मेहनत करने के शार्टकर्ट नहीं होते। सब स्ट्रेटफॉवर्ड होता है। जबकि आलस के लिए बहाने बनाने पड़ते हैं। दिमाग दौड़ाना पड़ता है। इस प्रक्रिया में इंसान ठेकेदार से लेकर वकील, इंजीनियर, डॉक्टर और स्कॉलर बन जाता है। एक झूठ को छिपाने के लिए हजार सच्चाइयों का गला घोंटना पड़ता है। यह काम बड़ा ही सच्चा धूर्त ही कर सकता है। सो साहब का ड्राइवर पढ़ा-लिखा तो था लेकिन खरीदी गई डिग्री वाले साहब का गुलाम था। आजकल असली डिग्रियाँ नकली डिग्रियों की सुरक्षा में चौक-चौबंद रहती हैं। एक दिन साहब किसी दावत से लौट रहे थे। फोकट की दावत थी सो दबाकर खा लिया। रास्ते भर ऊँघते रहे। ड्राइवर बड़ी सावधानी से चला



रहा था। साहब की नींद न टूटे इसके लिए मक्खन से भी स्मूथ ड्राइविंग का नजारा पेश कर रहा था। लेकिन हर स्मूथनेस का एक अंत होता है। ड्राइवर ने अचानक से गाड़ी की गति धीमी की। साहब नींद में बडबड़ाने लगे, इडियट तुमने गाड़ी क्यों स्लो कर दी। पता नहीं यह हमारे बाप की सड़क है। किसमें इतनी मजाल जो हमारा रास्ता रोक दे। इतना सब कहते हुए वे ऊटपटांग भाषा में चालीस सेकंड वाली अपनी अंग्रेजी जपमाला बार-बार रिपीट कर रहे थे। यह देख ड्राइवर ने कहा, साहब रास्ते में स्पीड ब्रेकर है। बिना धीमे किए आगे नहीं बढ़ सकते। यह सुन साहब ने कहा, कौनसा स्पीड ब्रेकर?, कैसा स्पीड ब्रेकर। उसे पता नहीं हम कौन हैं? उसकी इतनी मजाल कि हमारा रास्ता रोक दे। बास्टर्ड पर इतना हॉर्न बजाओ कि दुम दबाकर भाग जाए। नहीं तो कह दो कि पुलिस थाने में ऐसा केस बुक करवायेंगे कि वह तो क्य उसकी सात पुश्ते जेल में पड़े-पड़े सड़कर मर जायेंगे। इतना सुनना था कि ड्राइवर भीतर ही भीतर हँसने लगा। लेकिन तुरंत अपनी ड्रावरी की नौकरी और पेट का ख्याल आते ही कागजी डिग्री के सामने बेवकूफ बनते हुए जोर-जोर से हॉर्न बजाने लगा।

कबीर जयंती

डॉ. अशोक कुमार भार्गव,पूर्व आईएएस


# सामाजिक क्रांति के अग्रदूत कबीर



भारतीय चिंतन परम्परा में सामाजिक क्रांति के अग्रदूत कबीर का चिंतन सामाजिक जड़ता, अराजकता, जन्म के आधार पर भेदभाव, साम्प्रदायिकता, अस्पृश्यता और उंच-नीच जैसी अमानवीय व्यवस्था के खिलाफ शंखनाद है। वे ऐसे आदर्श मानवीय समाज की परिकल्पना करते हैं जहां सामाजिक समरसता पर आधारित मानवीय धर्म की प्रतिष्ठा हो। कहा जाता है कि काशी में लहरतारा तालाब पर नीरू तथा नीमा नामक जुलाहा दंपति को एक नवजात शिशु अनाथ रूप में प्राप्त हुआ। इन दोनों ने बालक का पालन पोषण किया जो संत कबीर के नाम से विख्यात हुए। निम्न और वंचित समझी जाने वाली जुलाहा जाति में पलकर भी तत्कालीन धर्म के दिग्गज पंडितों, मौलवियों को एक ही साथ फटकार सकने में समर्थ कबीर ने 'मसी' और 'कागद' न छूकर तथा कलम हाथ में न पकड़ कर भी केवल अपने प्रामाणिक अनुभव के बल पर जो कुछ कहा उसे सुनकर बड़ी-बड़ी पोथियों के अध्येता भी चकित रह गए। मध्यकालीन भक्ति आंदोलन के प्रणेता कबीर ने निराकार ब्रह्म के उपासक होकर भी अपने प्रियतम के वियोग में जो चिरंतन व्याकुलता प्रकट की वह किसी भी सगुणोपासक अथवा प्रेमोपासक की विकलता से कहीं अधिक मार्मिक तीव्र एवं गहन बन गई।

संत कबीर का उद्भव जिन युगीन परिस्थितियों मे हुआ वे अत्यंत संकीर्ण, विषम और विसंगति पूर्ण थी। उत्तर भारत में मुस्लिम साम्राज्य अपनी जड़ें पूरी तरह जमा चुका था। तुर्क, अफगान, खिलजी, तुगलक, सैयद लोदी वंश अपने-अपने काल में इन जड़ों को और गहरा बनाने में कामयाब रहे। हिंदुओं के छोटे-छोटे राज्य भी अब समाप्त हो चुके थे। राजनीतिक दृष्टि से हिंदुओं में अब कोई शक्ति शेष नहीं थी। धार्मिक क्षेत्र में भी भेदभाव का साम्राज्य था। देश के पूर्वी भागों में वज्रयानी सिद्धों के तंत्र-मंत्रों का और पश्चिमी भाग में नाथ संप्रदाय के हठयोग का प्रभाव था। हिंदू धर्म वैष्णव, शैव और शाक्त संप्रदायों में विभक्त था और इन धर्म साधनाओं में परस्पर प्रबल विरोध और संघर्ष की स्थिति थी। हिंदुओं में मूर्ति पूजा प्रचलित थी। एकेश्वरवादी इस्लाम मूर्ति पूजा विरोधी था। इस्लाम के साथ सत्ता थी उनमें ऊंच, नीच का भेद नहीं था। कुछ वर्गों में सांप्रदायिक कट्टरता एवं संकीणर्ता पनप रही थी। समाज में धर्मगत, जातिगत, वर्णगत संप्रदाय गत विषमताएं विकट थीं। फलस्वरूप समाज का निम्न और अछूत वर्ग शोषण, उत्पीड़न, उपेक्षा, अपमान और सामाजिक धार्मिक निर्योग्यताओं का शिकार होने से इनमें आक्रोश, असंतोष और विक्षोभ प्रबल हो रहा था।

ऐसी विषम स्थिति में कबीर की क्रांत दशिर्ता विभिन्न मतवादों को समन्वित कर 'सूप' का स्वभाव लेकर उभरी जो किसी भी मत और संप्रदाय के 'थोथे' तत्व को उड़ा सकने एवं उसके सार तत्व को ग्रहण कर सकने में समर्थ है। यही कारण है कि उनकी बानियां लोक मंगल की भावना से प्रेरित लोकमंगल की साधना को समर्पित है। कबीर का चिंतन आचरण शुद्धि, लोक कल्याण, सांप्रदायिक सद्भाव तथा दुष्प्रवृत्ति उन्मूलन पर केंद्रित है। कबीर ने तत्कालीन समाज में फैले कमर्कांडों, पाखंडों, जातिगत भेद-भावों अंधविश्वासों, बाह्यचारों और सामंती व्यवस्था की खुलकर आलोचना की। हिंदू हो या मुसलमान पंडित हो या मौलवी सबको समान रूप से फटकार लगाई। कबीर ने मुसलमान की हिंसात्मक प्रवृत्ति की निंदा की। मूर्ति पूजा का खंडन किया। हिंदुओं को मुसलमान बनाने के विरुद्ध बगावत की।माला जपने, जप तप करने, व्रत रखने, रोजे रखने, मस्जिद में बांग लगाने आदि अनेक पाखंडों की आलोचना की। कबीर ने 'जाति-पांति पूछे नहि कोई। हरि को भजै सो हरि को होई' कहकर समाज को एक नई दिशा दी।



कबीर की कटु आलोचनाओं से समाज के ठेकेदारों के निहित स्वार्थ जब प्रभावित होने लगे तो इन्होंने बादशाह सिकंदर लोदी से शिकायत की। काजियों ने कहा कि कबीर लोगों को इस्लाम के विरुद्ध नसीहत देते हैं जिससे मुसलमान हिंदुओं की तरह ध्यान और भजन करने लगे हैं। पंडितों ने कहा कि कबीर परंपरा से चले आ रहे धार्मिक और सामाजिक नियमों का खंडन करते हैं। लोगों को ऐसे मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं जिसे न हिंदू कहा जा सकता है न मुसलमान। बादशाह ने कबीर को ऐसा न करने का आदेश दिया। किंतु कबीर झुके नहीं और निर्भय होकर कहा कि पारस्परिक मतभेदों में समन्वय कर यदि जीवन को सार्थक बनाने योग्य समता मूलक सच्चे सिद्धांतों पर अमल किया जाए तो इसमें क्या दोष है? धर्म के ठेकेदारों को यह मंजूर नही था। बादशाह भी स्वयं मुसलमान था उसने तलवार के जोर से इस्लाम का प्रचार किया। इसलिए बादशाह ने कबीर को मृत्युदंड दिया। कबीर पंथियों का मत है कि लोदी ने अनेक प्रकार के उपायों से कबीर को मरवाने की कोशिश की किंतु किसी दैवी शक्ति या चमत्कार से कबीर का कुछ नहीं हुआ। अंततः कबीर के अलौकिक व्यक्तित्व के समक्ष सिकंदर लोदी नतमस्तक हुआ और कबीर को स्वतंत्रत कर दिया।

एक बार कबीर को बादशाह को सलाम अदा करने के लिए कहा तब कबीर ने उत्तर दिया 'एक परमात्मा के सिवाए मालिके मखलूक और कोई नहीं । मैं उसी को सलाम करता हूं मिट्टी से बने किसी इंसान को नहीं।' कबीर के इस प्रबल आत्मविश्वास और निर्भयता के पीछे उनके अनुभव की प्रामाणिकता, ईमानदारी, सच्चाई और नैतिकता कार्य कर रही थी। खरी-खरी सुनाने का अद्भुत साहस कोई खरी अनुभूति वाला व्यक्ति ही कर सकता है। कबीर अशिक्षित थे सहज, सरल सबके लिए सुलभ थे। उन्होंने जिंदगी की पोथी को खुली आंखों से पढ़ा था। वे प्रेम के एक अक्षर को पढ़कर ही पंडित हो गए थे। उनकी भक्ति में ज्ञान योग और प्रेम का अद्भुत समन्वय है। ज्ञान के बिना मुक्ति नहीं और गुरु के बिना ज्ञान नहीं। कबीर स्वामी रामानंद से गुरु दीक्षा के अभिलाषी थे किंतु शास्त्रानुसार जुलाहे कबीर पात्र नहीं थे। स्वामी रामानंद ने विवशता बताई और कबीर के स्पर्श के कारण दुबारा गंगा स्नान करने को कहा। तब कबीर ने टूटे हुए ह्रदय से कहा ₹आपकी पवित्रता मुझे पावन न बना सकी किंतु मेरी अपावनता ने आपको पुनः स्नान के लिए बाध्य कर दिया। सुना था देवता के स्पर्श से पापी तक पावन हो जाते हैं किंतु आज एक देवता मनुष्य को छूकर अपावन हो गया।₹ स्वामी रामानंद ने कबीर के कथन में निहित सत्य को अनुभूत किया और बाद मे कबीर को अपने आश्रम ले आए। कबीर ने सदैव शारीरिक श्रम की महत्ता को स्वीकार किया और आजीवन जुलाहे कर्म का निष्ठा से पालन किया। कबीर की मृत्यु पूर्व की सूचना पर उनके हजारों हिंदू-मुस्लिम भक्त एकत्र हो गए। हिंदू उनका दाह संस्कार करना चाहते थे और मुसलमान दफन। किंतु कबीर जो जीवन भर सांप्रदायिक सद्भाव और एकता के लिए संकल्पित रहे उनका यह विश्वास टूटने पर अलौकिक शक्ति से अपने शव को अद्रशय कर दिया और उस स्थान कुछ पुष्प बिखरे रह गए। आधे पुष्प हिंदुओं ने लेकर दाह संस्कार कर समाधि बना दी मुसलमानों ने आधे पुष्प दफन कर मकबरा बना दिया। वस्तुतः कबीर हिंदू के भी थे और मुसलमान के भी। वे दोनों को जोड़कर एक मानव संस्कृति के निर्माण की आधारशिला रख रहे थे। अपने सिद्धांतों के लिए जीने, मरने वाले कबीर न किसी जाति में पैदा हुए और न किसी धर्म में मरे जो एक साथ कब्र में दफन और समाधि में समाधिस्थ भी। निःसंदेह कबीर साधना के क्षेत्र में युग गुरु और साहित्य के क्षेत्र में युग द्रष्टा हैं। उनकी साधना वैयक्तिक और आध्यात्मिक होते हुए भी समष्टिपरक है। वे ऐसे सर्जक है जो परंपरा को तोड़ते ही नहीं बल्कि अपनी समकालीनता से उसे नए अर्थ भी देते हैं। कबीर में परंपरा के प्रति निरर्थक मोह नहीं है। वे आत्मा-परमात्मा का रहस्य बतलाते हुए कहते हैं कि आप सब अपने दिलों से हिंदू मुसलमान, ऊंच-नीच, अमीर-गरीब और छोटे-बड़े का भेदभाव मिटा दो। हम सब एक ही राम-रहीम के बंदे हैं। आपस में सद्भाव से मिलजुल कर प्रेम से रहते हुए ईश्वर की भक्ति कर नेक जिंदगी जिए। यही मेरा संदेश और मजहब है। एक दिन कबीर ने पुत्र कमाल को कहा मुझे मगहर पहुंचा दो। मैं काशी में मरना नहीं चाहता। कमाल ने आश्चर्य से कहा कि ₹अब्बा, लोग तो दूर-दूर से मरने के लिए काशी में आते हैं और आप काशी छोड़कर मगहर जाना चाहते हैं। सुना है काशी में मरने पर स्वर्ग मिलता है और मगहर में मरने पर नरक। कबीर ने हंसते हुए कहा कि मैं इसी भ्रम को तोड़ना चाहता हूं। वैसे न मैं स्वर्ग में विश्वास करता हूं न नरक में। स्वर्ग और नरक मन का भ्रम हैं। कर्मों की पवित्रता, नैतिकता से मिलने वाली आत्म शांति स्वर्ग है और पाप कर्मों से मिलने वाली यातना नरक। मुझे अपने कर्मों की पवित्रता पर विश्वास है। मैं मगहर में मरकर भी स्वर्ग ले लूंगा और कबीर ने मगहर में अपना पार्थिव शरीर छोड़ दिया। निसंदेह साहित्य और धर्म के क्षेत्र में एक नवीन क्रांति के जनक कबीर भौतिक रूप से हमारे मध्य नहीं है किंतु मानवता को हर प्रकार के बंधनों से मुक्त कर अखंड आनंद की प्राप्ति कराने वाला उनका समग्र सृजन, साखियां, बानियां, उलटबासियां, दोहे, बीजक आदि साहित्य प्रगतिशील समाज के लिए प्रेरणा की अमूल्य धरोहर है जिनका आध्यात्मिक रहस्य दुनिया के किसी भी धर्म ग्रंथ से कमतर नहीं है।

**(लेखक मोटिवेशनल स्पीकर, स्वतंत्र लेखक एवं पूर्व आईएएस हैं।)**

# बस्तर सांसद दंतेवाड़ा में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं से हुए रूबरू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 21 जून।** बस्तर सांसद महेश कश्यप गुरुवार को दंतेवाड़ा पहुंचे। सांसद श्री कश्यप भाजपा जिलाध्यक्ष दंतेवाड़ा व विधायक चैतराम अटामी के साथ आराध्य देवी माँ दंतेश्वरी जी के दरबार पहुँच दर्शन कर क्षेत्र की खुशहाली का आशीर्वाद माँगा । दंतेवाड़ा आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओ ने बस्तर सांसद महेश कश्यप का गर्मजोशी के साथ भाजपा कार्यालय चितालंका में स्वागत किया । भाजपा जिला संगठन प्रभारी श्रीनिवास मद्दी भी इस दौरान मौजूद रहे । विधायक चैतराम अटामी ने पुष्पगुंछ भेंटकर उनका स्वागत किया । कार्यालय में बैठक की शुरुवात में पंडित दीनदयाल उपाध्याय,श्यामा प्रसाद मुख़र्जी एवं अटल जी के छायाचित्र पर दिप प्रज्वलित कर श्रद्धा सुमन अर्पित कर किया गया । सांसद महेश कश्यप ने भाजपा कार्यालय चितालंका दंतेवाड़ा में भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओ का आभार व्यक्त करते हुए कहा की दंतेवाड़ा जिले के देवतुल्य कार्यकर्ताओ को में प्रणाम करता हु आपका प्यार और मेहनत के कारण बस्तर लोकसभा से मुझे नेतृत्व करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ साथ ही में दंतेवाड़ा जिले के मतदाताओं का भी आभार व्यक्त करता हु हमेशा दंतेवाड़ा की जनता के सेवा हेतु उपस्थित होकर अपना कर्तव्य का निर्वाहन करने हेतु तत्पर प्रयासरत रहूँगा । श्री कश्यप ने कहा की कवासी लखमा बोलते थे महेश कश्यप कौन है कोई नहीं जनता परन्तु आप सभी कार्यकर्ताओ से मुकाबला करना था ये वो भूल रहे थे और कवासी लखमा को हार का सामना करना पड़ा । छत्तीसगढ़ के बस्तर लोकसभा सीट में कांग्रेस से भाजपा ने पिछले बार जीती हुई सीट वापस ले ही ली 0। बार के विधायक व पूर्व मंत्री कवासी लखमा को भी भाजपा ने महेश कश्यप के हाथो हार का स्वाद चखा दिया । सरपंच रहे भाजपा के लोकप्रिय बस्तर प्रत्याशी महेश कश्यप ने पूर्व मंत्री और कोंटा विधानसभा से विधायक कवासी लखमा को 55245 मतों से पराजय किया था । महेश कश्यप को कुल 458398 वोट मिले जबकि कवासी लखमा को 403153 मतों के साथ संतुष्ट होना पड़ा और इसके साथ ही दंतेवाड़ा विधायक व भाजपा जिलाध्यक्ष चैतराम अटामी समेत दंतेवाड़ा भाजपा कार्यकर्ताओ के अथक परिश्रम से 12000 से अधिक वोटो के ऐतिहासिक बढ़त ने जश्न पर चार चाँद लगा दिए । विधायक चैतराम अटामी ने कहा की बस्तर में कमल खिला है और हमारे प्रत्याशी महेश कश्यप विजयी हुए है,बस्तर की जनता ने फिर डबल इंजन सरकार पर भरोसा जताया है,विश्व के लोकप्रिय नेता नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार केंद्र सरकार बन गयी है,जनता ने भाजपा को जो आशीर्वाद दिया है उस हेतु समस्त मतदाताओं एवं भाजपा कार्यकर्ताओ का में आभार व्यक्त करता हु । भाजपा जिला संगठन प्रभारी श्रीनिवास मद्दी ने कहा की पहले विधानसभा फिर लोकसभा चुनाव में भाजपा के कार्यकर्ताओ के अथक परिश्रम का परिणाम आज सामने है बस्तर सांसद महेश कश्यप के साथ दंतेवाड़ा से विधायक चैतराम अटामी हम सबके साथ है । आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक दल है क्योकि भाजपा का कार्यकर्ता कभी थकता और रुकता नहीं है हम एक चुनाव के ख़त्म होते ही समीक्षा कर दुसरे चुनाव के तैयारी में जुट जाते है बाकि राजनीतिक दलों की तरह सिर्फ चुनाव के दौरान ही नहीं दीखते, भाजपा जिला संगठन दंतेवाड़ा प्रभारी होने के नाते मेने यहाँ कार्यकर्ताओ में जोश और उत्साह देखा था इसलिए हम पहले से ही बोल रहे थे।

## एक नजर

### जिले में अब तक 58.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**सुकमा, 21 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** भू-अभिलेख कार्यालय जिला सुकमा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से शुरू की गई वर्षा मापन में अब तक सुकमा तहसील में 153.5 मिलीमीटर, छिन्दगढ़ तहसील में 57.2 मिलीमीटर, कोण्टा तहसील में 40.0 मिलीमीटर, गादीरास तहसील में 40.1 मिलीमीटर, तोंगपाल तहसील में 24.0 मिलीमीटर, दोरनापाल तहसील में 63.8 मिलीमीटर और जगरगुण्डा तहसील में 34.1 वर्षा दर्ज हुई है। इस प्रकार सुकमा जिले में 19 जून तक 58.9 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई है। इस मानसून सत्र जिले में 1734.5 मिलीमीटर औसत वर्षा संभावित है। वर्षा प्रतिवेदन 19 जून के आधार पर सर्वाधिक वर्षा सुकमा तहसील में 52.0 मिलीमीटर, गादीरास तहसील में 15.5 मिलीमीटर, जगरगुण्डा तहसील में 12.0, कोण्टा तहसील में 10.0 छिंदगढ़ तहसील में 2.3 मिलीमीटर, तोंगपाल तहसील और जगरगुण्डा तहसील में 0.0 मिलीमीटर दर्ज की गई है। इस प्रकार 13.1 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई है।

### लेखा समाधान बैठक 29 जून को

**उत्तर बस्तर कांकेर 21 जून।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन-2024 हेतु परिणाम घोषणा के 30 दिनों की विनिर्धारित अवधि तक व्यय लेखा दाखिल किया जाना है। इस संबंध में 29 जून को प्रातः 11 बजे जिला कार्यालय के सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई है, जिसमें अभ्यर्थी को अपने निर्वाचन व्यय की न्यूनोक्त राशि के लेखा समाधान का अवसर दिया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नीलेश महादेव क्षीरसागर द्वारा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र कांकेर के समस्त अभ्यर्थियों एवं निर्वाचन अभिकर्ताओं से आवश्यक दस्तावेजों के साथ उक्त बैठक में उपस्थित होने का अनुरोध किया गया है।

### सामान्य सभा की बैठक 27 जून को

**उत्तर बस्तर कांकेर 21 जून।** सामान्य सभा की बैठक जिला पंचायत के अध्यक्ष श्री हेमंत ध्रुव की अध्यक्षता में 27 जून दिन गुरूवार को पूर्वान्ह 11 बजे से जिला पंचायत के सभा कक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक जानकारी के साथ उपस्थित होने कहा गया है।

### प्रयास आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 6 जुलाई तक

**उत्तर बस्तर कांकेर 21 जून।** प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा 11वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन वेबसाईट पर 06 जुलाई तक आमंत्रित किए गए हैं। ऑनलाइन भरे गए आवेदन में त्रुटि सुधार 07 से 09 जुलाई तक की जा सकती है। प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 21 जुलाई को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक आयोजित की जाएगी। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि छत्तीसगढ़ में 09 प्रयास आवासीय विद्यालय संचालित हैं। इन विद्यालयों की कक्षा 11वीं में विभिन्न जाति वर्ग समूह अंतर्गत 148 सीट रिक्त हैं। इन रिक्त सीटों पर प्रवेश प्राक्चयन परीक्षा लेटरल एंट्री के माध्यम से होगा। परीक्षा में शामिल होने हेतु कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक या समकक्ष ग्रेड से उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। प्राक्चयन परीक्षा रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, अंबिकापुर और जगदलपुर में आयोजित होगी।

### अवैध गौण खनिज परिवहन करते 7 वाहन जब्त



**जगदलपुर 21 जून ।** कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. के निर्देशानुसार जिला खनिज जांच दल द्वारा 19 जून को बस्तर जिले के अंतर्गत ग्राम भानपुरी, बस्तर, बिलोरी क्षेत्र का औचक निरीक्षण में गौण खनिज मिट्टी के 04 वाहन एवं खनिज चूनापत्थर के 03 वाहन कुल 07 वाहनों को अवैध गौण खनिज परिवहन करते पाये जाने पर परिवहनकर्ताओं के विरूद्ध खनिज के अवैध परिवहन कर रहे वाहनों को जप्त कर प्रकरण दर्ज किया गया है। जिला खनिज अधिकारी श्री शिखर चेरपा ने बताया कि उक्त कार्यवाही के दौरान जिला खनिज जांच उड़नदस्ता दल के खनि निरीक्षक श्री मिदुल गुहा तथा खनि सिपाही श्री डिकेश्वर खरे, श्री सीताराम नेताम, श्री लोकेश कश्यप उपस्थित थे।

# जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने सिकलसेल जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा, 21 जून।** विश्व सिकलसेल दिवस पर जनप्रतिनिधी श्री धनीराम बारसे सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं कलेक्टर श्री हरिस.एस की उपस्थिति में बुधवार को जिला चिकित्सालय में सिकलसेल की स्क्रीनिंग एवं जागरूकता हेतु जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका आयोजन स्वास्थ्य विभाग और आदिवासी विकास विभाग द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। राष्टीय सिकलसेल एनीमिया उन्मूलन मिशन के तहत वर्ष 2023 से 2026 तक शून्य से 40 वर्ष आयु वर्ग के सभी व्यक्तियों की सिकलसेल स्क्रीनिंग की जा रही है। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों ने स्क्रीनिंग किए जा चुके 02 हितग्राहियों को सिकलसेल पहचान कार्ड वितरित किया। इस पहचान पत्र से उन्हे सिकलसेल रोग का समुचित इलाज और विभिन्न योजनाओं का लाभ मिलेगा। जनप्रतिनिधिगण और कलेक्टर श्री हरिस. एस ने सिकलसेल रोग के पहचान, निदान एवं रोकथाम के लिए जनजागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर जिला चिकित्सालय परिसर से रवाना किया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि श्री अरूण सिंह भदौरिया, श्रीमती भुवनेश्वरी यादव, श्री डमरूराम नाग उपाध्यक्ष जनपद पंचायत सुकमा, श्री दिलीप पेद्दी, श्री महेन्द्र सिंह चौहान एवं श्री शरद चंद्र शुक्ला सहायक आयुक्त आदिवासी विकास सुकमा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महेश शांडिया, मितानिन, नर्सिंग और आईटीआई के छात्र- छात्राएं तथा सहित मेडिकल स्टॉफ, आदिवासी विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

इस अवसर पर जनप्रतिनिधि श्री धनीराम बारसे ने कहा कि सिकलसेल रोग के लक्षण, जांच एवं उपचार के लिए भारत सरकार के निर्देशानुसार सिकलसेल दिवस मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी पूरे देश को सिकलसेल की स्क्रीनिंग एवं जागरूक करने विडियो कॉन्फ्रेसिंग से जुड़कर लोगों से चर्चा किए। उन्होंने कहा कि दैनिक जीवन में व्यस्तता के कारण हम स्वास्थ्य से संबंधित छोटी-छोटी परेशानियों को नजर अंदाज कर देते है। समय के साथ ही वह कुछ बड़ी बीमारी का रूप ले लेता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में शहर के साथ ही गांव में शासन-प्रशासन के प्रयास से स्वास्थ्य केंद्र संचालित किया जा रहा है। जिसका स्वास्थ्य विभाग और मितानिनों के प्रयासों से सकारात्क परिणाम आ रहे है। उन्होंने कहा कि आज के दौर में हमें अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की आवश्यकता है। श्री बारसे ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में कोरोना जैसी महमारी से स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाकर लड़ाई लड़ी। इसी प्रकार सिकलसेल के लिए भी जागरूकता जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर कर, अंतिम व्यक्ति को स्वास्थ्य संबंधित सुविधाओं से लाभान्वित करने की दिशा में काम कर रही है।

कलेक्टर श्री हरिस. एस ने कहा कि विश्व सिकलसेल दिवस पर सिकलसेल के बारे में जागरूकता लाने के साथ ही इसकी जांच के लिए लोगों को प्रेरित करना है। उन्होंने बताया कि सिकलसेल एक अनुवांशिक रोग है। 19 जून से 03 जुलाई 2024 तक स्वास्थ्य केंद्रों में सिकलसेल के प्रति जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाएगा। कार्यक्रम में सिकलसेल का जांच उपरांत चिन्हांकन कर सिकलसेल पहचान कार्ड दिया जाएगा। उन्होंने पूरे जिले के लोगों को सिकलसेल जांच करवाने की बात कही। उन्होंने बताया कि जिले में पिछले दो माह में 80 हजार से ज्यादा लोगों का डोर-टू-डोर जाकर सिकलसेल जांच किया गया है। जिसमें से 113 लोगों को सिकलसेल जांच में धनात्मक पाया गया है। कार्यक्रम के पश्चात् कलेक्टर श्री हरिस.एस और जनप्रतिनिधियों ने जिला अस्पताल सुकमा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में भर्ती हुए मरीजों से कुशलक्षेम जाना। साथ ही मरीजों को फल वितरण किया गया।

## समाचार संक्षेप

### बैठक में 24 को ज्ञापन सौंपने का सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया



**सुकमा 24 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कोंटा की बैठक सफल रहा जिसमें कोंटा के पत्रकार साथी के द्वारा सड़क में बिना अनुमति के सैकड़ों पेड़ काटे गए और वनविभाग ने कार्यवाही करने पर समाचार प्रकाशित किया गया था । उस समाचार को लेकर भाजपा के वरिष्ठ नेता द्वारा फोन कर धमकाया गया था जिला संघ को सूचना मिलते ही कोंटा में बैठक कर सर्वसहमति से नेता एवं सड़क ठेकेदार के विरूध निंदा प्रस्ताव पारित कर भाजपा के प्रदेश व जिला अध्यक्ष को पत्र के माध्यम से अवगत कराया जायेगा साथ ही ऐसे गंभीर मामले के संबध में जिला पुलिस अधीक्षक ,जिलाधीश को ज्ञापन सोमवार 24 जून 2024 सौंपने का सर्व सम्मति से पारित किया गया है। पत्रकार बंधु अनिवार्य रूप से सोमवार 11.30 बजे जनसंपर्क कार्यालय पहुंचे 12 बजे ज्ञापन सौंपा जायेगा।धन्यवाद पत्रकार एकता जिंदाबाद सबका साथ सबका विकास जिला गांव का विकास प्रथम प्रथिकता।

### पीएम किसान उत्सव दिवस पर प्रधानमंत्री ने जारी की किसान सम्मान निधि की 17 वीं किस्त

**सुकमा 21 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 18 जून, 2024 को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 17 वीं क़िस्त की राशि जारी कर दी है। श्री मोदी ने उत्तर प्रदेश के वाराणसी से देशभर के लाभार्थी किसानों के बैंक खाते में राशि ट्रांसफर करके खुशखबरी दी है। पीएम किसान उत्सव दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री द्वारा जिले के 20 हजार किसानों के खाते में चार करोड़ रुपये से अधिक की राशि ट्रांसफर की गई है। कृषि विज्ञान केन्द्र एवं कृषि विभाग, सुकमा के सयुंक्त तत्वाधान में कृषि विज्ञान केंद्र के सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिले के जनप्रतिनिधि श्री धनीराम बारसे के साथ-साथ अन्य जनप्रतिनिधि श्री डमरू नाग , जनपद उपाध्यक्ष सुकमा,श्री शंकर, श्री कुंजाम सरपंच बुरदी, श्री परदेशी राम पूर्व सरपंच मुरतोंडा तथा जिले के तीनों विकास खण्डों से किसान मित्रों सहित कृषक भाई बहिन उपस्थित थे। उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के साथ ही राज्य और केंद्र सरकार की योजनाओं एवं कृषि विज्ञान केन्द्र से नई-नई तकनीकों का अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में उप संचालक कृषि श्री पी.आर. बघेल ने पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ लेने के लिए किसानों को आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी दी, साथ ही कृषि विभाग द्वारा प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत पंजीयन हेतु स्टाल लगाकर प्रचार प्रसार किया गया। जिसके तहत किसानों से आवेदन लिये गये, उसी तरह कुछ कृषकों का खाता पोस्ट ऑफिस बैंक अधिकारियों के माध्यम से खुलवाया गया। साथ ही साथ कुछ किसानों को लोक सेवा केंद्र में मोबाइल लिंक कराया गया। तथा किसानों से जुड़े अन्य विभागीय योजनाओं की जानकारी देकर लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया कार्यक्रम के साथ-साथ तिलहन अग्रिम पंक्ति समूह प्रदर्शन, खरीफ 2024 अंतर्गत तिल फसल की उत्पादन तकनीकी विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला सह कृषक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें खरीफ में लगाई जाने बाली तिल फ़सल की उत्पादन तकनीक की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही जिले मे मिलेट मिशन योजना लागू है जिसके अंतर्गत कृषकों को विशेषकर रागी फ़सल उत्पादन तकनीकी पर विस्तार से व्याख्यान कृषि वैज्ञानिको द्वारा दिए गए। साथ ही अन्य लघु धान्य फ़सल जैसे कोदो, कुटकी, ज्वार आदि की भी उत्पादन तकनीकी की जानकारी दी गई। इसके साथ ही कृषि से संबंधित सभी विभागों के अधिकारियों के साथ मासिक कार्यशाला का भी आयोजन किया गया। जिसमें जिले के सभी विभागों के अधिकारियों ने भाग लेकर आगामी खरीफ हेतु चर्चा की और सभी ने अपने अपने विभाग की योजनाओं के बारे मे किसानों को विस्तार से बताया।

# योग के घोष से गूंजा माई दंतेश्वरी का प्रांगण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा, 21 जून।** प्रति वर्ष कि भाति इस वर्ष भी दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर दंतेवाड़ा जिले में विभिन्न स्थानों पर सामुहिक योग प्रदर्शन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में योग साधक पहुंचे। मुख्य कार्यक्रम माई दंतेश्वरी के पवित्र प्रांगण मेंडका डोबरा में आयोजित किया गया। यहां मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित स्थानीय विधायक चैतराम अटामी के साथ लगभग हजारों की संख्या में योग साधकों ने योगाभ्यास किया। योगा में शामिल होने जनत्रतिनिधियों से साथ जिले के तमाम अधिकारी समेत बड़ी संख्या में स्कूली छात्र भी उपस्थित हुए थे। जब हजारों लोगों ने ऊँ के उद्घोष के साथ योग किया तो नजारा देखने लायक था। योग की आसान संक्रियाओं को करने के साथ ही लोगो ने योग के महत्व भी जाना। योग विशेषज्ञ लोगों को योग के साथ ही यौगिक साधनाओं के महत्व के बारे में बता रहे थे। ऐसे ही नगरीय निकायों तथा ब्लॉक मुख्यालयों में भी नजारा था। यह योग का सम्मान था, भारत की प्राचीन समृद्व संस्कृति का सम्मान था। यह खास अवसर इतना गौरवशाली था कि योग करने वाले अपने जड़ों से जुड़ा महसूस कर रहे थे। योग कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों को आयुष विभाग की ओर से आयुर्वेदिक काढ़ा भी पिलाया गया था नाश्ते में पौष्टिक देशी हरा चना सभी को वितरण किया गया।

योग दिवस के खास अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक चैत्रराम अटामी ने उपस्थित सभी लोगों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि निरोग रहने के लिए योग आवश्यक है। योग भारत के ऋषि मुनियों की समृद्व विरासत है। उन्होंने कहा कि शारीरिक और मानसिक रुप से स्वस्थ रहने के लिए हर व्यक्ति को योग करना चाहिए। आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर समूचा विश्व योग कर रहा है। जब हम सामूहिक योग करते है, तो हमारी सामूहिक भावना और मजबूत होती है तथा हम सभी में अपने देश को आगे ले जाने का संकल्प और भी मजबूत होता है।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष सुश्री तुलिका कर्मा,नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती पायल गुप्ता, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री धीरेंद्र प्रताप सिंह,कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी,जिला पंचायत सदस्य श्री रामू राम नेताम, जिला पंचायत सीईओ श्री कुमार बिश्वरंजन, एसडीएम श्री जयंत नाहटा, अपर कलेक्टर श्री राजेश पात्रे, संयुक्त कलेक्टर श्री हिमाचल साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि पंचायत पदाधिकारी और अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। योग प्रशिक्षक डॉ. संतोष कुमार बर्मन ने प्रार्थना, शिथिलीकरण अभ्यास, ग्रीवा चालन, स्कंध संचालन, कटि चालन, घुटना संचालन, ताड़ासन, वृक्षासन, पाद हस्तासन, अर्ध चक्रासन, त्रिकोणासन, भद्रासन, अर्ध उष्ट्रासन, उष्ट्रासन, शशकासन, उत्तान मंडूकासन, वक्रासन, मकरासन, भुजंगासन, शलभासन, सेतुबंधासन, उत्तानपादासन, अर्ध हलासन, पवन मुक्तासन, शवासन, कपालभाति, नाड़ी शोधन अथवा अनुलोम विलोम प्राणायाम, शीतली प्राणायाम, भ्रामरी प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया।

### दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर किया गया सामूहिक योग

**जगदलपुर 21 जून।** दसवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 'स्वयं एवं समाज के लिए योग' थीम पर सामूहिक योग कार्यक्रम शहर के इंदिरा प्रियदर्शनी स्टेडियम में किया गया। योगाभ्यास कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जगदलपुर विधायक श्री किरण देव शामिल हुए। इस अवसर पर श्री देव ने कहा कि करें योग-रहें निरोग इसी भावना के साथ स्वस्थ शरीर के लिए नियमित योग आसनों का अभ्यास करें। भारत वर्ष की पुरातन विधा योग को अंतर्राष्टीय स्तर पर स्वास्थ्य के क्षेत्र में विशेष कसरत के रूप में पहचान मिली है। आज पूरे विश्व सहित प्रदेश के सभी जगहों पर योगाभ्यास किया जा रहा है। पूरे देश में वर्ष 2014 से 21 जून को योग दिवस मनाया जा रहा है। योग से अपने शरीर, मन को स्वस्थ रखे और बेहतर समाज का निर्माण में योगदान दें। इस योगाभ्यास कार्यक्रम में महापौर श्रीमती सफीरा साहू और जिले के गणमान्य जनप्रतिनिधि, कमिश्नर श्री श्याम धावड़े, आईजी श्री सुंदरराज पी., कलेक्टर श्री विजय दयाराम के., पुलिस अधीक्षक श्री शलभ सिन्हा, वन मंडलाधिकारी श्री उत्तम गुप्ता, सीईओ जिला पंचायत श्री प्रकाश सर्वे, सभी जिला स्तरीय अधिकारी, गणमान्य जनप्रतिनिधिगण, तृतीय लिंग के अतिथि, बहु संख्या में योगाभ्यास करने वाले नागरिक उपस्थित थे।

# सुकमा जिले में फोर्स और नक्सलियों के बीच मुठभेड़, हथियार, सामान छोड़कर भागे नक्सली

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर 21 जून।** बस्तर संभाग के सुकमा जिला अंतर्गत चिंतलनार थाना क्षेत्र के करकनगुड़ा के पास आज 18 जून को सुबह 8 बजे सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो गई। करीब आधे घंटे तक चली इस मुठभेड़ में जब फोर्स भारी पड़ने लगी, तो नक्सली अपना हथियार और अन्य सामान छोड़कर भाग खड़े हुए। बस्तर संभाग के सुकमा जिले में पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी.,उप पुलिसमहानिरीक्षक दंतेवाड़ा रेंज कमलोचन कश्यप, सीआरपीएफ सुकमा रेंज के उप महानिरीक्षक रेंज परिचालन अरविंद राय के मार्गदर्शन एवं सुकमा के एसपी किरण चव्हाण, पुष्पेन्द्र कुमार कमांडेंट 206 कोबरा वाहिनी के निर्देशन तथा निखिल अशोक कुमार राखेचा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑप्स सुकमा, अभिषेक वर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुकमा, आकाश राव गिरेपुंजे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोंटा के पर्यवेक्षण में नक्सल उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में नक्सलियों के लगातार उपस्थिति की सूचना पर 17 जून को डीआरजी, बस्तर फाईटर सुकमा एवं 206 वाहिनी कोबरा की संयुक्त पार्टी विशेष नक्सल विरोधी अभियान हेतु थाना चिंतलनार क्षेत्रान्तर्गत ग्राम करकनगुड़ा, मोरपल्ली, ताड़मेटला, गोलागुड़ा, कोत्तागुड़ा व आसपास जंगल क्षेत्र की ओर रवाना हुई थी। अभियान के दौरान सुरक्षा बल जंगल झाड़ियों की सर्चिंग करते हुए आगे बढ़ रहे थे कि 18 जून को प्रातः 8 बजे ग्राम करनगुड़ा के जंगल पहाड़ी के पास नक्सलियों द्वारा घात लगाकर सुरक्षाबलों पर जान से मारने व हथियार लूटने की नीयत से अंधाधुंध बीजीएल हथियारों से फायरिंग शुरू कर दी गई। सुरक्षा बलों बलों ने भीमोर्चा सम्हालते हुए आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्रवाई की। सुरक्षा बलों के बढ़ते दबाव व अपने आप को घिरता हुआ देखकर नक्सली जंगल, पहाड़ी की आड लेकर भाग गए। मुठभेड़ लगभग 20-25 मिनट तक चली। तद्पश्चात घटना स्थल की गहन सर्चिंग करने पर एक नग भरमार बंदूक, दो नग घड़ी, एक नग कम्बैट बैरल कैप, नक्सल साहित्य, एक थैला, जूते का लेस, दवाईयां, साबुन, एवं नक्सलियों के दैनिक उपयोगी कपड़े आदि बरामद किए गए। नक्सलियों के बरामद सामग्री को लेकर सुरक्षा पार्टी टैक्टिकल मूव्हमेंट करते हुए सुरक्षित कैंप वापस आ गई।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सभी वर्ग के लोगों में योग के लिए दिखा उत्साह

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उत्तर बस्तर कांकेर, 21 जून।** 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज स्थानीय नरहरदेव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में सांसद लोकसभा क्षेत्र रायपुर श्री बृजमोहन अग्रवाल ने मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर सामूहिक योगाभ्यास प्रदर्शन में हिस्सा लिया। उनके साथ विशिष्ट अतिथि के तौर पर कांकेर विधायक श्री आशाराम नेताम, जिला पंचायत के अध्यक्ष श्री हेमंत ध्रुव सहित अधिकारी-कर्मचारियों व नागरिकों, छात्र-छात्राओं ने बड़ी संख्या में भाग लेकर योगासन एवं प्राणायाम की विभिन्न मुद्राओं का एक साथ अभ्यास किया। इस दौरान उपस्थित जनसमुदाय में खासा उत्साह दिखा। सभी वर्गों के लोगों ने सामूहिक रूप से योग, योगासन और प्राणायाम किया।योगाभ्यास के उपरांत मुख्य अतिथि सांसद श्री अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि सभी भारतीयों के लिए यह गर्व का दिन है कि योग एवं अध्यात्म की भारत की प्राचीन परम्परा को सम्पूर्ण विश्व ने अपनाया है। वास्तव में इसे वैश्विक स्तर पर अधिमान्य दिलाने का श्रेय देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को जाता है जिनके सद्प्रयासों से यह संभव हो सका। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री ने वसुधैव कुटुम्बकम् के उद्देश्य के साथ देश ही नहीं अपितु सम्पूर्ण विश्व को निरोगी करने की दिशा में ऐतिहासिक पहल की। सांसद ने कहा कि शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा के निरोगी हुए बिना स्वस्थ जीवन की कल्पना ही नहीं की जा सकती। श्री अग्रवाल ने बताया कि आगामी शिक्षा सत्र में स्कूलों में पहला कालखण्ड योग एवं प्राणायाम का होगा।

एक नजर

### यौन उत्पीडन का आरोपी गिरफ्तार



**रायगढ़, 21 जून।** रायगढ़। 18 जून को थाना पुसौर में स्थानीय युवती द्वारा कृष्णा चौहान निवासी ग्राम बरपाली जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ के विरुद्ध इंस्टाग्राम पर फोटो अपलोड कर बदनाम करने संबंधी आवेदन दिया गया। पीड़ित युवती ने बताया कि पिछले एक साल से इंस्टाग्राम के जरिए कृष्णा चौहान से जान परिचय हुआ। कृष्णा चौहान पसंद करने की बात कहता था जिसे इन सब में नहीं पडना है कहकर समझाई थी। कृष्णा चौहान के जीद करने पर एक बार चंद्रपुर उसके साथ घूमने गई थी। जहां दोनों साथ सेल्फी लिये थे। इस बीच में युवती की शादी उसके समाज में तय हुईए उसके मंगेतर को कृष्णा चौहान दोंनो के साथ वाली फोटो भेजकर शादी तुड़वा दिया। जिससे बीते 9 जून को युवती अपने भाई के साथ कृष्णा चौहान को समझने उसके घर गये थे। जहां कृष्णा चौहान और उसके मां ने युवती और उसके भाई भला.बुरा कहकर डांट फटकार कर भगा दिए और दूसरे दिन कृष्णा चौहान कई सारे फोटो इंस्टाग्राम पर अपलोड कर समाज में बदनाम किया। युवती के आवेदन पर थाना प्रभारी पुसौर निरीक्षक रोहित बंजारे द्वारा आरोपी कृष्णा चौहान पर धारा 509 ख आईपीसी के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आज आरोपी को दबिश देकर गिरफ्तार किया गया। आरोपी कृष्णा चौहान पिता लाल चौहान उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम बरपाली थाना सरिया जिला सारंगढ़.बिलाईगढ़ से उसका मोबाइल जप्त कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

### जेएसएस परिसर मे 10 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का योग का आयोजन



**बीजापुर, 21 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आज जन शिक्षण संस्थान (जेएसएस) बीजापुर द्वारा 10 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन कार्यालय परिसर मे किया गया। इस अवसर पर संस्थान के कर्मचारी, प्रशिक्षक एवं उनके परिजन योग सत्र में विशिष्ट रुचि दिखाते हुये उत्साहपूर्वक भाग लिया। योग की महत्ता को समझते हुये प्रकल्प के युवा कर्मचारियों द्वारा ÷मनुष्य के जीवन में योग एवं शिक्षा का महत्त्व÷ को बढ़ावा देने की दिशा में सभी को जागरूक बनाने हेतु प्रातः 7̄30 से प्रातः 8 ̄30 बजे तक सत्यदेव साहा (योगा अनुदेशक )के मार्गदर्शन में योगा अभ्यास किया। इस अवसर पर पंतजली आरोग्यम के योगा अनुदेशक श्री सत्यदेव साहा ने सभी कर्मचारियों को बताया कि योग एक ऐसी सुलभ एवं प्राकृतिक पद्धति है जिससे स्वस्थ मन एवं शरीर के साथ अनेक आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किये जा सकते हैं। उन्होने सभी कर्मचारियों को योग के लाभ बताने के साथ उनसे नियमित तौर पर, परिवार के साथ योगा करने को कहा जिससे कि योगा की सकारात्मक ऊर्जा का सर्वदिशा में प्रसार हो सके। इस कार्यक्रम का संचालन व् आभार रवि साहू (प्रोग्राम ऑफिसर) के द्वारा किया गया. कार्यक्रम को सफल बनाने में मोहन चौहान,नागेश दुर्गम, योगेश ठाकुर, कुम्मार नागेश, जयपाल, अभिलाषा चौहान का विशेष योगदान रहा. इस कार्यक्रम में 60 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

### नारी शक्ति से जल शक्ति' थीम के साथ चलेगा जिले में जल संरक्षण जागरूकता अभियान

**रायगढ़, 21 जून।** केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा जल संरक्षण एवं भू-जल निर्भरता कम करने हेतु जल शक्ति अभियान कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इस वर्ष यह अभियान 'नारी शक्ति से जल शक्ति' थीम के साथ चलाया जा रहा है। जिसका उद्देश्य जल संरक्षण में महिलाओं की सक्रिय भूमिका को बढ़ावा देना और उनके योगदानों को पहचान देना है। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल गोयल के निर्देश व सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में रायगढ़ जिले में जल शक्ति अभियान के तहत सभी पंचायतों में कार्यक्रम आयोजित किए जाने की रूपरेखा तैयार की गई है। सिंचाई विभाग को अभियान का नोडल बनाया गया है। कार्ययोजना के सुचारू संचालन एवं विभिन्न विभागों से समन्वय स्थापित करने हेतु जल संसाधन संभाग, रायगढ़ द्वारा जल शक्ति केन्द्र, रायगढ़ की स्थापना की गई है। जल शक्ति अभियान 2024 के लिए पंचायतों में महिलाओं के बीच जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

# स्वस्थ मन और शरीर के लिए योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं: चौधरी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**गरियाबंद, 21 जून।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी के मुख्य आतिथ्य में स्वयं और समाज के लिए योग थीम पर विश्व पटल पर दसवाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। जिला मुख्यालय में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन इन्डोर स्टेडियम में आयोजित किया गया। इस अवसर पर सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी नगर पालिका अध्यक्ष गफ्फार मेमन सहित कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमित कांबले, व क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचरियों, मीडियाकर्मी, स्कूली बच्चे ,आम नागरिकों ने सवेरे 7 बजे से 8 बजे तक योग किया। सामूहिक योग मे विशिष्ट क्रियाओं का अभ्यास कराया गया, ।अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी ने लोंगों से आग्रह किया कि वे योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करें और तन और मन को स्वस्थ एवं निरोग रखें। उन्होंने कहा कि निरोग रहने के लिए योग सबसे सस्ता उपाय है। योग करके हम स्वस्थ्य रह सकते है। उन्होंने कहा कि भारत में योग आदिकाल से प्रारंभ है और यह ऋषि-मुनियों द्वारा दिया गया अनुपम उपहार है। देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के सार्थक प्रयासों से आज 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मना रहे हैं। इसलिए इसे दुनियाभर में बढ़ावा देने के लिए हर साल योग दिवस मनाया जाता है। इस दौरान नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन ने कहा कि योग के माध्यम से व्यक्ति निरोगी रहकर जीवन व्यतीत कर सकता है। यदि हम स्वस्थ्य नहीं है तो हम समाज का सेवा नहीं कर सकते। योग कर स्वस्थ्य रहें तथा देश व समाज की सेवा करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के पहल पर 21 जून 2015 को पहला अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। शारीरिक और मानसिक सेहत के लिए योग बेहद फायदेमंद है। योग कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक गणेश व सहयोगी योग शिक्षकों द्वारा योग कार्यक्रम में विभिन्न आसान सहित प्राणायाम के तहत् कपालभाति, अनुलोम विलोम सहित अन्य आसन कराए गये और इससे जीवन में होने वाले फायदों के बारे में भी बताया गया। जो लोग योग करते है, वें मानसिक व शारीरिक दोनों रूप से स्वस्थ रहते है। योग से मन को शांति मिलती है। वर्तमान समय में जिस स्तर से रोग बढ़ रहे है, उसमें योग और भी अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। योग पश्चात अतिथियों द्वारा इन्डोर स्टेडियम परिसर में पौधरोपण भी किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत की अध्यक्ष लालिमा ठाकुर, राजेश साहू, अपर कलेक्टर अरविन्द पाण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र चन्द्राकर, संयुक्त कलेक्टर पंकज डाहिरे, श्री राकेश गोलछा, उप सचांलक समाज कल्याण डी.पी. ठाकुर, सहित अधिकारी-कर्मचारी, गणमान्य नागरिक एवं स्कूली बच्चें शामिल हुए।

# पानी बचत के साथ प्रतिकूल जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए करें धान की सीधी बुवाई:डॉ.महंत



रायगढ़, 21 जून। वर्तमान समय में डीएसआर (डायरेक्ट सीडेड राइस मशीन)एक लागत प्रभावी और पर्यावरण अनुकूल तकनीक है जिसका तात्पर्य धान की खेती में समय की बचत, पानी की बचत, श्रम की बचत और संसाधन संरक्षण सेहै। यह प्रतिकूल जलवायु परिवर्तनों से निपटने के लिए पारंपरिक पोखर में प्रत्यारोपित चावल (सीटी-पीटीआर) की तुलना में एक स्थायी वैकल्पिक तकनीक है। यह प्रति इकाई क्षेत्र में खेती की लागत को कम करके किसानों की शुद्ध आय को अधिकतम करता है। समय पर बुवाई, भूमि प्रोफाइल के अनुसार उपयुक्त किस्मों का चयन, इष्टतम बीज दर, खरपतवार और जल प्रबंधन द्वारा मात्रात्मक और गुणात्मक उपज प्राप्त की जा सकती है। मृदा वैज्ञानिक डॉ.के.डी.महंत ने जलवायु अनुकूल डीएसआर (धान की सीधी बुवाई) तकनीक के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि धान की खेती में बढ़ती लागत चिंता का विषय बनी हुई है। एक तरफ मजदूर न मिलने से धान की रोपाई में बहुत परेशानी होती है, तो वहीं महंगी होती मजदूरी से खेती की लागत भी काफी बढ़ जाती है, जिससे किसानों को धान की खेती करने में कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वहीं धान की खेती करने में किसानों को कई तरह के कार्य करने होते हैं यह कार्य काफी मेहनत भरा होता है, मसलन धान की खेती के लिए नर्सरी तैयार करना, रोपाई करना, रोपाई के खेत की तैयारी जैसे काम करने होते हैं, जो किसानों की लागत को बढ़ाते ही हैं साथ ही उनका समय भी खराब करते हैं। ऐसे परिस्थिति में मृदा वैज्ञानिक डॉ महंत ने किसानों को जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम अपनाने की सलाह देते हुए कहा कि किसान धान की सीधी बुवाई करके कम लागत से अधिक उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं। डीएसआर तकनीक से धान की बुआई करने पर धान की फसल रोपाई करके लगाई गई धान की फसल की तुलना में 7 से 10 दिन पहले पक कर तैयार हो जाती है। जिससे धान की फसल के बाद लगने वाली फसलों को समय पर लगाया जा सकता है। मृदा विशेषज्ञ डॉ.महंत ने कहा कि इस मशीन से धान की खेती करने के लिए किसानों को धान की नर्सरी तैयार करने की आवश्यकता नहीं होती है। डीएसआर मशीन के माध्यम से किसान धान की बीजों से सीधे खेत में बुवाई कर सकते हैं। इससे बुवाई करने पर श्रमिकों तथा पानी की कम आवश्यकता होती है। साथ ही अधिक क्षेत्र में कम समय के अंदर बुआई को पूरा किया जा सकता है। डॉ.महंत ने बताया कि डीएसआर मशीन का पूरा नाम डायरेक्ट सीडेड राइस मशीन है यह मशीन धान की परंपरागत रोपाई से हटकर कार्य करती है। इस मशीन से बुवाई करने से पहले खेत को लेजर लैंड लेवलर से समतल कराने की जरूरत होती है। उसके बाद डीएसआर मशीन के द्वारा बुवाई की प्रक्रिया को किया जाता है। इसके बाद इस मशीन से खाद और बीज को एक साथ बोया जाता है। यह मशीन बुआई करते समय खेत की भूमि में पतली लाइन चढ़ाती है। मशीन के साथ लगी दो अलग-अलग पाइप से उर्वरक और बीज अलग-अलग गिरता है, जिससे धान की बीज की बुआई होती है।

### पेट्रोल-डीजल का अवैध कारोबार करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई जारी

**रायगढ़, 21 जून।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में जिले में बिना अनुज्ञा/कन्जूमर पम्प अनुज्ञप्ति/दस्तावेज के पेट्रोल/डीजल का अवैध कारोबार करने वाले संस्थानों के विरूद्ध जांच की जा रही है। खाद्य अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले के घरघोड़ा तहसील में स्थित कलिंगा कमर्शियल कार्पो. लिमि. के द्वारा डीजल (एचएसडी बीएस-व्हीआई) के अवैध विक्रय किये जाने हेतु गुजरात के जामनगर रिफाईनरी से मंगाये गये 34 के.एल डीजल लोडमय टैंकर क्रमांक जी.जे.12 बी.एक्स 9751 को खाद्य विभाग रायगढ़ द्वारा जप्त किया गया है। जांच में यह पाया गया कि कलिंगा कमर्शियल कार्पो.लिमि. द्वारा एमएस/एचएसडी का क्रय-विक्रय बिना अनुज्ञा के किया जा रहा है, इसके द्वारा तलईपाली कोल माईनिंग में लगे वाहनों को डीजल सप्लाई किया जाता है।

जांच में यह तथ्य पाया गया कि उपरोक्त मंगाये गये 34 के.एल.डीजल का कुल क्रय मूल्य 26 लाख 86 हजार 536 रूपये है जो कि 01 लीटर का मूल्य 79 रूपये होता है, जबकि घरघोड़ा क्षेत्र में 01 लीटर डीजल का विक्रय मूल्य लगभग 94.24 रूपये 15 रूपये मार्जिन अवैध लाभ लिया जा रहा है।

# सपनई में चिकनपाक्स का प्रकोप:युवती की मौत



रायगढ़, 21 जून। जिला मुख्यालय से 20 किमी दूर चक्रधरनगर थाना क्षेत्र के ग्राम सपनई में विगत 15 दिनों से चिकनपाक्स की बीमारी ने दस्तक दिया है। जिसकी चपेट में आने से एक युवती की गुरुवार को मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा गांव में सर्वे कराते हुए दवाई वितरण का कार्य किया जा रहा है।

जिला मुख्यालय से करीब 20 किलोमीटर दूर लोईंग के ग्राम सपनई में विगत 15 दिनों से चिकनपॉक्स की बीमारी फैला हुआ हैए जिससे हर घर में एक.दो लोग इसके चपेट में आए थे, हालांकि गांव के लोग माता समझकर बैगा से पूजा.पाठ कराते हुए स्वस्थ हो रहे रहे हैं। इस बीच सपनई निवासी पुरुषोत्तम राठिया को भी 10 दिन पहले चिकनपॉक्स हुआ थाए जिससे झाडफुक्र के बाद वह स्वस्थ हो गयाए उसके बाद उसके बेटे को हो गया थाए लेकिन वह भी जब ठीक हो गया तो चार दिन पहले पुरुषोत्तम की 18वर्षीय बेटी चंद्रकला को हो गयाए वहीं चंद्रकला राठिया को चिकनपॉक्स पूरे शरीर में होने के कारण उसे तेज बुखार व शरीर में असहनीय दर्द हो रहा था, जिससे परिवार के लोग लगातार उसकी झाड़.फुक्र करा रहे थे। इस दौरान बुधवार शाम को उसकी तबीयत ज्यादा बिगडने लगीए जिससे बैगा द्वारा फिर से झाडफुक्र किया गयाए लेकिन उसकी तबीयत में सुधार नहीं हुआए और रात में वह बेहोश होने लगी थीए जिससे परिजनों ने आसपास के ग्रामीणों को इसकी सूचना देते हुए डायल 112 को बुलाया और रात करीब दो बजे उसे मेडिकल कालेज अस्पताल लाया गयाए जहां डाक्टरों ने जांच किया तो उसकी तबीयत काफी नाजूक हो गई थीए जिसे भर्ती कर उपचार किया जा रहा था। इस दौरान गुरुवार को भोर में करीब चार बजे उसकी मौत हो गई। जिससे अस्पताल से भेजी गई तहरीर पर चक्रधरनगर पुलिस ने मर्ग कायम कर पीएम उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया है। ऐसे में अब पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही पुष्टि हो सकेगा कि युवती की मौत चिकनपॉक्स से हुआ है या कोई और कारण है।

**आधे गांव के लोग हो चुके हैं पीड़ित**

इस संबंध में मृतिका के परिजनों ने बताया कि सपनई गांव विगत 15 से 20 दिनों से चिकनपॉक्स फैला हुआ हैए जिससे तकरीबन हर घर में एक.दो लोग इसके चपेट में आए थेए साथ ही अभी भी कई लोग चिकनपॉक्स से पीड़ित है। जिसके चलते एक.एक कर मृतिका के घर में भी तीन लोगों को हो गया था। साथ ही हर घर में फिलहाल झाडफुक्र चल रहा है।सपनई में चिकनपाक्स फैलने की सूचना मिली थी, जिससे सर्वे कराने पर तीन केस मिले हैं। जहां तक युवती की मौत की बात है तो चिकनपाक्स से कभी मौत नहीं होती है अगर हुई है तो पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही खुलासा हो सकेगा।

**डॉ. हितेश जायसवाल, बीएमओ, लोईंग**

### गांव में स्वास्थ्य विभाग बांट रहा दवाई

लोईंग ब्लाक के सपनई गांव में चिकनपॉक्स से एक युवती की मौत होने की सूचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग के कान खड़े हो गए और गुरुवार को लोईंग स्वास्थ्य केंद्र के डाक्टर व अन्य कर्मचारियों द्वारा गांव पहुंच कर प्रत्येक घर का सर्वे किया गया हैए साथ ही सभी लोगों को दवाई भी वितरण किया गया है। इस दौरान सर्वे करने गए कर्मचारियों ने बताया कि फिलहाल उस गांव में तीन लोग चिकनपॉक्स से पीड़ित मिले हैं। जिनका उपचार चल रहा है। साथ ही लोगों को उससे बचने के लिए आवश्यक सुझाव भी दिया गया है। ताकि और कोई व्यक्ति उसके चपेट में न आ सके।

### आमों की प्रदर्शनी के साथ आम के विभिन्न स्वादिष्ट व्यंजन एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन



**बीजापुर, 21 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला प्रशासन बीजापुर द्वारा जिले में पहली बार यहां हर आम है खास थीम पर बीजापुर आम महोत्सव 2024 का आयोजन कलेक्टर परिसर में किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बीजापुर में उपलब्ध विभिन्न प्रकार के आम फलों के प्रजातियों का प्रदर्शन कर उसका व्यापक प्रचार-प्रसार करना, किसानों को उसके उत्पादन का वाजिब दाम दिलाना, साथ ही वृक्षों एवं पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाने के इस विशेष अभियान में लोगों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।महिलाओं द्वारा महोत्सव में विभिन्न प्रकार के आम से बने स्वादिष्ट व्यंजन मैंगो शेक, आम पता, आम केक, आम रस मलाई, आम का पुड़ी, आम का जूस, आम रोल, आम का सलाद, आम का रायता, आम लौंजी, आम पापड़ इत्यादि की प्रदर्शनी लगाई गई। स्कूली विद्यार्थियों द्वारा आम के विषय पर मनमोहक चित्रकारी की गई एवं जिले के किसानों द्वारा 54 प्रकार से अधिक किस्म के आमों का प्रदर्शनी लगाया गया। जिले वासियों ने आम के इतनी सारी प्रजातियों को एक साथ पहली बार देखा।इस अवसर पर कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने छोटी सी बच्ची कुमारी प्रंजली शर्मा को चित्रकला में मनमोहक प्रस्तुति देने एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने पर अपने गोदी में उठाकर दुलार किया।आम महोत्सव के विभिन्न प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया वहीं महोत्सव में भाग लेने वाले समस्त प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।कलेक्टर ने कहा कि बीजापुर जिले में केवल आम ही खास नहीं बल्कि यहां के आम जनमानस भी खास है। बीजापुर की खासियत कई मायनों में बहुत बड़ी है। यह कार्यक्रम प्रकृति के प्रति आस्था, किसानों के प्रति सदभाव और यहां उत्पादित होने वाले विभिन्न प्रजातियों के आमों का प्रदर्शन एवं महिलाओं और बच्चों को अपनी प्रतिभा का निखार करने के उद्देश्य से किया गया। बहुत ही कम समय में योजना बनाया गया जिसका सफलतापूर्वक आयोजन हुआ।किसानों के उत्पादन का वाजिब दाम दिलाने के लिए जिला प्रशासन पहल करेगी ताकि उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो सके और कृषि को बढ़ावा मिल सके। बीजापुर निरंतर विकास की ओर बढ़ रहा है। नई सोच, नवाचार, नई उमंग के साथ जिला प्रशासन आम जनों के सहयोग से निरंतर इस तरह की गतिविधि करता रहेगा। अभी शुरूआत हो रही है। भविष्य में और भी बढ़े स्तर पर इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाऐंगे।हाथी झूल आम को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने वाले श्री गोविंद तलाण्डी को हाथी झूल आम के प्रदर्शन पर प्रथम स्थान मिला। ज्ञात हो हक कुछ दिन पूर्व रायपुर में आयोजित हुई राष्ट्रीय आम महोत्सव में श्री गोविंद तलाण्डी का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा। यहां के हाथी झूल आम 3 से 5 किलोग्राम तक के वजन में पाया जाता है।जेवियर तिग्गा को हाथी झूल आम के प्रदर्शन पर दूसरा स्थान मिला एवं श्री लिंगाराम ठाकुर तीसरे स्थान पर रहे।आम के व्यंजन प्रतियोगिता में श्रीमती संगीता दास प्रथम स्थान, श्रीमती मनीषा यालम द्वितीय स्थान एवं कुमारी अनमोल लुंकड़ तृतीय स्थान पर रही।चित्रकला प्रतियोगिता जिसमें कक्षा पहली से आठवीं तक के विद्यार्थी शामिल थे जिसमें प्रथम स्थान कुमारी प्रणवी ठाकुर, द्वितीय स्थान कुमारी शानवी साहू एवं तृतीय स्थान पर कुमारी प्रंजली शर्मा रही। इस अवसर पर कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय की धर्म पत्नी एवं बहन के द्वारा भी आम का व्यंजन बनाकर प्रर्दशनी हेतु लाया गया।कार्यक्रम में डीएफओ सामान्य वन मंडल श्री रामाकृष्णा रंगानाथा वाय, उप निर्देशक इंद्रावती टाईगर रिजर्व श्री संदीप बल्गा, सीईओ जिला पंचायत श्री हेमंत रमेश नंदनवार, एसडीएम बीजापुर श्री जागेश्वर कौशल, डिप्टी कलेक्टर श्री उत्तम सिंह पंचारी, श्री नारायण गवेल, सहायक संचालक उद्यानिकी श्री रामचंद्र राव सहित जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी, मीडिया के प्रतिनिधि सहित जिलों के विभिन्न गांवों से आए किसान, महिलाएं एवं स्कूली बच्चे शामिल हुए। कार्यक्रम के समापन के दौरान सभी उपस्थित जनों को आम का पौधा वितरण किया गया।

### अभियान चलाकर गांव में हो रहा सोक पिट निर्माण

**बीजापुर, 21 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** व्यक्तिगत सोकपिट निर्माण के माध्यम से तरल अपशिष्ट का घरेलू स्तर पर ही उचित प्रबंधन किया जा सकता है, भूजल रिचार्ज के लिए सोकपिट एक अत्यंत प्रभावी सरल तकनीक है। कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय के मार्गदर्शन में जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत अभियान चलाकर सोकपिट के महत्व को बताते हुए एवं अपशिष्ट जल के उचित निपटान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जिसमें सामूहिक श्रमदान से नाली की सफाई, सामुदायिक सोकपिट की सफाई व नवीन व्यक्तिगत सोकपिट का निर्माण किया जा रहा है, 10 दिवसीय यह अभियान 24 जून तक चलाया जायेगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बीजापुर श्री हेमंत रमेश नंदनवार ने बताया कि भू-जल रिजार्च करने एवं जल भराव को लंबे अवधि तक रोकने में सोक पिट मदद करता है। वर्षा जल के प्रभावी प्रबंधन के लिये उपयुक्त स्थानों की पहचान कर सोक पिट का निर्माण के लिये ग्रामों में आमजन एवं हितग्राहियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। जिले में व्यक्तिगत सोक पीट कुल 2644 एवं वर्मी नाडेप 1804 स्वीकृत किये गए हैं। इस अभियान के अंतर्गत वर्तमान में 400 से अधिक सोकपिट पूर्ण किये जा चुके हैं। शेष सोकपिट एवं वर्मी टैंक को 30 जून तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है।



### जांगला के आयुष्मान आरोग्य मंदिर में विश्व सिकल सेल दिवस मनाया गया



बीजापुर 21 जून । कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय के निर्देशानुसार जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में पीरामल फाउंडेशन के सहयोग से विश्व सिकल सेल दिवस का आयोजन उप स्वास्थ्य केंद्र आयुष्मान आरोग्य मंदिर जांगला में किया गया। वहां पर उपस्थित खंड चिकित्सा अधिकारी भैरमगढ़ के द्वारा लोगो को जेनेटिक स्टेटस कार्ड का वितरण किया गया एवं उनके द्वारा बताया गया की सिकल सेल एक अनुवांशिक रोग है, इसमें गोला कार लाल रक्त कोशिकाएं हीमोग्लोबिन हँसिया की आकृति रूप में परिवर्तित होकर नुकीले एवं कड़े हो जाते है। इसके कारण शरीर की सभी कोशिकाओं तक पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन पहुंचने का काम बाधित होता है, ये रक्त कण शरीर की छोटी रक्त वाहिनी सिराओ में फंस कर लिवर, किडनी, तिल्ली, मस्तिष्क आदि अंगो के रक्त प्रवाह को बाधित करते हैं साथ ही इस बीमारी से सम्बंधित अन्य लक्षणों के बारे में बताया गया। पीरामल फाउंडेशन से जिला कार्यक्रम अधिकारी सूरज सिंह के द्वारा वहां पर उपस्थित लोगो को बताया गया की 0-40 वर्ष उम्र के लोगो को इसकी जाँच करना जरुरी है। यह बीमारी बच्चो में उनके माता पिता के द्वारा भी हो सकती है क्योंकि यह एक अनुवांशिकी बीमारी है। इस कार्यक्रम के दौरान खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रमेश तिग्गा, पीरामल फाउंडेशन जिला कार्यक्रम अधिकारी सूरज सिंह, फील्ड सुपरवाइजर,मितानिन और ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# योग शारीरिक दिनचर्या को संतुलित रखने में सहायक:जावेद खान



**पत्थलगांव, 21 जून।** योग शारीरिक दिनचर्या को संतुलित रखने मे बेहद सहायक माना गया है,इस परिवेश मे अक्सर लोग वक्त की कमी के कारण खान पान मे संयम नही बरत पाते,जिसके कारण शरीर को अनेक प्रकार की औषधियों की लत पड जाती है। योग अनेक दवाओ की एक दवा है,योग से शरीर निरोग रखा जा सकता है,यह बातें दसवें योग दिवस के मौके पर नगर पंचायत के सी.एम.ओ जावेद खान ने लोगो को समझाते हुये कही। आज शहर के अनेक स्थानो मे विश्व योग दिवस योग की अनेक मुद्राओ के साथ योग के फायदे बताते हुये संपन्न हुआ। वार्ड क्रमांक 13 के मंगलभवन मे नगर पंचायत द्वारा योग दिवस का आयोजन किया गया था,यहा अधिकांश सरकारी विभाग के अधिकारी कर्मचारी सुबह मौजुद थे। सभी ने एक साथ बैठकर अनेक मुद्राओ मे योग किया। योग गुरू पवन अग्रवाल,बच्चन दुबे,वीर सिंग पटेल,गीता पटेल ने योग करने के फायदे बताये। योग गुरू पवन अग्रवाल का कहना था कि योग को निरंतर अपनी दिनचर्या मे शामिल करने की हर व्यक्ति को खास जरूरत है। उनका कहना था कि इससे शरीर के साथ-साथ मन भी स्वस्थ रखा जा सकता है,उनका कहना था कि शरीर मे बिमारीयों का वास होने के बाद अनेक प्रकार की औषधियों का सेवन करना पडता है,परंतु योग मे ऐसी अनेक मुद्राओ का वास है,जिसे करने से शरीर के विभिन्न प्रकार के रोग बगैर औषधियों के भी दूर भगाये जा सकते है। नगर पंचायत के उपाध्यक्ष श्यामनारायण गुप्ता ने भी मंगल भवन मे आयोजित योग शिविर मे भाग लिया। उनका कहना था कि योग बहुत सी दवाओ का समाधान है,व्यस्त जीवन मे थोडा समय निकालकर योग जरूर करना चाहिये,उनका कहना था कि कोरोना के बाद से हार्ट मे ब्लाकेज की अनेक शिकायतें मिल रही है,योग मे ऐसी शक्ति है जिसे करने के बाद हार्ट के ब्लाकेज भी दूर किये जा सकते है। यहा के सरस्वती शिशु मंदिर मे भी योग दिवस का आयोजन हुआ। मैरिज गार्डन मे एक दर्जन योगियो ने योग की विभिन्न मुद्राये कर विश्व योग दिवस को यादगार बनाया।

### अफसरों,कर्मियों ने किया योग



**बीजापुर, 21 जून ।** अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर जिला मुख्यालय में अधिकारी कर्मचारियों द्वारा किया गया योगाभ्यास जिले के थानों एवं कैम्प में भी जवानों एवं अधिकारियों ने किये योगाभ्यास स्वस्थ्य एवं निरोगी काया के लिये योगाभ्यास को नियमित दिनचर्या में शामिल करने हेतु दिये गये निर्देश जिले के थानों एवं डीआरजी के जवानों द्वारा प्रातः नियमित पीटी के साथ-साथ योगाभ्यास किया जा रहा है

## एक नजर

### आयुषी साहू को मिला हिदायतुल्लाह नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी में प्रवेश



**भाटापारा, 21 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** खमरिया स्थित दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल की मेधावी छात्रा आयुषी साहू ने लॉ यूनिवर्सिटी में प्रवेश पाने के लिए राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षा (सीएलएटी) को पास करके अपनी इस विशिष्ट योग्यता के दम पर रायपुर के हिदायतुल्लाह नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी (एचएनएलयू) में प्रवेश लेकर उन्होंने अपना, अपने विद्यालय एवं अपने माता-पिता का नाम रोशन किया। आयुषी साहू को हिदायतुल्लाह नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी रायपुर में (एचएनएलयू) में प्रवेश मिलने पर दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में हर्ष की लहर है। उनकी इस विशिष्ट उपलब्धि के लिए विद्यालय के प्रबंधक अश्विनी शर्मा, सह- प्रबंधक संदीप गोयल तथा प्रधानाचार्य योगेश पोपट सहित विद्यालय के सभी शिक्षकों द्वारा आयुषी साहू तथा उनके माता-पिता को ढेर सारी शुभकामनाएँ दी गई और उनके उज्जवल भविष्य की कामना भी की गई।

### तोखन साहू के आभार सम्मेलन में सम्मिलित हुई प्रदेश मंत्री श्यामबाई



**कसडोल, 21 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** केंद्रीय राज्य मंत्री आवास एवं शहरी विकास मंत्रालय तोखन साहू के मुंगेली आगमन पर स्वागत कार्यक्रम व कार्यकर्ता आभार सम्मेलन में भाजपा प्रदेश मंत्री व जिला सहप्रभारी श्याम बाई साहू सम्मिलित हुई। आज केंद्रीय राज्य मंत्री बनने पर मुंगेली के कार्यकर्ताओं द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया व बिलासपुर लोकसभा की शानदार ऐतिहासिक जीत पर कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट किया गया। आज के इस कार्यक्रम में मुख्यरूप से उपमुख्यमंत्री मान. अरुण साव, वरिष्ठ विधायक मुंगेली पुन्नूलाल मोहले, पूर्व सांसद लखनलाल साहू, जिलाध्यक्ष शैलेश पाठक, महामंत्री कोतूमल दादवानी सहित जिला पदाधिकारी, वरिष्ठ कार्यकर्ता, युवा मोर्चा, महिला मोर्चा के कार्यकर्तागण भारी संख्या में उपस्थित रहे।



**सिमगा, 21 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सिमगा के नयाब तहसील दार नीलमणि दुबे, सिमगा पटवारी षिकेश ध्रुव, भेखराम साहू, राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने अवैध रेत व गिट्टी परिवहन करने वाले गाड़ियों क्रमांक CG 09 JC 9985 ' CG 04 pk 7539 'CG 25-2946 'CG 09 JQ 8849 ' CG 09 JG 0198 ' CG 22 U 9222 ' CG 22 G 7369 ' CG 09 JE 1037 'CG 25 L3126 ' CG 09 JC 3201 पर कार्रवाई की।

### शेष रह गए राशनकार्डों के नवीनीकरण के लिए 30 जून तक आवेदन आमंत्रित

**बालोद, 21 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत जिले में प्रचलित राशनकार्डों का नवीनीकरण हेतु जिले में शेष रह गए प्रचलित राशनकार्डों का नवीनीकरण हेतु 30 जून तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि नवीनीकरण हेतु शेष रह गए राशन कार्डधारी अपने निकट के शासकीय उचित मूल्य की दुकान एवं पंचायत में संपर्क कर अपना राशनकार्ड नवीनीकरण हेतु 30 जून 2024 तक आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि जिले में संचालित सभी उचित मूल्य की दुकानों को नवीनीकरण हेतु शेष रह गए हितग्राहियों की सूची प्रदान की गई है। इसके साथ ही ऐसे राशन कार्डधारी जिन्होंने अपना आधार ई-केवाईसी नहीं कराए हैं वे जल्द से जल्द उचित मूल्य दुकान में ई-केवाईसी कराने के पश्चात् नवीनीकरण हेतु अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

---

**10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कृषि उपज मंडी प्रांगण में किया गया सामूहिक योगाभ्यास, 5 सौ से अधिक लोग हुए शामिल**

# शारीरिक, मानसिक स्वास्थ्य व तनावरहित जीवन का माध्यम है योग : जायसवाल

- महिला सशक्तिकरण के लिए योग थीम पर मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस
- विकासखण्ड मुख्यालयों सहित गांवों में भी मनाया गया योग दिवस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**बलौदाबाजार, 21 जून।** अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज जिला मुख्यालय स्थित कृषि उपज मंडी प्रांगण में सामूहिक योगाभ्यास किया गया। जिमसें लगभग 5 सौ से अधिक स्कूली बच्चे सहित गणमान्य नागरिक शामिल हुए। जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित जिला प्रभारी एवं कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि योग से तनाव दूर होता है। यह शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन और शान्ति का उत्कृष्ट माध्यम है। योग हमारी आत्मा, सोंच और विचार को भी शुद्ध करता है। शारीरिक, मानसिक स्वास्थ्य एवं तनाव रहित जीवन का माध्यम योग को बताया। इस दौरान उन्होंने स्वस्थ तन और उत्साहित मन के लिए योग को अपने जीवनचर्या में शामिल करने की अपील की। व्यक्ति को स्वयं योग करने के साथ ही अपने परिचितों को भी योग के लिए प्रेरित करना चाहिए। उन्होंने योग, आयुर्वेद, प्राकृतिक चिकित्सा सहित अन्य भारत के योगदान के बारे में अवगत कराया। इसके साथ ही आने वालो दिनों में योग को बढ़ावा देंगे इसके लिए हेल्थ वैलनेस सेंटर में योग प्रोटोकाल का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। उन्होंने एक एक योगासन के नाम, महत्व एवं उसके फायदे को गिनाया। सभी ने योगाभ्यास करने के बाद सभी ने प्रतिदिन योग करनें एवं दिनचर्या में शामिल करनें शपथ लिए। इस मौके पर पूर्व संसदीय सचिव एवं जिला अध्यक्ष सनम जागड़े, नगर पालिका परिषद् चितावर, जायसवाल, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुमन वर्मा, वरिष्ठ नागरिक टेशू लाल धुरंधर, नरेश केसरवानी, कलेक्टर दीपक सोनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल, अपर कलेक्टर दिप्ती गौते सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं स्कूली, बच्चे गणमान्य नागरिक लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। विकासखण्ड मुख्यालयों सहित गावों में भी मनाया गया योग दिवस जिला मुख्यालय सहित जिले के सभी विकासखण्ड मुख्यालयों, पर्यटन स्थलो एवं गावों में भी बड़े जोर शोर से योग दिवस मनाया गया। लोग सुबह से निर्धारित प्रोटोकॉल में सामूहिक योगाभ्यास किए। जिला मुख्यालय स्थित कार्यक्रम में योगाभ्यास प्रशिक्षक जितांशु प्रसन्न वर्मा, लोकेशचंद्र कन्नौजे, प्रेमसिंह वर्मा, रामदयाल पटेल, माखन वर्मा, पुरषोत्तम साहू, धनजय वर्मा, वैशाली साहू, सुचीन वर्मा के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम का संचालन तिवारी एवं आभार प्रदर्शन उप संचालक समाज कल्याण अरविंद गेडाम के द्वारा किया गया साथ ही मंच का संचालन तिवारी एवं पटेल के द्वारा किया गया।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी संस्थान में शानदार कार्यक्रम का आयोजन





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा, 21 जून।** ब्रह्माकुमारी तिल्दा केंद्र ने अपने नवनिर्मित सभागार में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में कई लोगों ने उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया। योगाचार्य तुकेन्द्र प्रसाद वर्मा (सेवानिवृत्त व्याख्याता) और भुवनेश्वर प्रसाद वर्मा (सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक) ने योगासन सिखाए और प्रदर्शनों के साथ योग दिवस मनाने के प्रोटोकॉल के अनुसार प्रतिज्ञा और प्रार्थना करवाई। योग स्नातक ईशा वर्मा ने भी योगासन का प्रदर्शन किया और योग के विभिन्न आसनों की जानकारी दी।

प्रणायाम और सभी आसनों की विस्तार से जानकारी तुकेन्द्र प्रसाद वर्मा ने दी, जबकि भुवनेश्वर प्रसाद वर्मा और ईशा वर्मा ने उनका प्रदर्शन किया। बीके प्रियंका ने मानसिक योग और शारीरिक योग के अंतर के बारे में बताया। मानसिक योग आपको मानसिक विकारों से मुक्त करता है जबकि शारीरिक योग आपको बाहरी रूप से स्वस्थ बनाता है। उन्होंने बताया कि राजयोग ध्यान हमें आंतरिक रूप से मजबूत बनाता है और बाहरी रूप से भी स्वस्थ रखता है, क्योंकि आजकल ज्यादातर बीमारियाँ मानसिक और शारीरिक तनाव से उत्पन्न होती हैं। अवसाद, चिंता, तनाव, क्रोध, ईर्ष्या, भय, अहंकार, आत्म-दया जैसे विकार राजयोग ध्यान से आसानी से ठीक हो जाते हैं। यह आत्मा का परमात्मा से मिलन है। यह प्राचीन योग विधि है जो भारत में प्राचीन काल से प्रचलित है और इसे स्वयं भगवान शिव ने सिखाया है।

कोई भी व्यक्ति राजयोग ध्यान और आध्यात्मिक ज्ञान को ब्रह्माकुमारी तिल्दा केंद्र से मुफ्त में सीख सकता है। क्लासें शाम 6:30 बजे से 7:30 बजे तक और सुबह 7:30 बजे से 8:30 बजे तक आयोजित की जाती हैं।

## सोशल मीडिया पर जिला एवं पुलिस प्रशासन की पैनी नजर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 21 जून।** कलेक्टर दीपक सोनी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल के निर्देश में 10 जून आगजनी की घटना एवं शांति व्यवस्था बनाएं रखने सोशल मीडिया पर जिला एवं पुलिस प्रशासन पैनी नजर रखे हुएं है। जिसके तहत प्रशासन को बड़ी सफलता मिल रही है। जिला स्तरीय सोशल मीडिया निगरानी समिति ने अब तक 55 संदिग्ध प्रकरण (फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सप एवं ट्वीटर की आईडी) पहचान कर एसडीएम के माध्यम से एसडीओपी को लगातार भेजा जा रहा है। जिसमें सायबर पुलिस एवं थाना प्रभारियों की मदद से 3 पर अपराध दर्ज कर लिया गया है। इसके साथ ही आज अन्य 4 व्यक्तियों की पहचान कर कार्रवाई की जा रही है। उक्त प्रकरणों में अनुविभाग बलौदाबाजार 49, कसडोल 5 एवं सिमगा के1 प्रकरण शामिल है। सायबर सेल द्वारा लगातार संदिग्ध आईडी की पहचान हेतु गूगल, इंस्टाग्राम, फेसबुक, व्हाट्सप कंपनियों से संपर्क किया जा रहा है। कलेक्टर दीपक सोनी ने जिले वासियों से अपील करते हुए किसी भी व्यक्ति को सोशल मीडिया में भड़काऊ कंटेन पोस्ट करने बचने कहा है। यदि किसी भी व्यक्ति का पोस्ट भड़काऊ या सामजिक सौहार्द बिगाड़ने वाला होगा तो निश्चित ही सख्त कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है की कानून एवं व्यवस्था के संदर्भ में सोशल मीडिया के प्रभाव को ध्यान में रखते हुए सोशल मीडिया में जिले के सम्बन्ध में चल रहे गतिविधियों पर निगरानी रखने एवं नकारात्मक गतिविधियों सम्बन्धी लेखों पर त्वरित कार्यवाही करने हेतु जिला स्तरीय सोशल मीडिया निगरानी समिति का गठन किया गया है। जिसके माध्यम से सोशल मीडिया में नकारात्मक लेखों, तथ्यों पर 24 घंटे निगरानी रखी जा रही है।

**टीईटी एवं पीपीटी की प्रवेश परीक्षा 23 जून को**

# 24 परीक्षा केन्द्रों में 13 हजार 930 परीक्षार्थी होंगे शामिल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 21 जून।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा टीईटी एवं पीपीटी की प्रवेश परीक्षा रविवार 23 जून 2024 को आयोजित की जायेगी। छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा एवं पीपीटी प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों का दाखिला राज्य के सरकारी एवं निजी पॉलिटेक्निक कॉलेजों में होगा। बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में कुल 24 परीक्षा केन्द्र- दाऊ कल्याणसिंह शासकीय कॉलेज बलौदाबाजार, शासकीय मिनीमाता कन्या कॉलेज बलौदाबाजार, सेजेस हिन्दी मीडियम पण्डित चक्रपाणि शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल बलौदाबाजार, पण्डित लक्ष्मी प्रसाद तिवारी कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल बलौदाबाजार, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट इंग्लिस मीडियम स्कूल एमडीव्ही बलौदाबाजार, गुरूकूल इंग्लिस मीडियम हायर सेकेण्डरी स्कूल बलौदाबाजार, शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल रिसदा, शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल सकरी, अंबुजा विद्यापीठ रवान, शासकीय जीएनए स्नातकोत्तर महाविद्यालय भाटापारा, शासकीय मल्टीपर्पस हायर सेकेण्डरी स्कूल भाटापारा, पंचम दीवान शासकीय कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल भाटापारा, नगर पालिका कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल भाटापारा, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट इंग्लिस मीडियम स्कूल भाटापारा, शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल रामसागर पारा भाटापारा, शासकीय बृजलाल वर्मा महाविद्यालय पलारी, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट इंग्लिस मीडियम विद्यालय दाउ विष्णुदत्त वर्मा हायर सेकेण्डरी स्कूल पलारी, शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल अर्जुनी, शासकीय महाविद्यालय लवन, शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल लवन, शासकीय दौलत राम शर्मा पीजी कॉलेज कसडोल, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट इंग्लिस मीडियम गुरू घासीदास हायर सेकेण्डरी स्कूल कसडोल, मिनीमाता शासकीय कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल कसडोल एवं डीएमव्ही मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल कसडोल को बनाये गये हैं।

24 परीक्षा केन्द्रों में दो पॉलियों को मिलाकर इस प्रवेश परीक्षा में जिले में कुल 13 हजार 930 परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। पीपीटी प्रवेश परीक्षा केवल एक पाली पूर्वान्ह 9 से 12.15 बजे तक तथा छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा दो पालियों में होगी प्राथमिक (कक्षा-1 से 5 तक अध्यापन हेतु ) प्रथम पाली में पूर्वान्ह 9.30 से 12.15 बजे एवं उच्च माध्यमिक (कक्षा-6 से 8 तक अध्यापन हेतु ) द्वितीय पाली अपरान्ह 2 बजे से 4.45 बजे तक संपन्न होगी। परीक्षा में शामिल हो रहे बच्चों को निर्धारित समय से आधा घण्टा पहले पहुंचना अनिवार्य है। व्यापम के निर्देशानुसार परीक्षार्थी अपने प्रवेश पत्र के साथ अपने परिचय पत्र की मूल प्रति जरूर अपने साथ रखें।

## कार्यकर्ताओं ने किया स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल का स्वागत



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कसडोल, 21 जून।** नगर पंचायत अध्यक्ष यशवर्धन मोनू वर्मा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओ ने किया स्वास्थ्य मंत्री एवं जिला बलौदाबाजार प्रभारी मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल का भव्य स्वागत किया। 20 जून को छत्तीसगढ़ शासन में स्वास्थ्य मंत्री एवं जिला बलौदाबाजार प्रभारी मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के प्रथम जिला प्रवास के दौरान नगर पंचायत ( पलारी )अध्यक्ष यशवर्धन मोनू वर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने फटाखा फोड़ कर नारा लगा कर भव्य स्वागत किया। अध्यक्ष ने प्रभारी मंत्री एवं जिलाध्यक्ष सनम जांगडे का गमछा भेंट कर एवं माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से महामंत्री पवन वर्मा, सभापति ताजेंद्र कनौजे, आईटी सेल जिला संयोजक नेतरंजन निर्मलकर, युवा मोर्चा अध्यक्ष भोला वर्मा, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष गौतम यादव, यूमो कोषाध्यक्ष रवि श्रीवास्तव, युवा मोर्चा मीडिया प्रभारी योगेश योगी वर्मा, युवा नेता प्रमोद देवांगन, नेता नेमी साहू, मोनू निर्मलकर, गुरु निर्मलकर, अश्वनी टंडन, तुका वर्मा, दीपक वर्मा, डीपी धुरंधर एवं कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

### पेट्रोल पंप संचालकों की बैठक



**सिमगा, 21 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जनपद सिमगा के सभाकक्ष में एसडीएम सिमगा की अध्यक्षता में पेट्रोल पंप संचालकों की बैठक ली गयी जिसमें उन्हें मालवाहक गाड़ियों को सवारी ढूलाई करने एवं बोतल कनिस्टर इत्यादि मे पेट्रोल ले जाने पर सखूती करने के निर्देश दिए गए ताकि सवारी गाड़ियों से हादसों मे कमी आये एवं पेट्रोल का असामाजिक तत्वों द्वारा कोई दुरूपयोग ना किया जा सके. उक्त बैठक मे सीईओ जनपद सीएमओ तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार तथा पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।


## कार्यालय, कार्यपालन अभियंता,
## लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग राजनांदगांव (छ.ग.)

**निविदा आमंत्रण सूचना (प्रथम आमंत्रण)**

निविदा विज्ञप्ति क्र. 3329/02/नि.वि./लोनिवि/2024-2025 दिनांक 18/06/2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है:-

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 08/07/2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक
2. ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 16/07/2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक
3. निविदा खोलने की तिथि :- 18/07/2024 अपरान्ह 11:30 बजे

| क्रमांक | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) | अमानती राशि |
|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 |
| 2 T0002 | मोतीपुर सुकुल दैहान डोंगरगढ़ मुख्य जिला मार्ग के किमी 2/6 में पुलिया का विशेष मरम्मत कार्य। | 4.12 | 5000.00 |

उपरोक्त निविदा की जानकारी विभागीय वेब पोर्ट www.cg.nic.in/pwdraipur से भी अवलोकन किया जा सकता है।

टीप:- ऑन लाईन से डाउनलोड किया गया निविदा फार्म को प्रेषित करने पर मान्य नहीं किया जावेगा, इस कार्यालय में उपस्थित होकर निविदा फार्म हेतु आवेदन प्रस्तुत करने पर ही निविदा फार्म प्रदाय किया जावेगा।

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग
राजनांदगांव (छ.ग.)

जी-242500425/3


**पीएम आवास योजना: जिपं सीईओ ने बंजारी में हितग्राहियों को माला पहनाकर घर की चाबी की भेंट**

# 2033 हितग्राहियों को कराया गया गृह प्रवेश



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बालोद, 21 जून।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप एवं कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे के निर्देशन एवं कुशल मार्गदर्शन में आज जिले के समस्त विकासखण्डों में आज सामूहिक रूप से अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित कर जिले के कुल 2033 लाभार्थियों को गृह प्रवेश कराया गया। इसके अंतर्गत आज जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम बंजारी में आयोजित प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को फूल माला पहनाकर एवं घर की चाबी भेंटकर विधिवत् गृह प्रवेश कराया। इस दौरान उन्होंने हितग्राहियों को आवास निर्माण का पूर्णता प्रमाण पत्र भी प्रदान किया। इस अवसर पर डॉ. कन्नौजे ने ग्राम बंजारी में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही कुंती बाई, उमाकांत एवं फानूराम के नवनिर्मित आवास में पहुँचकर पूजा-अर्चना कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों फूलमाला पहनाकर एवं उपहार भेंटकर सम्मानित भी किया। डॉ. कन्नौजे ने प्रधानमंत्री आवास योजना के नवनिर्मित आवासों में फलदार पौधों का रोपण करने तथा इनका समुचित देखभाल की व्यवस्था करने को कहा। इसके अलावा उन्होंने इन नवनिर्मित आवासों में रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम तथा सोख्ता गड्ढा का निर्माण कर जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण के उपाय सुनिश्चित करने को कहा।

इसके अलावा आज बालोद विकासखण्ड के ग्राम भोथली के टोपेश्वर, डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम कामता में शोभादास, गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम सांकरी में निर्मला ठाकुर तथा गुरूर विकासखण्ड के ग्राम कनेरी में सनत ठाकुर सहित आज जिले के कुल 2033 हितग्राहियों उनके नवनिर्मित आवासों में पूजा-अर्चना कर गृह प्रवेश कराया गया। उल्लेखनीय है कि जिले में वित्तीय वर्ष 2016-23 तक कुल 32394 आवास स्वीकृत है। जिसके विरूद्ध कुल 29,825 आवास शत-प्रतिशत पूर्ण हो गया है। मानसुन के पहले विकासखण्ड बालोद में 258, डौण्डी में 485, डौण्डीलोहारा में 521, गुण्डरदेही में 472, गुरूर में 297 सहित कुल 2033 हितग्राहियों के आवास पूर्णता पश्चात् सामूहिक रूप से गृह प्रवेश कराया गया है। जिले में निर्माणाधीन एवं लंबित प्रधानमंत्री आवासों का सीईओ जिला पंचायत द्वारा सभी जनपद पंचायतो में संबंधित विकासखण्ड समन्वयक, तकनीकी सहायक, सचिव, रोजगार सहायको की बैठक लेकर संबंधितो को हितग्राहियों के निर्माणाधीन आवासो में स्वयं निरीक्षण करने तथा हितग्राहियो से समन्वय स्थापित करते हुए निर्माणाधीन आवासो में तेजी लाते हुए वर्षा ऋतु के पूर्व शत-प्रतिशत पीएम आवासों को पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया है।


**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202406092300008-अ/6 (अ) वर्ष 2023-24

## ईश्तहार

एतद सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मिखरीराम पिता भैयाराम जाति लोधी निवासी ग्राम रूवातला तहसील डोंगरगढ़ द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डोंगरगढ़ के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि ग्राम रूवातला, प.ह.नं. 10, रा.नि.मं. मुसराकला, तहसील डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव स्थित भूमि कुल खसरा 05 रकबा 1.829 हेक्टेयर भूमि स्थित है। उक्त भूमि सम्पूर्ण बी-1, खसरा पांच शाला में दर्ज है. किन्तु उक्त भूमि का नक्शा नहीं कटा है। अतः नक्शा काटे जाने का निवेदन किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह दिनांक 24.06.2024 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 06.06.2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

तहसीलदार
डोंगरगढ़
मुहर जिला-राजनांदगाँव (छ.ग.)



## कार्यालय कार्यपालन अभियंता,
## लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बीजापुर (छ.ग.)

**"ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना"**

निविदा क्रमांक 07/व.ले.लि./लो.स्वा.यां.खण्ड/2024 बीजापुर दिनांक 10.06.2024

**(षष्ठम निविदा आमंत्रण सूचना)**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में निम्नलिखित निर्माण कार्य के लिए ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | निविदा आमंत्रण क्र. /दिनांक | सिस्टम क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | धरोहर राशि (रू. लाख में) | ठेकेदार की श्रेणी | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | 07/ 10.06.2024 | **154709** | DESIGN, DRAWING, CONSTRUCTION, TESTING & COMMISSIONING OF R.C.C. OVER HEAD TANK CAPACITY **350 K.L., STAGING 5 MTR.** AT OLD REST HOUSE BIJAPUR, BLOCK BIJAPUR INCLUSIVE OF ALL CIVIL WORKS WITH TRAIL RUN FOR 3 MONTHS. **UNDER BIJAPUR AUGUMENTATION WATER SUPPLY SCHEME 6th call** | 44.82 | 33615/- | D | 29.06.2024 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 12.06.2024 से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
बीजापुर

जी-242500415/4

## साय के सुशासन में जनता के साथ विपक्ष भी खुशः केदार

**रायपुर 21 जून।** छत्तीसगढ़ के वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की सरकार आने से जनता और किसान बहुत खुश हैं। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के गुरुवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक ट्वीट का हवाला देते हुए श्री कश्यप ने कहा कि जनता तो जनता, विपक्ष के नेता और कांग्रेस के नेता पूर्व मुख्यमंत्री बघेल ने धान की खेती करते हुए बहुत हर्ष के साथ एक पोस्ट किया है जिसमें वह बहुत खुश दिख रहे हैं। प्रदेश के वन मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि बघेल को भी अब धान की कीमत 3100 रुपए प्रति क्विंटल मिलेगी और वह भी चार किश्तों में नहीं मिलेगी बल्कि एकमुश्त मिलेगी। इसी प्रकार धान की खरीदी कांग्रेस की तरह 15 क्विंटल नहीं, बल्कि 21 क्विंटल प्रति एकड़ की जा रही है। यही तो मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का सुशासन है जिसमें जनता के साथ-साथ विपक्ष के कांग्रेस के नेता यहां तक कि पूर्व मुख्यमंत्री भी प्रसन्न हैं। ऐसा हो भी क्यों न, आखिरकार उन्हे भी पूरे 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर से धान की कीमत मिलेगी। अब कांग्रेस की सरकार तो चली गई और विष्णु के सुशासन में सब खुश हैं। श्री कश्यप ने कहा कि बघेल भाजपा की प्रदेश सरकार के खिलाफ चाहे जितना अनर्गल प्रलाप करके प्रदेश में अपने राजनीतिक झूठ का रायता फैलाएँ, लेकिन प्रदेश की भाजपा सरकार के किसान हित के फैसलों का लाभ बघेल को भी उतना ही मिला है और आगे भी मिलेगा।

# ईवीएम में गड़बड़ी की जांच करेंगे ईसीआई के इंजीनियर

**मुख्य नगर संवाददाता**

**रायपुर, 21 जून।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर लोकसभा कांकेर के चार मतदान केंद्रों में ईवीएम में पाई गई गड़बड़ियों जांच इलेक्ट्रॉनिक कारपोरेशन ऑफ इंडिया के इंजीनियर करेंगे। लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी बिरेश ठाकुर ने निर्वाचन आयोग से ईवीएम में हुई गड़बड़ियों की शिकायत की थी।

छत्तीसगढ़ मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अनुसार भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश मिलने के बाद अब हैदराबाद स्थित इलेक्ट्रॉनिक कारपोरेशन ऑफ इंडिया को इसकी सूचना दे दी गई है। यह कंपनी ईवीएम का निर्माण करती है। कांग्रेस के अनेक पराजित प्रत्याशियों ने ईवीएम में गड़बड़ी की शिकायत की है जिसकी जांच की जा रही है। कांग्रेस के पराजित प्रत्याशी बिरेश ठाकुर ने संजारी बालोद में दो, सिहावा में एक एवं गरियाबंद में एक मतदान केंद्र में ईवीएम में हुई गड़बड़ी की शिकायत की है। जबकि स्थानीय जनप्रतिनिधियों का कहना है कि जिस मतदान केंद्र में गड़बड़ी होने की शिकायत की गई है उसमें मात्र तीन सौ वोट पड़े हैं। यहां पर बतौर प्रयोग इस्तेमाल किए जाने वाले मतदान पत्रों का उपयोग किया गया है। इसे हार-जीत के अंतर में नहीं जोड़ा जाता है। सिहावा की विधायक अंबिका मरकाम का कहना है कि यह शिकायत कांग्रेस प्रत्याशी बिरेश ठाकुर ने की है। इसलिए वे इस संबंध में कुछ नहीं कहना चाहतीं। आयोग के निर्देशानुसार वीवीपैट से पर्ची का मिलान भी किया जाएगा जिससे स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। बिरेश ठाकुर ने इसके लिए आयोग के पास पैसे भी जमा कर दिए हैं। ज्ञात रहे कांकेर लोकसभा में कांग्रेस के बिरेश ठाकुर और भाजपा के भोजराज नाग के बीच कड़ा मुकाबला हुआ था जिसमें बिरेश ठाकुर चुनाव हार गए थे।

### बृजमोहन के इस्तीफे की सूचना आयोग को

छत्तीसगढ़ निर्वाचन आयोग के अधिकारियों के अनुसार विधानसभा से मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के पास विधायक रहे बृजमोहन अग्रवाल का इस्तीफा की सूचना मिल गई है। इसकी जानकारी भारत निर्वाचन आयोग को दे दी गई है। बृजमोहन अग्रवाल अब सांसद बन गए हैं। समझा जाता है कि महाराष्ट्र में आगामी 6 महीने के भीतर चुनाव होने वाले हैं। इसी के साथ ही रायपुर के दक्षिण विधानसभा में उपचुनाव होगा। बृजमोहन के इस्तीफा देने के बाद यहां पर भाजपा के कई महत्वाकांक्षी नेता चुनाव लड़ने के लिए सक्रिय हो गए हैं। इसके लिए वे अपने राजनीतिक आकाओं से संपर्क कर रहे हैं।



रायपुर 21 जून। नीट परीक्षा में गड़बड़ी व केन्द्र सरकार की निष्क्रियता के विरोध में आज कांग्रेस ने राजीव गांधी चौक पर धरना दिया।

## चेम्बर भवन में व्यापारियों ने किया योग

**रायपुर 21 जून।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव,राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि आज दिनांक 20 जून 2024 को चेम्बर कार्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के एक दिन पूर्व ''योग एवं ध्यान'' कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे योग, पोषण एवं फिटनेस विशेषज्ञ आभा सूद ने योग से जुड़ी साधनाओं, आसनों तथा योग की बारीकियों को विस्तार से बताया। महिला चेम्बर अध्यक्ष श्रीमती मधु अरोरा जी ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एक दिन पहले ''योग एवं ध्यान'' कार्यक्रम का आयोजन आज सुबह 7 से 9 बजे तक चेंबर भवन में महिला चेंबर अध्यक्ष मधु अरोरा एवं चेंबर सांस्कृतिक प्रभारी आलोक शर्मा के सानिध्य में संपन्न हुआ।

# कुछ देर की बारिश में सड़कें हो गईं लबालब

**रायपुर 21 जून।** छत्तीसगढ़ में मानसून का प्रवेश हो चुका है रायपुर शहर में भी बारिश होने लगी है । हालत यह है कि पहली ही अभी कुछ देर की ही बारिश में शहर के मुख्य मार्गों डंगनिया मोड़ , पुरानी बस्ती , बूढ़ापारा इंडोर स्टेडियम , जयस्तंभ चौक , मोतीबाग , शास्त्री मार्केट आदि इलाकों के साथ ही गली मोहल्लों में भी नाली नालो से पानी सड़को पर भरने लगा है ।



निगम के महापौर की व्यवस्था इतनी खराब है कि भीषण गर्मी में ना तो वह शहर की जनता को पानी पिलाने में सफल रहे और अभी तो हालत यह है कि इस बारिश में भी जनता को एक ओर तो पीने का पानी नही मिल रहा है और दूसरी तरफ गली मोहल्लों , सड़को में जलभराव की स्थिति निर्मित हो गई है । अभी तो बरसात शुरू बी हुई है और शहर की सड़कें बारिश से बदहाल हो चुकी हैं । यह महापौर की गैरजिम्मेदाराना व्यवस्था ही है कि उन्हें जनता की समस्याओं से कोई मतलब ही नही है पूरी गर्मी शहर की जनता पीने के पानी के लिए परेशान रही है और अब बारिश में सड़कों में जलभराव की स्थिति बनी हुई है पीने के पानी की समस्या हल हुई ही नही है और अब नाली नालों की सफाई नहीं होने से सड़कों में जलभराव होने से जनता त्रस्त है ।

# मानसून की बौछार, कृषि कार्य में आने लगी तेजी

**मुख्य नगर संवाददाता**

**रायपुर, 21 जून।** छत्तीसगढ़ के मध्य एवं दक्षिण क्षेत्र में प्री-मानसून वर्षा होने के पश्चात अधिकारियों ने किसानों को सलाह दी है कि वे थरहा डालने और बोनी के कार्य में तेजी लाएं। शासन द्वारा प्रमाणिक बीज और खाद बांटने का काम सोसायटियों के माध्यम से तेजी से किया जा रहा है। कृषि संचालक के अनुसार छत्तीसगढ़ में इस समय कई जिलों में मानसून की बौछारें शुरू हो गई है। महासमुंद के सरायपाली-बसना, रायपुर, दुर्ग तथा अन्य स्थानों में वर्षा होने के बाद किसान प्रमाणिक बीज का उठाव कर रहे हैं। राज्य में 6 लाख क्विंटल प्रमाणिक बीज व खाद बांटने का लक्ष्य है। इसके विरुद्ध अभी तक तीन लाख क्विंटल बीज का उठाव हो चुका है। अधिकारियों के अनुसार सिंचित क्षेत्र में थरहा डाल दिया गया है। जिन क्षेत्रों में अच्छी वर्षा हुई है वहां बीज डालने का काम शुरू हो गया है। राज्य में 13 लाख मीट्रिक टन खाद बांटने का लक्ष्य रखा गया है। अभी तक 6 लाख टन खाद का उठाव हो चुका है। इस समय यूरिया की जबरदस्त डिमांड बनी हुई है। राज्य में प्रमाणिक बीजों की काफी मांग है। केंद्र शासन द्वारा धान का एमआरपी बढ़ा दिया गया है इसलिए किसान वैज्ञानिक पद्धति से खेती करना चाहते हैं।

इधर किसान नेताओं का कहना है कि तिल्दा-धरसींवा ब्लाक में पर्याप्त मात्रा में बीज उपलब्ध नहीं है। किसान बाजार से बीज लेने के लिए मजबूर हैं। खाद के लिए भी भटकना पड़ रहा है। यूरिया एवं पोटाश ज्यादा कीमत पर मिल रहा है। केंद्र सरकार ने इसके लिए सब्सिडी प्रदान की है। राज्य में करीब 30 लाख हेक्टयेर कृषि भूमि है। इसमें से अधिकांश में धान की खेती की जाती है। छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर के मैनपाट व जशपुर जिले में आलू एवं चाय भी लगाया जाता है। इधर भरतपुर-सोनहत में भी उद्यानिकी विभाग द्वारा मौसमी फल लगाए जा रहे हैं। बस्तर के कांकेर एवं जगदलपुर जिले में भी इस समय मौसमी फल की खेती की जा रही है। शासन दलहन-तिलहन के उत्पादन को भी बढ़ावा देना चाहता है।

## कांग्रेस की सरकार जेल से चली थीः ओपी चौधरी

**रायपुर 21 जून।** छत्तीसगढ़ में नई सरकार के गठन के बाद से ही बीजेपी और कांग्रेस के बीच सियासी बयानबाजियों का सिलसिला जारी है. इस बीच पूर्व सीएम भूपेश बघेल के मीडिया से चर्चा के दौरान 'सरकार कौन चला रहा है' वाले बयान पर मंत्री ओपी चौधरी ने पलटवार किया है. मंत्री ओपी चौधरी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पूर्व सीएम भूपेश बघेल के बयान का वीडियो जारी करते हुए लिखा भूपेश बघेल जी जनता के विश्वास और समर्थन से आपके 5 साल के मफियाराज के बाद छत्तीसगढ़ में सुशासन आया है, तो आपको तकलीफ हो रही है. आपको पता तो होगा ही कि आपकी सरकार चलाने वाले या तो जेल में हैं या बेल पर हैं. सुनने में तो ये भी आया है कि काफी दिनों तक आपकी सरकार जेल से भी चली।







कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26